

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित जन जन की आवाज़



लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 241 बुधवार, 14 अक्टूबर 2026 आश्विन माह, शुक्ल, चतुर्थी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया

चौथा नवरात्र



एक नजर



केंद्रीय मंत्री मुरुगन ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल। मुरुगन ने अपने केंद्रीय मंत्री पद के साथ-साथ राज्यसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। मुरुगन ने एक्स में पोस्ट इस्तीफा का कारण बताया है। एल। मुरुगन ने एक्स पोस्ट में बताया कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत माता और तमिलनाडु की सेवा करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। दिहाड़ी मजदूरों के बेटे के तौर पर शुरुआत करके माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिपरिषद में सेवा करने का अवसर मिलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा है। अब, मैं ज़मीनी स्तर पर वापस लौटना चाहता हूं, अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा होना चाहता हूं और 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु में BJP को मज़बूत करने के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित करना चाहता हूं। राष्ट्र सर्वोपरि। पार्टी उसके बाद। स्वयं सबसे अंत में।

उत्तराखंड में गुटखा और पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध



देहरादून : उत्तराखंड में राज्य सरकार ने एक साल के लिए गुटखा, पान मसाला और तंबाकू पर बैन लगाने का फैसला किया है। सरकार ने आदेश में कहा है कि अगले आदेश तक राज्य में ऐसे सभी हानिकारक पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री पर पूरी तरह से रोक रहेगी। उत्तराखंड सरकार ने आज जारी आदेश में कहा है कि जन स्वास्थ्य के हित में गुटखा और पान मसाला पर बैन लगाना जरूरी है। सरकार ने कहा कि खाद्य सुरक्षा तथा मानक (विक्रय प्रतिषेध और निर्बन्धन) विनियम 2011 के तहत तंबाकू तथा निकोटिन युक्त गुटखा, पान मसाला या अन्य खाद्य पदार्थ जो किसी भी नाम से बाजार में उपलब्ध हों उस पर आज से एक साल की अवधि के लिए निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

यमन में हूतियों के ठिकानों पर कई हवाई हमले, सऊदी अरब पर लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। यमन में हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को अपने नियंत्रण वाले इलाकों में कई हवाई हमले होने का दावा किया। हूतियों के नियंत्रण वाले अल-मसीरा टीवी के मुताबिक, लाल सागर में स्थित कामरान द्वीप पर दो और होदेदा बंदरगाह शहर से करीब 55 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में कनाविस जिले में एक हवाई हमला हुआ। जौफ प्रांत में भी हवाई हमलों की खबर दी गई।

हूतियों ने इन हमलों के लिए सऊदी अरब को जिम्मेदार ठहराया, हालांकि रियाद की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हूतियों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने सऊदी अरब की सीमा से लगे उत्तरी यमन के सादा प्रांत में एक सऊदी ड्रोन को मार गिराया है। ये घटनाएं ऐसे समय हुई हैं, जब सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सोमवार शाम हवाई हमले के सायरन बजे और धमाकों की आवाजें सुनी गईं। हूतियों ने किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागने का भी दावा किया।

नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने 20 लोगों को मार डाला

नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी ज़मफारा राज्य में सैन्य सुरक्षा में बाजार जा रहे व्यापारियों के काफिले पर बंदूकधारियों ने घात लगाकर हमला किया और 20 लोगों की हत्या कर दी। मरने वालों में चार सैनिक, तीन पुलिसकर्मी और नाइजीरियाई सिविल डिफेंस कॉर्प्स के एक अधिकारी और 12 आम नागरिक शामिल हैं। हमला शनिवार को तब हुआ जब काफिला ग्वाशी से बुक्कयुम जा रहा था।

यूक्रेन में रिहायशी इमारत पर रूस का हमला, एक की मौत, 11 घायल

यूक्रेन की राजधानी कीव के उपनगर में सोमवार शाम 25 मंजिला रिहायशी इमारत पर रूसी हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 घायल हो गए। शहर के सैन्य प्रशासन और मेयर विताली क्लित्स्को ने बताया कि घायलों में से तीन का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में इमारत के कुछ हिस्सों में आग लगी दिखाई दी। यूक्रेन पर जारी हमलों से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है।

काला सागर में दो जहाजों पर ड्रोन हमला

बुल्गारिया ने कहा है कि काला सागर में दो जहाजों पर ड्रोन से हमला किया गया, जिसमें एक जहाज डूब गया। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया है। हालांकि, हमले के लिए कौन जिम्मेदार है और दोनों जहाजों को निशाना बनाने के पीछे क्या वजह थी, इसकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।

जंतर-मंतर पर रोक से नहीं रुकेगा आंदोलन, पूरे देश को प्रदर्शन स्थल बना देंगे: अभिजीत दीपके

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन चला रहे सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने जंतर-मंतर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाती है तो विरोध की आवाज पूरे देश में फैल जाएगी। उनका कहना है कि आंदोलन किसी एक जगह का मोहताज नहीं है और लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में मीडिया से बातचीत करते हुए दीपके ने कहा कि वह बुधवार को दिल्ली पहुंचकर प्रदर्शन में शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर रास्ते में पुलिस उन्हें रोकती है तो जिस स्थान पर उन्हें हिरासत में लिया जाएगा वहीं से आंदोलन शुरू कर देंगे। उनके मुताबिक विरोध प्रदर्शन का मकसद केवल एक मांग को लेकर है और वह ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक जारी रहेगा। दीपके ने कहा कि जंतर-मंतर सिर्फ एक जगह नहीं बल्कि देश के आंदोलनों की पहचान है। उनका दावा है कि यदि प्रशासन को लगता है कि जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने के बाद विरोध खत्म हो जाएगा तो ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हर आंदोलनकारी के भीतर एक जंतर-मंतर मौजूद है और जरूरत पड़ी तो पूरा देश ही जंतर-मंतर बन जाएगा।

गौरतलब है कि 11 अक्टूबर को जारी आदेश में दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर रोड को आधिकारिक प्रदर्शन स्थल की सूची से हटा दिया था। इसके साथ ही बड़े प्रदर्शनों के लिए रामलीला मैदान, बुराड़ी ग्राउंड और सीबीडी ग्राउंड को नए निर्धारित स्थलों के रूप में चिन्हित किया गया। इस फैसले के बाद विभिन्न संगठनों और प्रदर्शनकारियों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

सीजेपी ने दावा किया कि उसके कुछ कार्यकर्ता मंगलवार सुबह भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जंतर-मंतर पहुंच गए थे। संगठन के अनुसार सौरव दास और आशीष रांका समेत कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पार्टी का आरोप है कि कार्यकर्ता तिरंगा लेकर शांतिपूर्ण ढंग से वहां पहुंचे थे।

क्योंकि अब यूपी माफिया मुक्त हो चुका है : योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री शिक्षक सम्मेलन एवं जनसंवाद में सपा पर जमकर बरसे

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को बरेली में आयोजित शिक्षक सम्मेलन एवं जनसंवाद को सम्बोधित करते हुये बोल रहे थे कि शिक्षा से समाजवादी पार्टी का दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है, समाजवादी पार्टी का संबंध तो किसी माफिया से होगा किसी गुंडे से होगा किसी सौदे से होगा किसी सड़क के चोर-उच्चके से करने वाले से होगा, इसीलिए उनके अंदर संवेदना नहीं है यह किसी गरीब को मुख्यमंत्री आवास में नहीं बुलाते किसी किसान को यह मुख्यमंत्री आवास में किसको बुलाते थे, किसी गैंगस्टर को वसूली करने वाले को और इसीलिए जब सरकार आज कार्य करती है, अभियान चलाती है माफिया मुक्ति का तो सबसे ज्यादा पीड़ा होती है।

समाजवादी पार्टी को आपने देखा होगा किसान, युवा, महिला, व्यापारी, शिक्षक, छात्र इनमें से किसी के प्रति नहीं उनकी संवेदना किसके लिए होती है जब कोई माफिया अपनी मौत मरता है, तो माफिया के कब्र में जाकर के पतिया पढ़ते है। किसी किसान के लिए नहीं उनकी संवेदना अपराधियों के प्रति है और उनकी पीड़ा आज इसलिए भी और ज्यादा हो चुकी है, क्योंकि अब अप माफिया मुक्त हो चुका है कर्फ्यू मुक्त हो चुका है पंगा मुक्त हो चुका है जो कर्फ्यू जो दंगा अब यूपी में है सब चंगा माहौल में तो शिक्षा भी अच्छी होती है निवेश भी अच्छा होता है रोजगार भी अच्छा मिलता है और विकास भी इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास भी तेजी के साथ आगे बढ़ता है बहन और भाइयों उसे अभियान के लिए प्रतिनिधि चुनने की आपकी जिम्मेदारी और महत्वपूर्ण हो जाती है बात महत्वपूर्ण हो जाती है और डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों पहले के नाम है हरि सिंह ढिल्लों जब चाहे मिल लो और फिर एक बार आप बोलो न फिर एक बार तैयार है न देखो ठीक कह रहे हो विधान परिषद की चर्चा कर रहे थे सरदार और कलम और सरदार ही एक ऐसा मंत्र है जिसके आगे और लिख दो तो वह असरदार हो जाता है यानी सरदार भी है और असरदार भी है और इसीलिए उनको चुना सब सर्वाधिक उपयुक्त है भारतीय जनता पार्टी ने शिक्षक स्नातक विधान परिषद क्षेत्र में अपने प्रत्याशी उतारे हैं वहां पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की जीत एक नया संदेश देगी।

इंडिया ब्लॉक की बैठक : हम सब का मिशन है ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा: राहुल गांधी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। राहुल गांधी ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए जारी आंदोलन को आगे बढ़ाने की बात कही है। उन्होंने इंडिया गठबंधन के नेताओं, विपक्षी सांसदों, छात्र संगठनों और नागरिक संगठनों के प्रतिनिधियों को चाय पर चर्चा के लिए अपने आवास पर बुलाया। इस बैठक में तमाम नेताओं का आना शुरू हो चुका है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी के आवास पर इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद कहा कि विपक्ष का प्रदर्शन सफल रहा है और दिल्ली में पहली बार बड़ी संख्या में लोग जुटे। इसके बाद आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर निशाना साधा। वहीं, राहुल गांधी ने कहा, ''हम यहां एकजुट होकर खड़े हैं। यह अलग-अलग नहीं, एक ही आंदोलन है। यह लोकतंत्र को फिर से बहाल करने वाला आंदोलन है। ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा ही हमारा लक्ष्य है। इस देश में लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया को बर्बाद कर दिया गया है।' लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''जिन लोगों ने ऐसा किया है, जिनमें इसके मुख्य सूत्रधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इसे लागू करने वाले अमित शाह, ज्ञानेश कुमार और अन्य लोग शामिल हैं, उन्हें समझना चाहिए कि अब उनके चारों ओर घेरा कसता जा रहा है। ऐसा नहीं हो सकता कि आप भारतीय संविधान को नष्ट कर दें और बचकर निकल जाएं।

कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, ''लोकतंत्र में अपनी बात रखने का एकमात्र माध्यम जंतर-मंतर था और अब सरकार ने फैसला किया है कि लोकतांत्रिक भावनाओं को व्यक्त करने के लिए जंतर-मंतर का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। हम इस सोच को चुनौती देने जा रहे हैं। सरकार के लिए यह तय करना इतना आसान नहीं होगा कि भारतीय लोग अपनी आवाज के लिए संघर्ष नहीं करेंगे।

रियाद हमला: भारतीय नागरिक की मौत के बाद सऊदी के लिए उड़ानें रद्द

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। इंडिगो, अकासा एअर और एअर इंडिया ने सऊदी अरब के रियाद, जेद्दा, दम्माम और मदीना के लिए अपनी उड़ानें 17 अक्तूबर 2026 तक रद कर दी हैं। यह फैसला पश्चिम एशिया में बढ़ती सुरक्षा चिंताओं और हवाई क्षेत्र के जोखिमों के कारण लिया गया है। यात्रियों को पूर्ण वापसी या मुफ्त पुनर्निर्धारण का विकल्प दिया गया है।

पश्चिम में बढ़ते तनाव और हवाई क्षेत्र के लिए जोखिमों के कारण भारतीय एयरलाइंस ने सऊदी अरब के लिए अपनी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया ने रियाद, जेद्दा, दम्माम और मदीना जैसे शहरों के लिए अपनी सेवाएं 17 अक्तूबर 2026 तक रद्द कर दी हैं। इन एयरलाइंस ने यात्रियों की सुरक्षा और भलाई को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। यह निर्णय क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के आकलन के बाद लिया गया है। इंडिगो ने एक्स पर एक यात्रा परामर्श जारी कर इन शहरों के लिए उड़ानें रद करने की घोषणा की। एयरलाइन ने ग्राहकों को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर उड़ान की स्थिति जांचने की सलाह दी है। अकासा एयर ने भी मध्य पूर्व में बढ़ती सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए रियाद और जेद्दा के लिए उड़ानें रद कीं। एयर इंडिया ने भी रियाद, दम्माम और जेद्दा के लिए अपनी उड़ानें रद करने की घोषणा की है। भारतीय दूतावास ने भी एक्स पर इन एयरलाइंस की घोषणाओं की पुष्टि की है।

यूपी के ग्राम प्रहरियों का मानदेय बढ़ाकर 3500 रुपये पहुंचाया

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रहरियों का मानदेय 2500 रुपये से बढ़ाकर 3500 रुपये करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के ऐलान का कार्यक्रम में मौजूद करीब पांच हजार ग्राम प्रहरियों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। इसके साथ ही ग्राम प्रहरियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये तक के इलाज का लाभ देने की सुविधा भी जल्द मिलने की बात कही गई।

कार्यक्रम में जोन के 11 ग्राम प्रहरियों को साफा पहनाकर सम्मानित किया गया और उपहार भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रहरियों की भूमिका और जिम्मेदारियों को महत्वपूर्ण बताया। ग्राम प्रहरी गांवों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने और पुलिस व जनता के बीच समन्वय स्थापित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

मुख्यमंत्री ने उनके योगदान को सम्मान देते हुए मानदेय बढ़ाने की घोषणा की। प्रदेश में करीब 68 हजार ग्राम प्रहरी ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की मदद करते हैं। मानदेय में बढ़ोतरी से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। स्वास्थ्य सुविधाओं और आयुष्मान कार्ड का लाभ मिलने से उनके और उनके परिवारों के इलाज में भी मदद मिल सकेगी।

सीएम योगी ने कहा कि यूपी बदल चुका है। 2017 से पहले राज्य में खुलेआम लूट होती थीं। सत्ता के बैठे लोग ही लूट कराते थे। अब सब कुछ बदल चुका है। अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों के मन में कानून का खौफ होना चाहिए। अब किसी बेटी से छेड़छाड़ की तो यमराज का मिलना तय है। यह बात भी तय है कि अगर कोई चोरी-लूट करेगा तो अगले चौराहे पर ललंगड़ाकर चलता दिखेगा।

फैसला धनतेरस-दिवाली पर बाजारों में डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल बढ़ने की संभावना के चलते लिया निर्णय

दिवाली तक टला यूपीआई पेमेंट पर एमडीआर का नया नियम

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। फेस्टिव सीजन में डिजिटल पेमेंट करने वाले ग्राहकों और कारोबारियों के लिए राहत की खबर है। यूपीआई और सर्विसेज स्टीयरिंग कमेटी ने चुनिंदा पर्सन-टू-मर्चेंट (P2M) ट्रांजेक्शन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (MDR) लागू करने के फैसले को फिलहाल टाल दिया है। पहले इन नियमों को 15 अक्टूबर 2026 से लागू करने की योजना थी, लेकिन त्योहारों के दौरान बाजार में बढ़ने वाली खरीदारी और डिजिटल भुगतान को ध्यान में रखते हुए इन्हें दिवाली तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

कमेटी के फैसले के मुताबिक, नया MDR फ्रेमवर्क दिवाली के तुरंत बाद लागू किया जाएगा। हालांकि, इसकी सटीक तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। इस फैसले से त्योहारों के दौरान कारोबारियों को डिजिटल भुगतान स्वीकार करने में प्रस्तावित नए शुल्क को लेकर फिलहाल अतिरिक्त चिंता नहीं करनी पड़ेगी।

पेमेंट रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत 15 अक्टूबर 2026 से 2,000 रुपये से अधिक राशि वाले चुनिंदा मर्चेंट UPI ट्रांजेक्शन पर 0.4 प्रतिशत MDR लगाने की योजना बनाई गई थी। धनतेरस और दिवाली के दौरान बाजारों में डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल बढ़ने की संभावना को देखते हुए आशंका जताई गई कि त्योहारों के बीच नया शुल्क लागू होने से व्यापारियों के बीच भ्रम पैदा हो सकता है।

इसी को ध्यान में रखते हुए UPI और सर्विसेज स्टीयरिंग कमेटी ने MDR फ्रेमवर्क को फिलहाल टालने का निर्णय लिया। अब इसे दिवाली के तुरंत बाद लागू करने की तैयारी है। नई व्यवस्था किस तारीख से प्रभावी होगी, इस संबंध में अलग से जानकारी दी जाएगी। मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी MDR वह शुल्क है, जो डिजिटल भुगतान स्वीकार करने के बदले कारोबारी से लिया जा सकता है। यह पेमेंट प्रोसेसिंग से जुड़ी सेवाओं के लिए निर्धारित किया जाता है। इसका लागू होना संबंधित नियमों और पात्र ट्रांजेक्शन पर निर्भर करता है। MDR का संबंध दुकानदार या कारोबारी को किए जाने वाले भुगतान से है। इसे सीधे ग्राहकों से वसूले जाने वाले शुल्क के रूप में नहीं समझना चाहिए। इसका वास्तविक असर इस बात पर निर्भर करेगा कि नई व्यवस्था में किन कारोबारियों और लेनदेन को शामिल किया जाता है। MDR फ्रेमवर्क टलने से दिवाली की खरीदारी के दौरान चुनिंदा मर्चेंट UPI ट्रांजेक्शन पर प्रस्तावित नए शुल्क को फिलहाल लागू नहीं किया जाएगा। इससे त्योहारों के दौरान डिजिटल भुगतान स्वीकार करने वाले संबंधित कारोबारियों को राहत मिलेगी।

ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट जाएगी मोहन सरकार, 27 प्रतिशत पर तकरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली/भोपाल। मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर कानूनी और राजनीतिक संघर्ष तेज हो गया है। जबलपुर हाईकोर्ट के हालिया फैसले में 2019 के उस कानून को असंवैधानिक करार दिए जाने के बाद, जिसके जरिए OBC आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया था, मोहन यादव सरकार अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नई दिल्ली में शीर्ष विधि विशेषज्ञों के साथ बैठक कर फैसले के कानूनी पहलुओं और आगे की रणनीति पर विस्तृत मंथन किया।

मध्य प्रदेश की तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने वर्ष 2019 में OBC आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया था। इस फैसले को चुनौती देते हुए मामला जबलपुर हाईकोर्ट पहुंचा था। 9 अक्टूबर 2026 को दिए गए अपने फैसले में हाईकोर्ट ने सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा में OBC आरक्षण को 27 प्रतिशत करने वाले कानून को असंवैधानिक करार देते हुए आरक्षण को फिर 14 प्रतिशत तक सीमित कर दिया। अदालत ने अपने निर्णय में इंदिरा साहनी मामले और आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा का भी उल्लेख किया। हाईकोर्ट के फैसले के बाद भाजपा सरकार लगातार कहती रही है कि कानूनी सलाह लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नई दिल्ली में भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और प्रदेश के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह के साथ बैठक की। बैठक में हाईकोर्ट के फैसले से जुड़े कानूनी पहलुओं की समीक्षा की गई और संभावित कानूनी विकल्पों पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने और हाईकोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक की मांग करने पर विचार कर रही है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



राम वन गमन लीला का भावपूर्ण मंचन

बाल मुकुंद जी महाराज वृंदावन की प्रसिद्ध रामलीला के कलाकारों ने प्रस्तुत की लीला

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। नवाबगंज के विशाल दशहरा मेले में आयोजित रामलीला मेला में मंगलवार को भगवान श्रीराम के वन गमन की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। श्री बाल मुकुंद जी महाराज वृंदावन की प्रसिद्ध रामलीला के कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।



राम वन गमन प्रसंग के मंचन में भगवान श्रीराम द्वारा पिता के वचन की मर्यादा रखने के लिए राजमहल का सुख त्यागकर वन जाने की कथा प्रस्तुत की गई। माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ श्रीराम के वन प्रस्थान के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से त्याग, मर्यादा, कर्तव्य और पारिवारिक प्रेम का संदेश दिया। रामलीला मंचन के दौरान दर्शक भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते नजर आए। मेले में रामलीला के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने तथा सत्य, धर्म और मर्यादा का पालन करने की प्रेरणा दी गई। नवाबगंज दशहरा मेले में आयोजित रामलीला क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए हुए है। इस दौरान मेला कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट शिशुपाल सिंह गंगवार, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष तरुण मेहरोत्रा, उप मंत्री राजेंद्र प्रसाद कटियार व संजोग गुप्ता, मेला इंचार्ज शैलेंद्र शर्मा एडवोकेट, मदन मोहन दीक्षित, मेला निरीक्षित चंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रदीप सूरी, ऑडिटर दिलीप गुप्ता, अखिलेश शर्मा अक्कू, कानूनी सलाहकार सुरेन्द्र कुमार, सक्सेना शैलेश चंद्र शर्मा, मेला डायरेक्टर सुरेंद्र गौड़ , रामधुन गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश रस्तोगी और मेल व्यवस्थापक राम अवतार वाला, अमर सिंह राठौर आदि उपस्थित रहे।

रामलीलाः श्रीराम वनवास तथा श्रीराम- केवट संवाद का मंचन

बहेड़ी। मेला श्री रामलीला में नाट्य कलाकारों द्वारा श्रीराम वनवास के बाद श्रीराम- केवट संवाद लीला का मंचन किया गया। उम्र के चौथे पड़ाव पर पहुँचे राजा दशरथ अब अयोध्या का राज पाट बड़े पुत्र श्री राम को सौंपने की घोषणा करते हैं। इसके बाद श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी होने लगती है। पूरी अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया जाता है। मंत्री व दरबारियों से लेकर अयोध्यावासी तक मगन होकर उस पावन घड़ी का इंतजार कर रहे हैं जैसे ही यह खबर रानी कैकेयी की दासी मंथरा को लगती है वह दौडी दौडी.जाती है और कैकेयी के कान भरना शुरू कर देती है। रानी पहले तो मंथरा को भला बुरा कहती हैं पर अंततः उसकी बात मानकर कोपभवन में चली जाती है। राजा दशरथ की मान मनुहार के बावजूद रानी का मन नहीं पिघलता और वह उनसे राजा द्वारा दिए गए दोनों वरदान जिसमें एक श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास तथा दूसरे में भरत को अयोध्या का सिंहासन सौंपने का वचन मांग लेती है। श्रीराम के लिए लिए वनवास की बात पर राजा मूर्छित हो जाते हैं। सूचना पाकर रानी के भवन में पहुंचे श्रीराम उनका आदेश मानकर पत्नी सीता व अनुज लखनलाल के साथ बल्कल वस्त्रों में वनवास के लिए निकल पढ़ते हैं। रास्ते में गंगा नदी पार करने के दौरान केवट उनसे पैर धोने के बाद ही नौका पर चढ़ाने का हठ ठान कर कहता है कि आपकी चरण रज से पत्थर की शिला अहिल्या बन गयी, अगर मेरी नाव के साथ भी ऐसा कुछ हुआ तो मेरी गुजर बसर कैसे होगी। नदी पार कराकर उतराई देते समय केवट कहता है कि एक मल्लाह दूसरे से उतराई नहीं लेता, यहाँ मैने आपको पार किया तो आप मुझे भवसागर पार करा देना। भगवान राम के वनवास से लेकर केवट से संवाद तक की लीला का कलाकारों ने इतना मार्मिक चित्रण किया कि दर्शकों की आंखें नम हो गयीं। मानो लीला नहीं उन्हें यथार्थ का दर्शन हो रहा हो।

क्षेत्र में उत्साह का माहौल, घर-घर हो रही मां भवानी की पूजा-अर्चना

जागरण मोर्चा कार्यालय

शेरगढ़। क्षेत्र में नवरात्रि को लेकर भारी उत्साह का माहौल है। नवरात्रि के तीसरे दिन मंगलवार को क्षेत्र के मंदिरों और शिवालयों में पूजा-अर्चना को भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान मां भवानी की पूजा-अर्चना कर सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई।



नगरिया कलां गांव में मां भवानी का जागराता हुआ। श्रद्धालुओं ने मां भवानी की पूजा अर्चना की और आरती उतारी। कस्बे के मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। तो वहीं ग्रामीण अंचलों में भी नवरात्रि की रंगत दिखाई दे रही है। हर ओर नवरात्रि पर्व को लेकर भारी उत्साह का माहौल है। क्षेत्र के नगरिया कलां स्थित शिव मंदिर पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मां भवानी की विशेष पूजा अर्चना की। इस अवसर पर चौधरी जसवंत सिंह, धर्मवती, सत्यपाल शर्मा, दिनेश शर्मा, राजीव वाजपेई, राघवेंद्र पाठक, सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य महेश चंद्र पाठक, आमका प्रसाद शर्मा, योगेश कुमार, राधा शर्मा, सुंदरी शर्मा, फूला देवी आदि समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

मेले से दो युवकों को वर्दीधारी जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गया! पत्नियां करती रहीं इंतजार

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। नवाबगंज के दशहरा मेले में रामलीला देखने आए दो युवकों को कथित तौर पर वर्दी पहने एक व्यक्ति और उसके साथियों द्वारा जबरन गाड़ी में बैठाकर ले जाने का मामला सामने आया है। काफी देर तक दोनों युवक वापस नहीं लौटे तो मेले में मौजूद उनकी पत्नियों ने परिजनों को फोन कर जानकारी दी। घटना की खबर मिलते ही परिवारों में खलबली मच गई। तीन लोगों को जबरन ले जाने के आरोप से परिजन दहशत में हैं। मामले में एक युवक के पिता ने नवाबगंज कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के मुताबिक, थाना हाफिजगंज क्षेत्र के बीजामऊ गांव निवासी राम कुमार राठौर का बेटा अरुण कुमार और कामजीत का बेटा रितिक अपनी पत्नियों के साथ 12 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे नवाबगंज दशहरा मेला देखने आए थे। बताया गया कि इसी दौरान अरुन के रिश्तेदार कृष का फोन आया, जिसके बाद अरुण और रितिक अपनी पत्नियों को मेले में छोड़कर उससे मिलने पहुंच गए। आरोप है कि बीजामऊ रोड पर आर पी राइस मिल के पास दो कारें खड़ी थीं। इसी दौरान वर्दी पहने एक दरोगा और अन्य लोग वहां पहुंचे और दोनों युवकों को कथित तौर पर जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गए। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि उनके साथ स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नंबर यूपी-25 ईएम 6567 भी ले जाई गई। उधर, मेले में काफी देर तक पतियों के वापस नहीं लौटने पर उनकी पत्नियां परेशान हो गईं। उन्होंने फोन कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिवार के लोग युवकों की तलाश और उनकी जानकारी जुटाने में लग गए। तीन लोगों को जबरन ले जाने की आशंका से परिजन दहशत में हैं और अनहोनी की चिंता सता रही है। राम कुमार राठौर ने 13 अक्टूबर को नवाबगंज कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। फिलहाल, युवकों को ले जाने की परिस्थितियों और उनकी स्थिति के संबंध में पुलिस की आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है।

अनियंत्रित बाइक गिरने से युवक गंभीर

मीरगंज। कस्बे में मंगलवार शाम अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के सामने बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में सिंधौली गांव निवासी अवनीत सिंह पुत्र महेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें सीएचसी मीरगंज पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

संक्षेप समाचार

कक्षा 2 की छात्रा अलीजा बनीं एक दिन की प्रधानाध्यापिका

शेरगढ़। कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय शेरगढ़ (प्रथम) में मंगलवार को मिशन शक्ति के तहत कक्षा 2 की छात्रा अलीजा एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनीं। इस दौरान वह बेहद प्रफुल्लित नजर आईं। विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की सराहना की। इस दौरान कार्यक्रम मिशन शक्ति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक तौफीक अहमद, उवैस रजा खां, संत सिंह, जगतपाल गंगवार, पार्वती देवी तथा शबनम अफरोज आदि समेत शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

नगर पंचायत को मिलीं कचरा गाड़ियां

शेरगढ़। नगर पंचायत शेरगढ़ में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत व आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य ने ईओ दुर्गेश कुमार के साथ मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में आईं नई ई-रिक्शा एवं कचरा गाड़ियों का विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद नगर में एक जागरूकता वाहन रैली निकाली गई। चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य और अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह ने नगर वासियों के साथ वाहनों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर पंचायत प्रशासन के मुताबिक इसका मकसद डोर-टू-डोर (घर-घर से) कूड़ा उठान व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है ताकि शेरगढ़ का हर कोना साफ और स्वच्छ रहे। नगर पंचायत प्रशासन ने कस्बे वासियों से नगर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में अपना योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, सभासद आदि समेत बड़ी संख्या में नगर वासी मौजूद रहे।

गाली का विरोध करने पर युवक को बेरहमी से पीटा

नवाबगंज। नवाबगंज थाना क्षेत्र में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन लोगों ने युवक को घेरकर कड़े और बेल्ट से बेरहमी से पीटा, जिससे उसके सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार कस्बे के रसूला कमरुनिशां निवासी नत्थो देवी पत्नी टुंडन बाबू ने बताया कि उनका पुत्र अनुज गंगवार सोमवार रात करीब 9:30 बजे नगर में चल रहे रामलीला मेला देखकर घर लौट रहा था। आरोप है कि बिजौरिया चौराहे पर पहुंचने पर भट्टा पहलवान निवासी केतन ने उनके पुत्र को रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर केतन ने अपने दो अन्य साथियों को बुला लिया। तीनों ने मिलकर अनुज को घेर लिया और हाथ में पहने कड़े तथा बेल्ट से मारपीट की। सिर पर कई बार वार किए जाने से उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें लगने की बात कही गई है। पीड़ित की मां के अनुसार, बेटे की चीख-पुकार सुनकर आसपास से गुजर रहे राहगीर मौके पर एकत्र हो गए। लोगों के हस्तक्षेप से युवक की जान बच सकी। आरोप है कि मारपीट करने वाले लोग जाते समय जान से मारने की धमकी भी दे गए। घटना के बाद पीड़ित की मां ने मंगलवार को नवाबगंज थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

फतेहगंज पश्चिमी। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने और बाद में शादी से इनकार कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने वांछित युवक को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव की युवती ने 10 अक्टूबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। युवती ने सोरहा गांव निवासी जुनैद पर शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। शिकायत में यह भी कहा गया कि बाद में आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। मंगलवार को पुलिस को मुखबिर के जरिए आरोपी के हाईवे बाईपास के किनारे मौजूद होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सीओ हाईवे देवेश सिंह ने बताया कि मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। मामले की विवेचना अभी जारी है।

चोरी की भैंस बरामद, तमंचे संग चोर गिरफ्तार

नवाबगंज। हाफिजगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की भैंस बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 12 बोर का तमंचा, कारतूस और भैंस लदी पिकअप बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, 12-13 अक्टूबर की रात रिठौरा चौकी क्षेत्र में धमपुर रोड अंडरपास के पास निर्माणाधीन हाईवे पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पीलीभीत की ओर से आ रही पिकअप को रोककर तलाशी ली गई। उसमें एक भैंस के चारों पैर रस्सी से बंधे मिले। चालक की तलाशी में तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रिजवान पुत्र मुन्ने निवासी खमरिया पंडरी, थाना बरखेड़ा, पीलीभीत बताया। उसने तीन-चार दिन पहले माधौपुर टांडा क्षेत्र से भैंस चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ बरखेड़ा थाने में गो-तस्करी के तीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

हैंडपंप न होने पर भड़के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता डाक्टर एके गंगवार ग्राम बरौरा में एक दसवां संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें गांव की समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के अंत्येष्टि स्थल पर हैंडपंप की व्यवस्था नहीं है। वहीं, गांव में लगा एकमात्र हैंडपंप भी खराब हालत में है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की शिकायत सुनकर डॉक्टर एके गंगवार ने नाराजगी जताई और तत्काल फोन पर एडीओ पंचायत आशीष भटनागर से बात कर मामले में कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अंत्येष्टि स्थल पर हैंडपंप लगवाने और गांव में खराब पड़े हैंडपंप को जल्द ठीक कराने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से राहत मिल सके। डॉक्टर एके गंगवार ने ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उनके इस रुख के बाद गांव में पेयजल व्यवस्था को लेकर चर्चा शुरू हो गई। गौरतलब है कि भाजपा नेता डॉक्टर एके गंगवार का नाम नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रमुख संभावित दावेदारों में शामिल बताया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं को लेकर उनकी सक्रियता भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

मौर्य नगर में चोरों का आतंक, एक ही रात छह घरों के ताले काटे, चार लाख का माल पार

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ परिवारों के बाहर होने का फायदा उठाकर वारदात, सुबह टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर उड़े होश

मीरगंज। मीरगंज थाना क्षेत्र के मौर्य नगर में चोरों ने एक ही रात में छह बंद घरों को निशाना बनाकर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दे दी। अज्ञात चोर घरों के ताले काटकर करीब चार लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। सुबह वारदात का पता चलने पर पीड़ित परिवारों में खलबली मच गई।

घरों के टूटे ताले और अंदर बिखरा सामान देखकर परिवार के लोग परेशान हो उठे। पीड़ितों ने पुलिस से चोरों का पता लगाकर चोरी का माल बरामद कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के मुताबिक, बीती रात चोरों ने मौर्य नगर में नरेंद्र मौर्य, राजेंद्र मौर्य और राज्यपाल मौर्य समेत छह लोगों के बंद घरों को निशाना बनाया। चोरों ने एक के बाद एक घरों के ताले काटे और कीमती सामान समेटकर फरार हो गए।

वारदात का शिकार हुए परिवारों के सदस्य दिल्ली और हरियाणा के रोहतक में काम करते हैं। वीरेंद्र मौर्य, कंचनलाल मौर्य और प्यारे लाल मौर्य सगे भाई बताए गए हैं। परिवारों के बाहर रहने और घर बंद होने का फायदा उठाकर चोरों ने बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया।सुबह घरों में चोरी की जानकारी हुई तो पीड़ितों ने मौके पर पहुंचकर देखा कि ताले टूटे पड़े थे और सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था।

पीड़ितों के मुताबिक, छह घरों से करीब चार लाख रुपये का सामान चोरी हुआ है। एक ही रात में छह घरों में चोरी की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों को अपने घरों की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है।मामले में सीओ मीरगंज अजय कुमार ने बताया कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपियों का जल्द पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और जेल भेजा जाएगा।



बैंक प्रबंधक पर अभद्रता का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवाबगंज। क्योलड़िया उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की क्योलड़िया शाखा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है शाखा प्रबंधक पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए दर्जनों महिलाओं ने बैंक के बाहर धरना प्रर्दशन किया गांव नवादा इमामाबाद निवासी कुसुमा देवी पत्नी महेश पाल स्वयं सहायता समूह की सखी हैं, जबकि जीवन कली पत्नी राजेश कुमार समूह की अध्यक्ष हैं इनके साथ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दर्जनों महिलाएं बैंक पहुंचीं महिलाओं का कहना है कि उनके समूहों के बैंक खाते ग्रामीण बैंक की क्योलड़िया शाखा में संचालित हैं। खाते से संबंधित कार्य कराने और अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए जब भी वे शाखा पहुंचती हैं, तो शाखा प्रबंधक विजय कुमार द्वारा उनके साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया जाता है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि बैंक में बार-बार होने वाले इस व्यवहार से वे परेशान हैं। इसी से नाराज होकर उन्होंने शाखा के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और शाखा प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई इसके बाद महिलाओं ने मामले की जांच कराने और उचित कार्रवाई करने की मांग की। वहीं, शाखा प्रबंधक विजय कुमार का कहना है कि जिन स्वयं सहायता समूहों के महिलाओ के अभिलेख पूर्ण हैं, उनके खाते प्रतिदिन खोले जा रहे हैं। हालांकि, महिलाओं ने उनके इस पक्ष पर असहमति जताते हुए अपने आरोपों को दोहराया और कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में सोनी देवी, आशा देवी, मीरा, रिंकी, उषा, शिवानी, रेखा, धनदेई, दुर्गा देवी, मिथिलेश कुमारी, पूनमवती, मंजू, अनीता, ज्वाला देवी, विद्यावती और जीवन कली सहित अन्य महिलाएं शामिल रहीं। महिलाओं ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

राहुल यदुवंशी बने कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय



फतेहगंज पश्चिमी। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने संगठन के विस्तार और समाज के लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। मीरगंज तहसील के नथपुरा निवासी समाजसेवी राहुल यदुवंशी को बरेली जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन की जानकारी मिलने पर समर्थकों में उत्साह है। संगठन की जिला इकाई के गठन के तहत राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार को जिला संरक्षक, मनोज गंगवार को जिला महामंत्री और पूर्व वित्त एवं लेखाधिकारी राम आसरे गंगवार को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सभी ब्लॉकों में इकाइयां गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीएल गंगवार ने बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की नियुक्ति किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने संगठन के विस्तार और समाज के लोगों को एकजुट करने पर जोर दिया। बैठक में रुहेलखंड मंडल प्रभारी हरीश गंगवार, मंडल महामंत्री डॉ. संजय पटेल, महेंद्र पाल सिंह और अमित गंगवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





सर्किट हाउस में पौधा रोपण के दौरान मुख्यमंत्री, सभी मंत्री एवं महापौर। -जागरण मोर्चा



ग्राम प्रहरियों को गिफ्ट देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। -जागरण मोर्चा

मुख्यमंत्री ने ग्राम प्रहरी सम्मान समारोह में पुलिस सहयोग एवं अपराध नियंत्रण में सराहनीय योगदान देने वाले ग्राम प्रहरियों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस सहयोग एवं अपराध नियंत्रण में सराहनीय योगदान देने वाले प्रदेश के 68,000 ग्राम प्रहरियों का सम्मान पुलिस लाइन, बरेली से किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 68 हजार ग्राम प्रहरियों का मानदेय एक हजार रुपये बढ़ाने के साथ ही उनके परिवारों को पांच लाख रुपये सालाना कैशलेस इलाज की सौगात दी। ग्राम प्रहरियों के मानदेय में एकमुश्त 40 प्रतिशत की वृद्धि से अब उन्हें 2500 के बजाय 3500 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। प्रत्येक ग्राम प्रहरी को सालाना 12 हजार रुपये अतिरिक्त मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में ग्राम प्रहरियों को महज 1500 रुपये मानदेय मिलता था, वर्ष 2019 में इसे बढ़ाकर 2500 रुपये किया गया था, जिसे अब बढ़ाकर 3500 रुपए प्रतिमाह किया जा रहा है। ग्राम प्रहरियों की जिम्मेदारी को देखते हुए उनकी सुविधाएं भी बढ़ाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में सीसीटीवी कैमरे जिस तरह अपराधियों पर नजर रखते हैं, गांवों में ग्राम प्रहरी वही भूमिका निभाएं। संदिग्ध गतिविधियों, अपराध और जमीन कब्जाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाएं। थानाध्यक्ष अथवा हलके के दारोगा सप्ताह में कम से कम एक दिन ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक करें, इससे सूचना तंत्र मजबूत होगा और छोटी घटनाओं को बड़ा विवाद बनने से रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों के मन में कानून का भय है। शहरों में सी0सी0टी0वी0 कैमरे और ए0आई0 तकनीक से संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी हो रही है। बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को कठोर परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि माफिया मिट्टी में मिल गए हैं। प्रदेश में अब दंगा और उपद्रव नहीं होता है तथा कानून-व्यवस्था बेहतर होने से निवेश, व्यापार और रोजगार बढ़े हैं। मुख्यमंत्री ने पहले नवरात्र और दूसरे पर्वों पर उपद्रव की आशंका रहती थी। अब नवरात्रि के प्रथम दिन से ही गांव-गांव में दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित हो रही हैं।



शिक्षक सम्मेलन एवं जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

विंध्यवासिनी धाम में पिछले दिनों सवा दो से ढाई लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मंगलवार सुबह छह बजे तक डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। देवीपाटन धाम में भी डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। सीतापुर के ललिता देवी मंदिर और सहारनपुर की शाकंभरी देवी शक्ति पीठ पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ है। यह भयमुक्त वातावरण का ही परिणाम है। मुख्यमंत्री ने ग्राम प्रहरियों से वन्यजीवों के खतरे, अफवाहों और भू-माफिया की गतिविधियों की सूचना भी प्रशासन को देने को कहा। उन्होंने पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच और बिजनौर का उल्लेख करते हुए कहा कि समय पर मिली सूचना बड़ी अनहोनी रोक सकती है। उन्होंने बताया कि 40 से अधिक तेंदुओं का रेस्क्यू किया गया है।

प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों और राजस्व गांवों में ग्राम प्रहरियों की सजगता महत्वपूर्ण है। गांव सुरक्षित होंगे तो आत्मनिर्भर बनेंगे। इससे विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत का संकल्प मजबूत होगा। उन्होंने यह भी कहा कि

सीएम योगी आदित्यनाथ ने ग्राम प्रहरियों का बढ़ाया मानदेय, अब मिलेंगे 3500 रुपये प्रतिमाह

प्रदेश के 68 हजार ग्राम प्रहरियों व उनके परिवारों को पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सौगात

बरेली के बारे में झुमके से पहचान होते थी अब नाथ नगरी के रूप में विख्यात हो गई नाथ नगरी के रूप में बरेली को फिर से प्राप्त हो गया है । संभल जहां से आपकी माध्यमिक शिक्षा की मंत्री है गुलाब देवी वहां जाने से लोग डरते थे अब संभल में चहल पहल है 68 तीर्थ और 19 को फिर से पुनर्जित हो गए हैं परिक्रमा मार्ग बन रहा है। कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है अब कोई वहां भाई नहीं है कोई बरसात नहीं है भैया क्रांति करने वाले स्वयं पर भी तो हैं और जब यूपी पुलिस की गाड़ी को देखते हैं तो बहुत सारे तो ऐसे हैं जिन माफिया की पेटी भी गीली होती भी दिखाई देती है । मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मानदेय बढ़ाकर ग्राम प्रहरियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है क्योंकि ग्रामीण शांति व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की तस्वीर बदली है। उन्होंने छह करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का दावा किया। मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि बरेली की नाथ नगरी की पावन भूमि पर मुख्यमंत्री का स्वागत है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि आज ग्रामीण व्यक्ति सरकार की बुराई नहीं सुनता तथा स्थानीय भाषा में बताया कि ग्रामीण जन किस प्रकार बाबा जी की सरकार की सराहना करते हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने अपने संबोधन से पूर्व मुख्यमंत्री को मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट की। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरी गांव और थाने के बीच सूचना एवं संवाद की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे अपराध, भूमि विवाद और शांति भंग की आशंका की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा साइबर ठगी और सोशल मीडिया की अफवाहों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करें। डिजिटल वालंटियर्स और व्हाट्सएप समूहों से सूचना तंत्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरियों के मानदेय में हुई वृद्धि उनके कार्य की प्रभावशीलता को दर्शाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 ग्राम प्रहरियों को मंच पर साफा पहनाकर और गिफ्ट हैम्पर तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें जनपद बरेली के फरीदपुर से राजवीर सिंह, सिरौली से कुंवर पाल सिंह, बहेड़ी से राम राठौर, पीलीभीत के सुनगढ़ी से राजेंद्र वाल्मीकि, शाहजहांपुर के पुवायां से कमलेश, मुरादाबाद के कांठ से कमलेश सिंह सैनी, बिजनौर की शहर कोतवाली से राजेश सैनी, संभल के हजरतनगर गढ़ी से अनिल वाल्मीकि, रामपुर के टांडा से ध्यान सिंह चौहान, शाहबाद से प्रकाश और अमरोहा के नौगावां सादात से तेजपाल प्रजापति शामिल रहे। समारोह में ग्राम प्रहरियों के योगदान पर लघु फिल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ0 अरुण कुमार, मंत्री सहकारिता विभाग/प्रभारी मंत्री जे0पी0एस0 राठौर, मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार, महापौर डॉ0 उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह व बहोरन लाल मौर्य, विधायक कैंट संजीव अग्रवाल, विधायक बिथरी चैनपुर डॉ0 राघवेन्द्र शर्मा, विधायक नवाबगंज डॉ0 एम0पी0 आर्य, विधायक मीरगंज डॉ0 डी0सी0 वर्मा, अधिकारियों में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

भाई को बचाने आए किशोर की हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

शरीर पर मिले 20 से अधिक घाव, आरोपी को पकड़ने पहुंची पुलिस का विरोध

बरेली। शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गोकिलपुर गांव में सोमवार रात बड़े भाई को बचाने पहुंचे 16 वर्षीय किशोर की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अर्जुन के रूप में हुई है। चिकित्सकीय परीक्षण में उसके शरीर पर चाकू के 20 से अधिक घाव मिलने की बात सामने आई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया।

गुस्साए परिजनों ने आरोपी किशोर को पकड़ लिया। उसे हिरासत में लेने पहुंची पुलिस को विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान पुलिसकर्मियों को घर में बंद कर दिया गया। बाद में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। परिजनों के मुताबिक, सोमवार रात गांव में अर्जुन के बड़े भाई हरदेव का एक किशोर से विवाद हो गया था। बताया गया कि दोनों किशोरों ने साथ बैठकर शराब पी थी, जिसके बाद किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। हरदेव को विवाद में घिरा देख उसका छोटा भाई अर्जुन बीच-बचाव करने पहुंचा। आरोप है कि इसी दौरान दूसरे किशोर ने अर्जुन पर चाकू से हमला कर दिया। गर्दन समेत शरीर के कई हिस्सों पर वार किए जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ईएमओ शैलेश रंजन के अनुसार, अर्जुन के शरीर पर चाकू के 20 से अधिक घाव पाए गए। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस जब उसे हिरासत में लेने पहुंची तो परिजनों ने विरोध करते हुए पुलिसकर्मियों को घर में बंद कर दिया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक हुई। बाद में पुलिसकर्मी दीवार कूदकर घर में दाखिल हुए और लोहे का दरवाजा खुलवाकर आरोपी को थाने ले गए। अर्जुन के दादा रामचंद्र ने बताया कि वह पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर था और कक्षा पांच तक पढ़ा था। बेटे की मौत के बाद मां आरती देवी समेत परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया गया है। वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

बरेली कॉलेज के गणित विभाग के तीन शिक्षक निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। बरेली कॉलेज में बीएससी विद्यार्थियों के असाइनमेंट और आंतरिक मूल्यांकन में कथित अनियमितताओं के मामले में गणित विभाग के तीन शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। प्रबंध समिति की पांच सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई। निलंबित शिक्षकों में पूर्व विभाग प्रभारी प्रो. स्वदेश सिंह, प्रो. पूनम सिंह और डॉ. हनुमान वर्मा शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, डॉ. आरिफ नवीन ने 15 जून को प्राचार्य को पत्र देकर बीएससी चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर के असाइनमेंट जमा नहीं होने की शिकायत की थी। आरोप था कि मूल्यांकन किए बिना ही विद्यार्थियों के अंक पोर्टल पर दर्ज किए जा रहे थे। जांच समिति के अध्यक्ष प्रो. सुभाष मेहरा ने रिपोर्ट प्रबंध समिति के सचिव को सौंपी, जिसके बाद निलंबन का निर्णय लिया गया।

वहीं, प्रो. स्वदेश सिंह ने कहा कि असाइनमेंट पढ़ने के बाद कोडिंग के आधार पर अंक दर्ज किए जाते हैं। कुछ विद्यार्थियों के अंक गलत दर्ज होने की शिकायत मिली थी।

निलंबन के बाद प्रो. पीएस चौधरी को गणित और प्रो. पीपी सिंह को भौतिकी विभाग का प्रभारी बनाया गया है। उधर, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. आरके गोस्वामी ने प्रबंध समिति के कामकाज, प्रशासनिक हस्तक्षेप और शैक्षणिक व्यवस्था सहित दस बिंदुओं पर प्राचार्य और सचिव से स्पष्टीकरण मांगा है।

विरासत, विश्वास और संस्कारों की कहानी

वर्ष 1930 से चली आ रही आभूषण कला को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प, दादाजी की सीख और आशीर्वाद से मिली प्रेरणा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। कुछ विरासतें केवल कारोबार नहीं, बल्कि पीढ़ियों की मेहनत, बुजुर्गों के संस्कार और ग्राहकों के अटूट विश्वास की पहचान होती हैं। ऐसी ही विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं संजय अग्रवाल, जो राम कुमार अग्रवाल परिवार की तीसरी पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं।

महज 16 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपने दादाजी स्वर्गीय राम कुमार अग्रवाल के साथ काम करना शुरू किया। उनसे आभूषणों की बारीकियां सीखने के साथ गुणवत्ता, ईमानदारी और ग्राहक के विश्वास का महत्व भी समझा। आज यही सीख उनकी पहचान बन चुकी है।संजय अग्रवाल का मानना है कि आभूषण केवल सुंदरता का प्रतीक नहीं, बल्कि रिश्तों, भावनाओं और जीवन के यादगार पलों से जुड़े होते हैं। यही कारण है कि वह ग्राहकों की पसंद और जरूरत को प्राथमिकता देते हैं।इसी पारिवारिक विरासत को आधुनिक पहचान देने के उद्देश्य से उन्होंने 'विरासत बाय राम कुमार अग्रवाल जेम्स एंड ज्वेल्स' की परिकल्पना की है। इसका उद्देश्य पारंपरिक मूल्यों और उत्कृष्ट कारीगरी को आधुनिक सोच के साथ आगे बढ़ाना है। वर्ष 1930 से शुरू हुआ यह सफर आज भी विश्वास, आत्मीयता और गुणवत्ता के मूल्यों के साथ जारी है। संजय अग्रवाल की यात्रा बताती है कि अपनी जड़ों से जुड़कर ही विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

पीलीभीत फायरिंग कांडः डीआईजी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

बरेली। पीलीभीत के अमरिया थाना क्षेत्र में रामलीला कमेटी के आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट और फायरिंग की घटना के बाद मंगलवार को बरेली परिक्षेत्र के डीआईजी अजय कुमार साहनी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव के साथ घटना की परिस्थितियों और अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी ली। डीआईजी ने मृतकों के परिजनों से बातचीत कर उन्हें निष्पक्ष जांच और न्यायोचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घटना से जुड़े सभी साक्ष्य जुटाने और विवेचना को निष्पक्ष, गहन व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि घटना में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर जल्द कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस के अनुसार, फिलहाल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य और नियंत्रण में है।

मुख्यमंत्री ने एमएलसी के परिजनों से की आत्मीय भेंट

बरेली। शहर के बरेली क्लब में आयोजित शिक्षक सम्मेलन के पश्चात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आत्मीयता दिखाते हुए एमएलसी बरेली-रामपुर परिक्षेत्र कुंवर महाराज सिंह के परिवार को अलग कक्ष में बुलाकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एमएलसी के भतीजे दुष्यंत के बेटे नील को बड़े स्नेह से गोद में लेकर दुलार किया और आशीर्वाद दिया। साथ ही कुछ राजनैतिक चर्चा भी की। एमएलसी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का इतना सरल, सहज और आत्मीय व्यवहार पाकर पूरा परिवार अभिभूत है। जीवन में यह क्षण अविस्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर एमएलसी के भाई कुंवर युवराज सिंह, अनुज वधू सुषमा सिंह, भतीजा दुष्यन्त राज सिंह, बहू अर्पण सिंह भी साथ में उपस्थित रहे।

वृद्धाश्रम में बुजुर्ग का फंदे से लटका शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। कैंट थाना क्षेत्र के कांधरपुर स्थित सेवाधाम वृद्धाश्रम में सोमवार सुबह 85 वर्षीय बुजुर्ग का शव शौचालय में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान मंझा गांव निवासी रामनाथ के रूप में हुई है। वह करीब आठ साल से वृद्धाश्रम में रह रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। वहीं, मृतक की दोनों बेटियों ने चचेरे भाई पर धोखाधड़ी कर पिता की जमीन अपने नाम कराने का आरोप लगाया है।

वृद्धाश्रम की प्रबंधक कांता गंगवार के मुताबिक, रामनाथ दो जनवरी 2018 से यहां रह रहे थे। रविवार रात खाना खाने के बाद वह अपने बिस्तर पर सोने चले गए। सोमवार सुबह करीब छह बजे वह बिस्तर पर नहीं मिले। इसी दौरान अन्य बुजुर्गों ने शौचालय का दरवाजा काफी देर से बंद होने की जानकारी संचालक मरछू यादव को दी। दरवाजा खोलने पर रामनाथ का शव जंगले से धोती के सहारे लटका मिला। रविवार को आश्रम में सत्संग हुआ था, जिसमें रामनाथ को फूलमाला पहनाई गई थी। शव मिलने के समय भी माला उनके गले में थी।

रामनाथ की बेटियों ने आरोप लगाया कि चचेरे भाई ने उनके पिता को बहलाकर जमीन अपने नाम करा ली। बेटियों के अनुसार, करीब चार दिन पहले इस मामले की जानकारी मिलने पर उन्होंने पिता को बताया था। इसके बाद से वह परेशान रहने लगे थे। बेटियों ने आशंका जताई कि जमीन के विवाद से उपजे तनाव के कारण उन्होंने यह कदम उठाया।

परिजनों के मुताबिक, रामनाथ ने कांधरपुर में एक भूखंड खरीदा था, जिस पर मकान बनाकर बड़ी बेटी रह रही हैं। भूखंड में हिस्सेदारी के बदले बड़ी बेटी ने छोटी बहन को करीब पांच लाख रुपये दिए थे। इसके अलावा खेती से मिले सवा लाख रुपये भी रामनाथ ने छोटी बेटी को दिए थे।

उधर, वृद्धाश्रम प्रबंधन के अनुसार, रामनाथ का भतीजा उनसे मिलने आता था और जरूरत का सामान भी लाकर देता था। सीओ सिटी आशुतोष शिवम ने बताया कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है। अभी परिजनों की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। शिकायत मिलने पर आरोपों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश,
बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

एनएचएम कर्मचारियों के धरने के बीच चिकित्सा अधीक्षक ने देखे मरीज

सैदपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर पर एनएचएम कर्मचारियों के धरने के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने ओपीडी में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान बुखार और खांसी से पीड़ित मरीजों से उनके लक्षणों की जानकारी ली गई। साथ ही आवश्यक जांच कराने की सलाह दी गई और मरीजों को दवाओं का वितरण किया गया। चिकित्सा अधीक्षक ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुनकर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। ओपीडी में पहुंचे मरीजों को बीमारी के लक्षणों के आधार पर उपचार उपलब्ध कराया गया। कर्मचारियों के धरने के बीच मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। स्वास्थ्य केंद्र पर बुखार और खांसी से संबंधित शिकायतों को देखते हुए मरीजों को जरूरी सावधानियां बरतने तथा चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उपचार कराने की जानकारी दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा।

ईंट से सिर कुचलकर खेमकरण की हत्या

वजीरगंज के फतेहनगला गांव में वारदात, एसएसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

वजीरगंज (बदायूं)। थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव फतेहनगला में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे काम करने के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति की ईंट से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान खेमकरण (40) पुत्र के रूप में हुई है। वारदात के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, खेमकरण और अवनीश पुत्र रामपाल अपनी-अपनी जगह पर काम कर रहे थे। इसी दौरान अवनीश ने खेमकरण पर ईंट से कई वार कर दिये । हमला इतना गंभीर था कि खेमकरण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वारदात की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। घटना की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मामले की जानकारी लेते हुए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित की है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर तलाश की जा रही है।



जांच करती वजीरगंज थाना पुलिस। -जागरण मोर्चा



शव को ले जाती थाना पुलिस। -जागरण मोर्चा

दिनदहाड़े हुई हत्या की घटना से गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस घटनाक्रम से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है। वारदात के पीछे क्या कारण रहा, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच और आरोपी की तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं। घटना से संबंधित अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस की प्राथमिकता आरोपी को गिरफ्तार करना और घटना की वास्तविक वजह का पता लगाना है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जाएगी।

झंडी पूजन के साथ श्री प्राचीन रामलीला महोत्सव का आगाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। श्री प्राचीन रामलीला महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। रामलीला कमेटी की ओर से परंपरागत झंडी पूजन के साथ मेले का औपचारिक शुभारंभ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और जय श्रीराम के जयघोष के बीच पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद बैंड-बाजों और धार्मिक भजनों के साथ झंडी यात्रा निकाली गई। झंडी यात्रा नगर के प्राचीन एवं परंपरागत मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान पहुंची, जहां विधि-विधान से झंडी स्थापित की गई। यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। रामलीला कमेटी के कार्यकारिणी अध्यक्ष जगतपाल मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष श्री प्राचीन रामलीला मेला 24 अक्टूबर से विधिवत शुरू होगा। महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। झंडी पूजन के साथ ही नगर में रामलीला महोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल बनने लगा है। इस अवसर पर कमेटी की अध्यक्ष ठाकुर मिथिलेश सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष जगतपाल मिश्रा, उपाध्यक्ष बृजवासी मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, नीरज पाराशरी, मंत्री प्रभाकर मिश्रा, कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा, सह कोषाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, अजय मिश्रा, संयोजक गोपी वल्लभ मिश्रा, रामसुमरन लाल मिश्रा, गिरीश मिश्रा, मनीष मिश्रा, सोनू शर्मा, राजेंद्र मिश्रा, सुभाष राजोरिया, जगदीश चंद्र राजोरिया, विजय प्रकाश पाठक, सुनील मिश्रा, सत्य नारायण मिश्रा, अशोक कुमार शर्मा, शैलेंद्र सिंह, नवनीत पाठक और अरुण कुमार शर्मा सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

हनुमान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर में किए दर्शन, भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक की अध्यक्षता में हुआ परिचय सम्मेलन

जागरण मोर्चा कार्यालय



भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर शैलेश पाठक सम्मान करते हुए। -जागरण मोर्चा



संबोधित करते भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर शैलेश पाठक। -जागरण मोर्चा

बदायूं। दातागंज में हनुमान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू के आगमन पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक से मुलाकात की। उनके आगमन को लेकर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। दातागंज पहुंचने पर रोहित सिंह हिंदू सबसे पहले सराय पेपरिया स्थित पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वह बांके बिहारी लॉन पहुंचे, जहां हनुमान दल की ओर से परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने की। परिचय सम्मेलन में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान आपसी परिचय और संवाद के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत कर उत्साह जताया। धार्मिक दर्शन और परिचय सम्मेलन के चलते कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण माहौल रहा। इस अवसर पर हनुमान दल के जिलाध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार सक्सेना, जिला मंत्री ठाकुर कुनाल सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर अंकित सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान रोहित सिंह हिंदू और डॉ. शैलेश पाठक की मुलाकात भी चर्चा का केंद्र रही। आयोजन के माध्यम से संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एक-दूसरे से परिचित होने तथा आपसी संवाद का अवसर मिला।

बदायूं में 10 मतदेय स्थलों को चुनाव आयोग की मंजूरी

बदायूं। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए जनपद में 10 मतदेय स्थलों को भारत निर्वाचन आयोग ने मंजूरी दे दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बताया कि 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान के लिए इन केंद्रों का प्रस्ताव भेजा गया था। बदायूं नगर पालिका परिषद के अलावा बिल्सी, बिसौली, आसफपुर, वजीरगंज, सहसवान, इस्लामनगर, उझानी, म्याऊं और दातागंज स्थित कार्यालयों को मतदान केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों की मतदेय स्थल संख्या 26 से 35 तक निर्धारित है। मतदेय स्थलों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज के छात्र अर्पित का मंडल क्रिकेट टीम में चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज, शरह बरौलिया में कक्षा 11 के छात्र अर्पित उपाध्याय का अंडर-17 बरेली मंडल क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। कोट निवासी अर्पित अब कानपुर में आयोजित होने वाली प्रदेशीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बरेली मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पीलीभीत में आयोजित मंडलीय क्रिकेट ट्रायल प्रतियोगिता में अर्पित उपाध्याय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। उन्होंने महज तीन ओवर में छह विकेट हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनके इसी बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर बरेली मंडल की अंडर-17 टीम में उनका चयन किया गया। अर्पित की उपलब्धि पर अथर्व मिल्क एंड फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अवनीश चौधरी ने उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेशीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के दौरान अर्पित का पूरा खर्च कंपनी की ओर से वहन किया जाएगा। छात्र की सफलता पर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा, शिक्षक विप्लव भारती, नीरज चौहान, रामऔतार मौर्य और अनमोल उपाध्याय समेत समस्त विद्यालय स्टाफ ने बधाई दी। शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि अर्पित प्रदेशीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, क्षेत्र और बरेली मंडल का नाम रोशन करेंगे।



अर्पित।

बिनावर में अवैध खनन पर कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



खनन करने वाले पकड़े गए ट्रैक्टर ट्राली थाने में खड़ी। -जागरण मोर्चा

बिनावर। क्षेत्र में मिट्टी के खनन और खरीद-बिक्री का कारोबार लंबे समय से चलने की चर्चा के बीच मंगलवार सुबह खनन विभाग ने कार्रवाई की। खनन अधिकारी ने सुबह करीब 10 बजे खुलेआम मिट्टी ले जा रही दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ लिया। वहीं, अधिकारी को देखकर दो अन्य ट्रैक्टर-ट्राली चालक मौके से वाहन लेकर भाग निकले।

स्थानीय स्तर पर आरोप है कि कुछ लोग खनन की अनुमति होने की बात कहकर दिन-रात मिट्टी का कारोबार कर रहे हैं। मिट्टी की खुदाई कर उसे खरीदने और बेचने का काम किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। मंगलवार सुबह खनन अधिकारी की कार्रवाई से क्षेत्र में मिट्टी के कारोबार में लगे लोगों में खलबली मच गई। कार्रवाई के दौरान दो ट्रैक्टर-ट्रालियां पकड़े जाने के बाद अन्य चालकों के वाहन लेकर भागने की बात सामने आई है।

हालांकि, पकड़े गए वाहनों के संबंध में विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई और खनन की अनुमति से जुड़े दस्तावेजों की जांच की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे मिट्टी के कारोबार को लेकर अब निगरानी और प्रभावी कार्रवाई की जरूरत महसूस की जा रही है। खनन विभाग की जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि पकड़े गए वाहनों से मिट्टी का परिवहन नियमानुसार किया जा रहा था या नहीं।

दातागंज थाने में राजेश की मौत की मजिस्ट्रियल जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। थाना परिसर में अचानक स्वास्थ्य खराब होने के बाद उपचार के दौरान हुई राजेश पुत्र शहजादे निवासी ग्राम अटसेना की मृत्यु के मामले में मजिस्ट्रियल जांच की जा रही है। प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए जिला प्रशासन ने उपजिलाधिकारी दातागंज को मजिस्ट्रेट नामित किया है। अब इस मामले से संबंधित तथ्यों, परिस्थितियों और साक्ष्यों को जांच में शामिल किया जाएगा।

जिला मजिस्ट्रेट बदायूं के पत्र संख्या 1216 के क्रम में यह जांच सौंपी गई है। उपजिलाधिकारी दातागंज ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए कहा है कि यदि किसी व्यक्ति के पास इस घटना से संबंधित कोई जानकारी, कथन अथवा साक्ष्य उपलब्ध है, तो वह जांच में सहयोग के लिए अपना बयान दर्ज करा सकता है। इसके लिए इच्छुक व्यक्तियों को तहसील दातागंज परिसर स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने और संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करने की व्यवस्था की गई है। बयान दर्ज कराने तथा साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।प्रशासन ने संबंधित लोगों से निर्धारित समयावधि में कार्यालय पहुंचकर जानकारी और साक्ष्य उपलब्ध कराने की अपील की है, ताकि मामले से जुड़े तथ्यों को मजिस्ट्रियल जांच में शामिल किया जा सके और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण की जांच आगे बढ़ाई जा सके।

सब्जी मंडी का जर्जर टीन शेड बना खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



सब्जी मंडी में लटकती टिन शेड। -जागरण मोर्चा

सहसवान (बदायूं)। नगर पालिका परिषद सहसवान द्वारा संचालित मुख्य सब्जी मंडी का जर्जर टीन शेड लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। शेड की लोहे की चादरें जगह-जगह से गलकर टूट चुकी हैं और हवा में लटक रही हैं। तेज हवा या आंधी चलने पर चादरें हिलने लगती हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कदम उठाए जाने की जानकारी नहीं है। स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक, जर्जर चादरों के छोटे-छोटे टुकड़े कई बार नीचे गिर चुके हैं। गनीमत रही कि उस समय कोई उनकी चपेट में नहीं आया। नगर की प्रमुख सब्जी मंडी होने के कारण यहां प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। इनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं। सैकड़ों दुकानदार भी इसी मंडी में कारोबार करते हैं। ऐसे में टीन शेड का कोई हिस्सा गिरने पर गंभीर हादसा हो सकता है। मंडी के प्रवेश द्वार पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2023-24 का बोर्ड लगा है, लेकिन अंदर जर्जर टीन शेड की स्थिति व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। दुकानदारों और नगरवासियों ने जिलाधिकारी, एसडीएम सहसवान और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने खतरनाक चादरों को तुरंत हटवाने और पूरे शेड की मरम्मत या नए मजबूत शेड का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

शाहबाजपुर चौराहे पर मिली मासूम बच्ची, परिजनों की तलाश जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



रोटी हुई बच्ची। -जागरण मोर्चा

सहसवान (बदायूं)। नगर के शाहबाजपुर चौराहे पर मंगलवार को करीब दो से तीन वर्ष की एक मासूम बच्ची लावारिस हालत में घूमती मिली। बच्ची को अकेला देखकर एक जागरूक नागरिक ने उसे सुरक्षित कोतवाली सहसवान पहुंचाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बच्ची अपना नाम और पता बताने में असमर्थ है। बताया गया कि बच्ची शाहबाजपुर चौराहे पर अकेली घूम रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति की नजर उस पर पड़ी। उसने बच्ची को अपने साथ लेकर तत्काल कोतवाली पहुंचाया और पुलिस को मामले की जानकारी दी। फिलहाल बच्ची पुलिस की निगरानी में सुरक्षित है। पुलिस बच्ची के परिजनों की पहचान करने और उन्हें तलाशने का प्रयास कर रही है। कोतवाली प्रभारी ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई बच्ची को पहचानता है या उसके परिवार के संबंध में कोई जानकारी रखता है तो कोतवाली सहसवान से संपर्क करे। पुलिस का प्रयास है कि जल्द से जल्द बच्ची को उसके परिजनों से मिलाया जा सके।

जिला कारागार में बच्चों की जरूरतों की समीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय



जिला जेल में पहुंचे समिति के सदस्य। -जागरण मोर्चा

बदायूं। सुरक्षित बचपन की निगरानी के लिए गठित संयुक्त निगरानी समिति ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान जेल में अपनी माताओं के साथ रह रहे बच्चों की स्थिति, उनकी आवश्यकताओं और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई।

समिति ने बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि वर्तमान में जिला कारागार में 11 बच्चे अपनी माताओं के साथ रह रहे हैं। समिति ने इन बच्चों की व्यक्तिगत देखभाल योजना (आईसीपी) की समीक्षा करते हुए उसके नियमित फॉलोअप पर जोर दिया। साथ ही बच्चों की समय-समय पर काउंसलिंग कराने के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया गया, ताकि उनके संरक्षण, विकास और आवश्यकताओं का उचित ध्यान रखा जा सके। समिति ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा एसीएमओ एवं बाल रोग विशेषज्ञ को बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और संबंधित विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों से बच्चों की जरूरतों के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने को कहा गया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन मानवेन्द्र सिंह ने महिला बंदियों के उन बच्चों को भी सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया, जो जेल के बाहर अपने परिवारों के साथ रह रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर बच्चों के आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने तथा उन्हें पात्रता के अनुसार विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन मानवेन्द्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र कुलश्रेष्ठ, मुख्य चिकित्साधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नन्द किशोर पाठक, संरक्षण अधिकारी रवि कुमार और प्रीती कौशल, सामाजिक कार्यकर्ता भमरपाल सिंह, मुख्य सेविका पूनम यादव, जिला कारागार के जेलर शैलेश कुमार सोनकर तथा डिप्टी जेलर अनन्या अत्री सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

श्रेष्ठ संस्कारों को जीवन में उतारने का पर्व हैं नवरात्रि : संजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ गायत्री शक्तिपीठ पर मां चंद्रघंटा की आराधना, विश्व कल्याण को दीं विशेष आहुतियां

बदायूं। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र में मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की विधिविधान से पूजा-अर्चना कर भव्य आरती की गई। वैदिक मंत्रोच्चार और गायत्री महामंत्र की गूंज रही। आत्मीय परिजनों ने गायत्री महायज्ञ किया। यज्ञ भगवान को विशेष आहुतियां समर्पित कर विश्व कल्याण, सुख-शांति और जनमंगल की कामना की गई। परिव्राजक लेखराज जायसवाल और ब्रजकिशोर ने वेदमंत्रोच्चारण कर यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुरेंद्र नाथ शर्मा ने कहा कि मां चंद्रघंटा की आराधना से साहस, पराक्रम और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उनकी कृपा से साधक निर्भय होकर धर्म और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि नवरात्र शक्ति उपासना के साथ आत्मशुद्धि, सद्विचार और श्रेष्ठ संस्कारों को जीवन में उतारने का पर्व है। मां दुर्गा की आराधना से समाज में सेवा, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने की प्रेरणा मिलती है। मुख्य यजमान नरेंद्र पाल शर्मा, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी की जिला समन्वयक माया सक्सेना और वरिष्ठ ट्रस्टी सुखपाल शर्मा ने मां चंद्रघंटा का पूजन किया। इस मौके पर तमाम गायत्री परिजन मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

सेवा संकल्प अभियान के तहत वजीरगंज में स्वास्थ्य शिविर

वजीरगंज (बदायूं)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर के अंतर्गत कस्बा वजीरगंज में सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 39 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें बुखार से पीड़ित 32 मरीजों को दवाएं वितरित की गईं। इसके साथ ही मरीजों की डेंगू और मलेरिया संबंधी जांच भी की गई। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र में बीमारियों से पीड़ित लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और बुखार के मामलों में आवश्यक जांच के माध्यम से बीमारी की पहचान करना रहा। स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों की जांच कर उन्हें जरूरी दवाएं और चिकित्सकीय परामर्श दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा की देखरेख में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस मौके पर कृष्णा, अब्दुल, संजीव, अशोक सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

दिनदहाड़े ग्राम प्रधान को मारी गोली

जमीन की रंजिश में वारदात का आरोप, बरेली रेफर, तीन दिन पहले बिसौली तहसील में हुआ था विवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

वजीरगंज (बदायूं)। थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव उदयपुर के ग्राम प्रधान इस्लामुद्दीन को मंगलवार को दिनदहाड़े अज्ञात बाइक सवारों ने गोली मार दी। वारदात में प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर बरेली रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन शुरू कर दी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि प्रधान के परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, ग्राम प्रधान इस्लामुद्दीन वगरैन से अपने गांव उदयपुर जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात बाइक सवारों ने उन्हें निशाना बनाते हुए गोली मार दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वारदात से संबंधित जानकारी जुटाई। घायल प्रधान को बेहतर उपचार के लिए बरेली भेजा गया है। पुलिस हमलावरों की पहचान करने और घटना के पीछे की वजह का पता लगाने में जुटी है।



घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण। -जागरण मोर्चा



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती थाना पुलिस। -जागरण मोर्चा

ग्राम प्रधान को गोली मारने की घटना को जमीन संबंधी विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले बिसौली तहसील में फर्जी बैनामा कराने के आरोप को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान मारपीट भी हुई थी। मामले में महिलाओं समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि प्रधान पर हमला इसी रंजिश का नतीजा हो सकता है। हालांकि, पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही हमले की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी। बताया जाता है कि इससे पहले एक युवक की हत्या के मामले में भी ग्राम प्रधान नामजद हुए थे। इस पुराने मामले को भी मौजूदा घटनाक्रम के संदर्भ में देखा जा रहा है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। दिनदहाड़े हुई गोलीबारी के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। ग्रामीण हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है और आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी जमीन और नाले पर कब्जे के विरोध में पांचवें दिन भी धरना जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

कुवरगांव। मालवीय आवास गृह में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। जिलाध्यक्ष सतीश साहू के नेतृत्व में धरनारत किसानों और स्थानीय नागरिकों ने सरकारी जमीन, सार्वजनिक रास्तों और मुख्य नाले पर कथित अवैध कब्जों का मुद्दा उठाते हुए निष्पक्ष पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटाने की मांग की। पदाधिकारियों का आरोप है कि बीएसएनएल कार्यालय के पीछे नई सराय क्षेत्र में आठ फीट चौड़े सार्वजनिक रास्ते और मुख्य नाले की जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया गया है। इससे लोगों के आवागमन में परेशानी हो रही है। नाले की जमीन पर निर्माण से जलनिकासी प्रभावित होने और आसपास की कॉलोनियों में जलभराव की आशंका भी जताई गई। इसके अलावा अस्पताल के पास सरकारी जमीन पर कब्जे और मेडिकल स्टोर के निर्माण का मामला भी उठाया गया। भगवान दास और प्रेमवती की भूमि से जुड़े कथित कब्जे का निस्तारण कराने की मांग की गई। धरनारत लोगों ने प्रशासन से सरकारी भूमि और सार्वजनिक रास्तों की पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटाने तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। जिलाध्यक्ष सतीश साहू और जिला प्रचार मंत्री शरीफ अब्बासी ने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होने की बात कही। इस दौरान दिलशाद अब्बासी, यादवेंद्र सिंह, नूरुद्दीन, भगवान दास, प्रेमवती, परवेज, बादशाह, जुबैर, अबरार, सुभान, मुनव्वर, नौशाद और ताहिर अब्बासी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दातागंज में गूंजा 'कहीं अनकही, कहीं अनसुनी' मोदी जी की कहानियों का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। नगर में 'कहीं अनकही, कहीं अनसुनी मोदी जी की कहानियाँ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन, संघर्ष, कार्यशैली और राष्ट्रसेवा से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। आयोजन को सफल बनाने में भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके सहयोग और मार्गदर्शन से कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप देने के साथ इसके संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की थीम 'कहीं अनकही, कहीं अनसुनी' के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से जुड़े उन पहलुओं को सामने लाने का प्रयास किया गया, जो संघर्ष, परिश्रम, समर्पण और सेवा भाव की प्रेरणा देते हैं। इन प्रसंगों के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है।



कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर शैलेश पाठक। -जागरण मोर्चा



भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक के साथ उमड़ा जन सैलाब। -जागरण मोर्चा

▶ भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक के सहयोग से हुआ आयोजन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संघर्ष और राष्ट्रसेवा से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को किया साझा

भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग देकर प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को लोगों तक पहुंचाने की पहल में अहम योगदान दिया। आयोजन में जनसेवा, राष्ट्र के विकास और सामाजिक जिम्मेदारियों जैसे विषयों को प्रमुखता दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से सकारात्मक सोच अपनाने और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। आयोजन के जरिए राष्ट्र के प्रति समर्पण, सेवा भाव और निरंतर प्रयास के महत्व को रेखांकित किया गया। दातागंज में हुई इस पहल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को साझा कर लोगों को आगे बढ़ने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश देने पर जोर रहा।

हनुमान मंदिर पर कीर्तन में झूमे श्रद्धालु

▶ एमएफ हाईवे किनारे भगवतीपुर भट्टे के पास स्थित प्राचीन मंदिर में उमड़ती है भक्तों की भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर एमएफ हाईवे किनारे भगवतीपुर भट्टे के पास स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भक्ति और आस्था का माहौल बना हुआ है। मंदिर में आयोजित भजन-कीर्तन में श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूम उठे। जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। यह प्राचीन हनुमान मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां प्रत्येक सोमवार को बड़ी संख्या में भक्त दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालु हनुमान जी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। नवरात्रि के दौरान भी मंदिर में भक्तों की आवाजाही बनी हुई है। मंदिर के सेवादार कल्याण सिंह प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए भजन-कीर्तन का आयोजन कराते हैं। इस दौरान भक्त धार्मिक भजनों पर भावविभोर होकर भक्ति में लीन हो जाते हैं। कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और धार्मिक वातावरण का अनुभव होता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। यही वजह है कि प्रत्येक सोमवार को यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल दिखाई दे रहा है।



भजन कीर्तन में मौजूद श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

कक्षा-9 की छात्रा अलशिफा बनीं एक दिन की सीडीओ

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, जगत की कक्षा नौ की छात्रा अलशिफा को एक दिन के लिए प्रतीकात्मक मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बनाया गया। सीडीओ गामिनी सिंगला के निर्देशन में आयोजित पहल का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना है। प्रतीकात्मक सीडीओ अलशिफा ने जनपद में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को करीब से समझा। उन्हें अधिकारियों की भूमिका, जिम्मेदारियों और निर्णय लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। सीडीओ गामिनी सिंगला ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं को सशक्त बनाने और भविष्य के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। ऐसी पहल से बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी क्षमताएं पहचानने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को उचित अवसर देकर उच्च प्रशासनिक पदों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करना जरूरी है।



जनगणना-2027 की तैयारियां तेज, ट्रेनर्स को मिले निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण 'जनसंख्या की गणना' को व्यवस्थित, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में नामित फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान स्व-गणना के प्रचार-प्रसार, व्यक्तिगत सूचनाओं की गोपनीयता और नागरिकों के साथ शालीन व्यवहार पर विशेष जोर दिया गया। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिलाधिकारी अवनीश राय, अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला तथा जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने फील्ड ट्रेनर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश और समाज के विकास की योजनाओं, संसाधनों के नियोजन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की प्राथमिकताएं तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी से करें।प्रशिक्षण में स्व-गणना को प्राथमिकता देते हुए नागरिकों को इसकी प्रक्रिया, उद्देश्य और महत्व की जानकारी सरल भाषा में देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि नागरिकों की शंकाओं का समाधान कर जनगणना के प्रति विश्वास कायम रखा जाए। फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण में मिली जानकारी को गणनाकर्मियों तक स्पष्ट और व्यावहारिक तरीके से पहुंचाएं, ताकि कार्य की गुणवत्ता बनी रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान नागरिकों से प्राप्त व्यक्तिगत सूचनाओं की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्धारित प्रावधानों का कड़ाई से पालन किया जाए और किसी भी व्यक्ति की जानकारी अनधिकृत रूप से साझा न की जाए। गणनाकर्मियों को नागरिकों के साथ सहयोगात्मक और संवेदनशील व्यवहार करने के लिए भी प्रशिक्षित किया जाए। निर्देश दिए गए कि जनगणना के नाम पर नागरिकों से अनावश्यक कागजात, प्रमाणपत्र या अन्य दस्तावेज न मांगे जाएं। गणनाकर्मी निर्धारित प्रश्नावली और अधिकृत प्रक्रिया के अनुसार ही काम करें। नागरिकों के बीच किसी तरह की भ्रांति या आशंका न फैले, इसके लिए सही और आधिकारिक जानकारी का प्रसार सुनिश्चित किया जाए।



ट्रेनिंग के दौरान दिशा निर्देश देती मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला।

इनरव्हील क्लब के डांडिया उत्सव में भजनों और गरबा की रही धूम

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र के अवसर पर डांडिया एवं देवी भजन उत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लब की महिला सदस्यों ने पारंपरिक परिधानों में सजकर देवी भजनों और डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। भक्ति और उत्साह से सराबोर माहौल में पूरा परिसर मां दुर्गा के जयकारों से गूंज उठा। समारोह का शुभारंभ मां दुर्गा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद महिलाओं ने सुमधुर देवी भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भक्ति गीतों पर उपस्थित महिलाएं भावविभोर हो गईं। भजन संध्या के बाद रंग-बिरंगी चनिया-चोली और पारंपरिक गुजराती वेशभूषा में सजी महिलाओं ने डांडिया एवं गरबा नृत्य प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगा दिए। क्लब की अध्यक्ष भारती अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ ही आपसी मेलजोल और उत्साह को बढ़ावा देते हैं। वहीं, सचिव डॉ. सुविधा माहेश्वरी ने कहा कि इनरव्हील क्लब महिलाओं को एक मंच पर एकत्र होकर खुशियां साझा करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष भारती अग्रवाल, सचिव डॉ. सुविधा माहेश्वरी, अर्चना वार्ष्णेय, प्रतिभा अग्रवाल, नीरु, दिव्या, नमिता गर्ग, संयोगिता गर्ग, रितु, लता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, अनुपम गुप्ता, अनुपम शर्मा और मधु शर्मा सहित क्लब की अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

मुशायरा सुबह चार बजे तक चली शायरी की महफिल, शायरों और कवियों को सामईन ने दी दाद-ओ-तहसीन

ऑल इंडिया मुशायरे में असरार मुज़्तर की तीन किताबों का विमोचन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। नाहर खां सराय में आयोजित ऑल इंडिया मुशायरे एवं कवि सम्मेलन में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक और शायर असरार अहमद खां मुज़्तर बदायूंनी की तीन पुस्तकों नूर का पैकर, नूर का सागर और नूर की बरखा का विमोचन किया गया। देर रात तक चली इस अदबी महफिल में देश के विभिन्न जिलों से आए शायरों और कवियों ने अपने कलाम पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम फैजुल औलिया हजरत मौलाना गाजी मियां हुजूर की सरपरस्ती, मुख्तार तिलहरी की कयादत और असरार नसीमी एडवोकेट की सदारत में आयोजित हुआ। पूर्व मंत्री आबिद रजा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि मशहूर शायर डॉ. हिलाल बदायूंनी ने निजामत की। महफिल का आगाज शमा अफरोजी से हुआ, जिसमें मुख्तार तिलहरी, असरार नसीमी, डॉ. हिलाल बदायूंनी, असरार मुज़्तर, सुरेंद्र नाज और डॉ. शम्स मुजाहिदी शामिल रहे। इसके बाद असरार मुज़्तर की तीनों पुस्तकों का विमोचन पूर्व मंत्री आबिद रजा, मुख्तार तिलहरी, असरार नसीमी और डॉ. मुजाहिद नाज ने किया। इस अवसर पर आबिद रजा ने असरार मुज़्तर को शॉल ओढ़ाकर और गुलपोशी कर मुबारकबाद दी। कमेटी की ओर से अबरार, अब्बास, शोएब, डॉ. जकीर, तालिब, अताउर्रहमान, सलीम और अरबाज ने शायरों का गुलपोशी और प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया। अबरार मंजर ने अपने पिता असरार मुज़्तर की नात पेश की।



ऑल इंडिया मुशायरे में कलाम पेश करते डॉ शम्स मुजाहिदी।

शाकिर रजा बदायूंनी ने नात-ए-पाक 'मुझको तैबा में बुलाएंगे हुजूर, अपना दीदार कराएंगे हुजूर' पेश कर महफिल की शुरुआत की। सदारत कर रहे असरार नसीमी बरेलवी ने इंसान के अहंकार और फकीरी पर अपने अशआर सुनाए। मुख्तार तिलहरी सकलैनी ने तकब्बुर के अंजाम को बयां करते हुए कहा, 'फलक पर तो बड़ी इज्जत थी उसकी, मुकद्दर ने जमीं का भी न रखा।' डॉ. मुजाहिद नाज बदायूंनी ने सामाजिक परिस्थितियों पर आधारित कलाम सुनाकर वाहवाही बटोरी। वहीं, असरार मुज़्तर बदायूंनी ने अपने अशआर 'जब वह दिल के करीब होते हैं, वह भी लम्हे अजीब होते हैं' सुनाकर श्रोताओं की दाद हासिल की। कानपुर से आईं नूरी परवीन ने वफा और मोहब्बत पर आधारित गजल पेश की। डॉ. शम्स मुजाहिदी बदायूंनी, रोशन निजामी चंदौसी, सुरेंद्र नाज बदायूंनी और डॉ. हिलाल बदायूंनी ने भी अपने कलाम से महफिल में रंग जमाया। डॉ. हिलाल बदायूंनी ने बदायूं से अपने जुड़ाव और सच लिखने वाले कलमकार की अहमियत को शेरों के जरिए बयां किया। अरशद रसूल ने देश के बंटवारे का दर्द बयां करते हुए कहा, 'अगर हिंदू मुसलमां का यहां झगड़ा नहीं होता, हमारे मुल्क का नक्शा कभी ऐसा नहीं होता।'

बिसौली के अमीर उद्दीन अमीर और सादिक अलापुरी ने भी अपने कलाम से खूब तालियां बटोरीं। सादिक अलापुरी का शेर 'लाख उल्फत के चिरागों की हिफाजत कीजे, कोई मौसम हो चिरागों को हवा लगती है' श्रोताओं को खासा पसंद आया। मुशायरे में मसहूद खां हमदम बिसौलवी, नोमान मकनपुरी, अम्न बरेलवी, अहमद अमजदी बदायूंनी, शहजाद चंदौसवी, डॉ. दानिश बदायूंनी, बाकर जैदी बरेलवी, चांद ककरालवी, बिलाल राज बरेलवी, डॉ. नासिर बदायूंनी, श्रीदत्त शर्मा मुज़्तर बिसौलवी, राहिल बरेलवी, समर बदायूंनी, अजहान वारसी, सगीर सैफी, उज्ज्वल वशिष्ठ, असीर हतरवी, डॉ. अरविंद धवल, आबशार आदम, जयवीर चंद्रवंशी, इमरान सैदपुरी, डॉ. सोहराब ककरालवी, अंजुम लक्ष्मीपुरी, डॉ. कमाल अख्तर और अजमत ककरालवी समेत अनेक शायरों व कवियों ने अपनी रचनाएं सुनाईं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री आबिद रजा समेत बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी मौजूद रहे। असरार अहमद खां मुज़्तर बदायूंनी ने सभी अतिथियों, शायरों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

खासपुर में पुरानी रंजिश के बाद फिर भिड़े दो पक्ष, 3 घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

कुंवरगांव। थाना क्षेत्र के खासपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार सुबह दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में एक पक्ष की महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के कानों से कुंडल नोचने का भी आरोप लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी जाहिद अली पुत्र तालिब अली का आफदीन और भूरे से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। इसमें जाहिद अली, उनकी पत्नी मुकीम बानो समेत तीन लोग घायल हो गए। आरोप है कि मारपीट के दौरान मुकीम बानो के कानों से कुंडल भी नोच लिए गए। बताया जाता है कि विवाद की शुरुआत सोमवार को महिलाओं के बीच हुई कहासुनी से हुई थी। मामला थाने पहुंचने पर दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया था, लेकिन मंगलवार सुबह फिर विवाद हो गया और मारपीट शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने बताया कि सोमवार को महिलाओं के बीच हुए विवाद में समझौता हो गया था। मंगलवार को एक पक्ष का तीसरे पक्ष से झगड़ा हुआ है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

पत्नी ने पति पर लगाया बच्ची को ले जाने का आरोप

पुवायां। डेढ़ माह की बच्ची को पति द्वारा ले जाने का आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता चांद तारा पत्नी जमदुल्ला निवासी अमीन नगर, थाना मोहम्मदी, जनपद लखीमपुर खीरी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 11 अक्टूबर को वह अपनी डेढ़ माह की बच्ची को लेकर अपने मायके करनापुर गांव आई थी। आरोप है कि अगले दिन उसका पति बच्ची को खिलाने के बहाने घर के बाहर ले गया। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी वह वापस नहीं लौटा। इसके बाद महिला ने पति को फोन किया तो उसने बच्ची को ले जाने से इनकार करते हुए अपने घर पहुंचने की बात कही और धमकी देकर फोन काट दिया। पीड़िता ने पुलिस से बच्ची को वापस दिलाने और मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

राष्ट्रीय कवि अनूप मिश्र 'तेजस्वी' की प्रथम पुण्यतिथि पर साहित्यकार हुये सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय





पुवायां, शाहजहांपुर। अखिल भारतीय साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था प्रेरणा परिवार द्वारा प्रेरणा परिवार के संस्थापक अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि अनूप मिश्र 'तेजस्वी' की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 12 अक्टूबर को हॉली चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, पुवायां में काव्यांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काइनेटिक इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. विवेक कुमार गुप्ता ने मां शारदे व अनूप मिश्र तेजस्वी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया मां शारदे की वन्दना आलोक दीपक ने प्रस्तुत की व मंच संचालन करते विजय तन्हा ने अनूप मिश्र तेजस्वी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. विवेक कुमार गुप्ता, अनूप मिश्र तेजस्वी के सुपुत्र आयुष मिश्रा तेजस्वी व राजेश नीलम गुप्ता द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार हरेंद्र द्विवेदी 'जलज' को साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'साहित्य शिरोमणि सम्मान' प्रदान करते नकद धनराशि भी भेंट की गयी इसके साथ ही ज्ञानेंद्र मोहन 'ज्ञान', सरोज मिश्र, अमित श्रीवास्तव, ब्रह्म स्वरूप मिश्र, विकास सोनी 'ऋतुराज', आलोक 'दीपक' तथा शिवओम शुक्ल 'प्यासा' का माल्यार्पण, शाल्यार्पण करते 'तेजस्वी स्मृति सम्मान' पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. विवेक कुमार गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते अनूप मिश्र 'तेजस्वी' के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कहा साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं उनका साहित्य और विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहते हैं। 'तेजस्वी' की स्मृति में आयोजित यह समारोह साहित्य के प्रति समर्पण और रचनाकारों के सम्मान की एक सार्थक है। कार्यक्रम में संदीप गुप्ता, हरिओम त्रिवेदी, कमलकांत "सागर" कालीचरण, आनन्द पाण्डेय, पुष्पेन्द्र शर्मा आदि सभी साहित्यकारों ने स्वर्गीय अनूप मिश्र 'तेजस्वी' के साहित्यिक योगदान को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि व काव्यांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वेद प्रकाश पाण्डेय, राजीव शर्मा, कुलदीप प्रकाश गुप्ता, सुधीर पाठक, राजेश गुप्ता, अनुराग गुप्ता, अर्पित सिंह, अमन गुप्ता, रवि प्रकाश मिश्र, प्रदीप बैरागी, शोर्य व सुब्रत आदि अनेक लोग मौजूद रहे। समापन पर अनूप मिश्रा तेजस्वी के सुपुत्र कार्यक्रम आयोजक आयुष मिश्र तेजस्वी ने अपने पिताजी की स्मृति में कविता पाठ किया एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

छात्रा सोयबी बनी एक दिन की जिलाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुवायां, शाहजहांपुर। मिशन शक्ति फेज-6 के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवा की होनहार छात्रा सोयबी को एक दिन की जिलाधिकारी बनने का अवसर मिला। इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। प्रतीकात्मक जिलाधिकारी बनीं सोयबी ने स्कूली छात्रों की समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर निस्तारण किया।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पल्लवी वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता विकसित करना है। सोयबी की इस उपलब्धि को बालिकाओं की प्रतिभा और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बताया गया। प्रधानाध्यापिका पल्लवी वर्मा ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा, उचित मार्गदर्शन और आगे बढ़ने के अवसर मिलें तो वे हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं। इस तरह की पहल उन्हें बड़े सपने देखने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने सोयबी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सहायक अध्यापिका शबीह फातमा, अनुदेशक प्रतिभा पटेल तथा छात्राएं तरन्नुम, दिव्या, निष्ठा और शताक्षी सहित अन्य मौजूद रहीं।

धान खरीद में शिकायतों पर शिकंजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ सुबह नौ से शाम छह बजे तक दर्ज होंगी किसानों की शिकायतें, लापरवाही पर अधिकारियों से होगा जवाब-तलब

पुवायां, शाहजहांपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत धान खरीद को पारदर्शी बनाने और किसानों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पांडेय की ओर से जारी आदेश में नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। धान खरीद के दौरान किसानों से जुड़ी शिकायतों, क्रय प्रक्रिया की निगरानी और क्रय केंद्रों के अधिकारियों से संबंधित समस्याओं को दर्ज कर उनका निस्तारण कराया जाएगा। इसके लिए नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 05842-221986 तथा मोबाइल और व्हाट्सऐप नंबर 95190-63411 जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार, कनिष्ठ सहायक शिवम सिंह परिहार सुबह नौ बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक नियंत्रण कक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, विपणन सहायक मुजम्मिल अहमद खां दोपहर डेढ़ बजे से शाम छह बजे तक शिकायतें सुनेंगे और उनके निस्तारण की प्रक्रिया आगे बढ़ाएंगे। नियंत्रण कक्ष सामान्य दिनों में सुबह नौ से शाम छह बजे तक सक्रिय रहेगा। राजपत्रित अवकाश को छोड़कर अन्य अवकाश के दिनों में सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक इसका संचालन किया जाएगा। प्राप्त शिकायतों को शिकायत पंजिका में दर्ज कर संबंधित सक्षम अधिकारियों को निस्तारण के लिए भेजा जाएगा। निस्तारित शिकायतों का नियमित अभिलेख भी रखा जाएगा और शिकायत पंजिका को समय-समय पर अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। व्यवस्था का उद्देश्य धान खरीद के दौरान किसानों को होने वाली परेशानियों पर प्रभावी अंकुश लगाना और खरीद प्रक्रिया की निगरानी मजबूत करना है।

एसडीएम-अधिवक्ता विवाद, कोर्ट बहिष्कार

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां तहसील से बड़ी खबर सामने आ रही है। तहसील में अधिवक्ताओं और एसडीएम के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद अधिवक्ताओं ने एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके न्यायालय का बहिष्कार कर दिया।

तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री गौरव शुक्ला ने एसडीएम पर फोन नहीं उठाने और शिकायत करने पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और अधिवक्ताओं को शांत किया। इसके बाद एसडीएम मौके से चले गए। जाते समय भी अधिवक्ताओं ने एसडीएम के सामने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद अधिवक्ता शांत होकर चले गए। इस दौरान तहसील में काफी देर तक हंगामा होता रहा। अधिवक्ताओं ने बताया कि एसडीएम का व्यवहार ठीक नहीं है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री गौरव शुक्ला ने बताया कि एसडीएम का व्यवहार ठीक नहीं है और वह फोन भी नहीं उठाते हैं। जानकारी करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। इसी को लेकर कोर्ट का बहिष्कार किया जा रहा है। एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि कोर्ट में गलत तरीके से कार्य कराना चाहते हैं नहीं करने पर इस तरह से आरोप लगाए जा रहे हैं। किसी से कोई अभद्रता नहीं की गई है।

संक्षेप समाचार

मातृशक्तिः एक दिन की बीएसए बनीं अवनी बिटिया, शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया जोर



पुवायां, शाहजहांपुर। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी, भावलखेड़ा की कक्षा आठ की छात्रा अवनी को एक दिन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) बनाया गया। अल्पदृष्टि की चुनौती के बावजूद अवनी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ बीएसए की भूमिका निभाई और बेसिक शिक्षा विभाग के कामकाज को करीब से जाना। एक दिन की बीएसए बनीं अवनी ने शिक्षा व्यवस्था को समझते हुए शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अनूठे अवसर पर अवनी ने गौरवान्वित महसूस किया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करना और उनके भीतर आगे बढ़ने की प्रेरणा जगाना है। इस अवसर पर उपस्थित रहे: धर्मेंद्र कुमार वर्मा, सीडीओ शाहजहांपुर, बीएसए शाहजहांपुर एवं अंकित गुप्ता।

धान की कटाई के दौरान महिला को सांप ने काटा

शाहबाद। मंगलवार को खेत में धान की कटाई के दौरान कोतवाली क्षेत्र के खंदेली निवासी 45 वर्षीय वीरवती को सांप ने डस लिया। घटना के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन आनन-फानन में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर पहुंचे। सीएचसी में तैनात चिकित्सकों ने महिला को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया। उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार होने पर चिकित्सकों ने उन्हें घर भेज दिया। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों को खेतों में काम करते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है, खासकर धान की कटाई के दौरान क्योंकि इन दिनों खेतों में सांपों का खतरा बढ़ जाता है।

शाहबाद के ग्राम प्रहरी को सीएम ने किया सम्मानित

▶ ग्राम प्रहरियों का बढ़ा मानदेय, अब हर माह मिलेंगे 3500

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रहरी को मंच से सम्मानित करते सीएम योगी।

शाहबाद। बरेली पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम में शाहबाद कोतवाली के ग्राम प्रहरी को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंच से सम्मानित किया गया। जिसके चलते कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बताते चलते की यूपी के 68 हजार ग्राम प्रहरियों का मानदेय 1,000 रुपए बढ़ा दिया गया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बरेली की रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित ग्राम प्रहरी सम्मान समारोह में यह घोषणा की। उन्होंने ग्राम प्रहरियों और उनके परिवारों को सालाना 5 लाख रुपए तक कैशलेस इलाज की सुविधा देने की भी घोषणा की। इस दौरान शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रहरी प्रकाश उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मंच पर बुलाया गया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें पगड़ी पहनाई और हैम्पर गिफ्ट किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शहरों में सीसीटीवी कैमरे जिस तरह अपराधियों पर नजर रखते हैं, उसी तरह गांवों में ग्राम प्रहरी निगरानी का काम करें। संदिग्ध गतिविधियों, अपराध और जमीन पर कब्जा करने वालों की सूचना तुरंत पुलिस तक पहुंचाएं।

शाहबाद कोतवाली के ग्राम प्रहरी समेत 11 लोगों को किया सम्मानित

शाहबाद। मुख्यमंत्री योगी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 ग्राम प्रहरियों को मंच पर साफा पहनाकर और गिफ्ट हैम्पर देकर सम्मानित किया। इनमें रामपुर जनपद की शाहबाद कोतवाली के ग्राम प्रहरी प्रकाश समेत बरेली के फरीदपुर से राजवीर सिंह, सिरौली से कुंवर पाल सिंह, बहेड़ी से राम राठौर, पीलीभीत के सुनगढ़ी से राजेंद्र बाल्मीकि, शाहजहांपुर के पुवायां से कमलेश, मुरादाबाद के कांठ से कमलेश सिंह सैनी, बिजनौर की शहर कोतवाली से राजेश सैनी, संभल के हजरतनगर गढ़ी से अनिल बाल्मीकि, रामपुर के टांडा से ध्यान सिंह चौहान और अमरोहा के नौगावां सादात से तेजपाल प्रजापति शामिल रहे।

धान खरीदः नमी की शर्त बनी अग्निपरीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। जिला में 223 क्रय केंद्रों पर खरीद का दावा, अब किसानों को मानक पर खरा उतरने की चुनौती जनपद में 12 अक्टूबर से धान खरीद शुरू हो गई है। किसानों से सरकारी समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए जिले में 223 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। हालांकि, सरकारी केंद्रों पर धान बेचने के लिए किसानों को 17 प्रतिशत या उससे कम नमी का मानक पूरा करना होगा। ऐसे में किसानों के सामने धान को निर्धारित मानक के अनुरूप तैयार करने की चुनौती है। धान खरीद शुरू होने के साथ ही किसानों की निगाहें क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं पर टिकी हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन किसानों के धान में निर्धारित सीमा से अधिक नमी होगी, उन्हें खरीद के लिए कितना इंतजार करना पड़ेगा और केंद्रों पर उनकी सुविधा के लिए क्या इंतजाम किए गए हैं। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है, उन्हें धान बेचने के लिए अलग से ऑनलाइन पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं है। ऐसे किसान अपना फार्मर रजिस्ट्री नंबर लेकर क्रय केंद्र पर पहुंच सकते हैं। जिले में 223 क्रय केंद्र बनाए जाने के बावजूद खरीद व्यवस्था की असली परीक्षा किसानों की सुविधा, धान की गुणवत्ता के मानकों और समय पर खरीद से होगी। अब देखना यह है कि खरीद केंद्रों पर किसानों को बिना अनावश्यक परेशानी के धान बेचने का मौका मिलता है या उन्हें नमी की शर्त और अन्य औपचारिकताओं के चलते इंतजार करना पड़ता है।

नेशनल कैडेट कोर एनसीसी के बच्चों ने राहगीरों को नगर के राजीव चौक पर पढ़ाए यातायात के नियम



पुवायां, शाहजहांपुर। मंगलवार को सुबह पुवायां इंटर कालेज के एनसीसी के बच्चों ने राजीव चौक पर राहगीरों व बाइक चालको को यातायात नियम का पाठ पढ़ाया साथ ही उन्होंने बगैर हेलमेट पहने हुए बाइक सवारों को गुलाब का फूल देकर बताया कि आप सभी लोग हेलमेट पहनें ताकि आप लोग सभी सुरक्षित रहें और कहा कि घर पर आपका बच्चे इंतजार कर रहे हैं पलक झपकते ही दुर्घटना होने से परिवार नष्ट हो जाते हैं स्कूली बच्चों के द्वारा दो पहियावाहन चालकों को गुलाब का फूल लेकर गांधीगिरी करने की अनोखी पहल की चर्चा हो रही है।

बेकरी प्रोडक्ट्स बनाने का प्रशिक्षण शुरू

शाहजहांपुर। नगर क्षेत्र के बिजलीपुरा स्थित मदरसा नूर उल हुदा में युवाओं एवं युवतियों को हुनरमंद बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बेकरी प्रोडक्ट्स बनाने का प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत इच्छुक अभ्यर्थियों को पिज्जा, बर्गर और केक सहित विभिन्न बेकरी उत्पाद बनाने का हुनर सीखने का अवसर मिलेगा। मदरसा प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने बताया प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी मात्र एक सप्ताह में बेकरी उत्पाद बनाने की बुनियादी जानकारी एवं व्यावहारिक कौशल सीखने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण में प्रवेश ले सकते हैं। आज के दौर में बेकरी उत्पादों की मांग लगातार बनी रहती है। ऐसे में पिज्जा, बर्गर और केक बनाने का हुनर सीखकर युवा अपना छोटा व्यवसाय शुरू करने, घर से काम करने अथवा रोजगार के नए अवसर तलाशने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। यह प्रशिक्षण स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाने के इच्छुक लोगों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है।

रामगंगा पुल पर बाइक फिसली, दंपति ज़ख्मी

शाहबाद। मंगलवार को शाहबाद- बाजपुर स्टेट हाइवे स्थित रामगंगा पुल पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिसके चलते सड़क पर गिरकर बाइक सवार दंपति जख्मी हो गए। कोतवाली क्षेत्र के टांडा गांव निवासी छोटे लाल गुप्ता अपनी पत्नी शशिबाला गुप्ता के साथ बाइक पर सवार होकर रामपुर की ओर से आ रहे थे, इसी दौरान रास्ते में रामगंगा पुल पर उनकी बाइक फिसल गई, जिसके चलते बाइक सवार दंपति जख्मी हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद ले गए। यहां चिकित्सकों ने दोनों को प्राथमिक उपचार दिया। उपचार के बाद पति-पत्नी को घर भेज दिया गया।

पुवायां में भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र पाल का हुआ स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष महेंद्र पाल का पुवायां आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। रामलीला मैदान स्थित अनुसूचित मोर्चा के जिला मंत्री और पूर्व सभासद राहुल कुमार के आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में नवनियुक्त अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र पाल ने कहा कि भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता को उचित सम्मान के लिए सदैव तत्पर हूं। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के कल्याण के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाकर ही दम लूंगा। अंतोदय से ही भारत को राष्ट्र गुरु बनाने की संकल्पना को पूर्ण किया जा सकता है। पुवायां में आयोजित भव्य स्वागत समारोह से गदगद होकर जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा महेंद्र पाल ने कहा कि यह सब कार्यकर्ताओं का प्यार है, पद मायने नहीं रखता है भाजपा का एक बूथ लेवल का कार्यकर्ता भी सम्मान के योग्य है। भाजपा में बूथ अध्यक्ष को राष्ट्रीय स्तर का नेतृत्व भी सम्मान देने का कार्य करता है, और यह भाजपा में ही संभव है। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र अवस्थी सभासद गौरव त्रिवेदी सुरेंद्र दीक्षित प्रेम शंकर बाजपेई संजीव शुक्ला रामकुमार लेखराज, कवि प्रदीप वैरागी सहित तमाम मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मजदूरी के रुपए मांगने पर युवक को पीटा

पुवायां। मजदूरी के रुपये मांगने गए व्यक्ति के साथ गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट की गई। बचाने आई उसकी पुत्री को भी पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के मुड़िया कुर्मियात गांव निवासी धर्मवीर पुत्र फूलचंद ने पुलिस को बताया कि वह गांव के ही एक व्यक्ति के साथ हरियाणा में मजदूरी करने गया था। उसकी मजदूरी के 15 हजार रुपये बकाया हैं। मंगलवार को वह रुपये मांगने गया तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आई उसकी पुत्री मुस्कान को भी पीटा। पीड़ित ने पुलिस से मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खंड विकास स्तर पर विशेष रोजगार सृजन दिवस का हुआ आयोजन



जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां। मंगलवार को खंड विकास स्तर पर विशेष रोजगार सृजन दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सरकार के द्वारा चलाई जा रही विशेष महत्वाकांक्षी योजना बीबी राम जी से प्रवासी श्रमिक तथा जॉब कार्ड धारकों को जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस दौरान खंड विकास अधिकारी राम प्रकाश राना ने संबोधित करते हुए कहा सरकार की प्राथमिकता है की हर हाथ को काम और हर घर को रोजगार देना। और विकासखंड हमेशा से ही युवाओं और महिलाओं की मदद के लिए तत्पर रहता है। इस विशेष दिवस पर अभियान के शुरुआत में हर ग्राम पंचायत स्तर पर लगभग 7152 श्रमिकों को योजना से नियोजित किया गया। इस दौरान सभी ग्राम पंचायत अधिकारी तथा एडीओ, सेक्टर प्रभारी और एपीओ मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

युवती को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

चंदौसी। थाना बनियाठेर क्षेत्र के एक गांव से हरदोई निवासी एक युवक द्वारा युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस को दी गई शिकायत में ग्रामीण ने बताया कि उनकी पुत्री कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी, जिसके चलते उसे इलाज के लिए गाजियाबाद बड़ी बहन के पास भेजा गया था। गाजियाबाद में रहने के दौरान ग्राम चौंसर जिला हरदोई निवासी नीतेश पुत्र जयप्रकाश से उसका संपर्क हो गया था। कुछ दिन पहले युवती अपने गांव वापस आई थी। आरोप है कि 8 अक्टूबर 2026 को नीतेश घर आया और युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया, जिसे जाते हुए ग्रामीण की दूसरी पुत्री ने भी देखा था। काफी खोजबीन के बाद भी जब युवती का कोई सुराग नहीं लगा, तो पिता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच और युवती की बरामदगी के प्रयास में जुट गई है।

रामबाग धाम में गूंजी राम जन्म की बधाइयां ताड़का वध से हुआ राक्षसी शक्तियों का अंत

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। श्री रामलीला नाट्य परिषद चन्दौसी के तत्वावधान में रामबाग धाम के विशाल रंगमंच पर चल रही रामलीला में श्री राम जन्म, शिक्षा-दीक्षा और ताड़का वध की लीला का भावपूर्ण व जीवंत मंचन किया गया। लीला का शुभारंभ आज के मुख्य यजमान स्व. हरिओम राशन वालों की पावन स्मृति में उनके परिवारजनों विनय कुमार, प्रदीप कुमार, अभय वार्ष्णेय, आकाश वार्ष्णेय ए.ए इंडस्ट्रीज एवं समस्त परिवार द्वारा विधिवत फीता काटकर किया गया। दर्शकों के आकर्षण के लिए स्व. मुरली मनोहर गुप्ता एवं स्व. राजेश्वरी देवी की पुण्य स्मृति में उनके परिजनों संजीव कैथल वाले और गोविंद वार्ष्णेय आर्किटेक्ट, एमएम डिजाइन की ओर से लकी ड्रा, बम्पर ड्रा एवं सुपर बम्पर ड्रा निकाले गए।


चंदौसी में रामबाग धाम पर लीला का मंचन करते कलाकार। -जागरण मोर्चा

मंचन के दौरान सर्वप्रथम श्रवण कुमार ऋतिक अपने अंधी माता ज्ञानवती व पिता शांतनु प्रतीक को कांवड़ में बैठाकर तीर्थ यात्रा पर ले जाते दिखे। नदी तट पर जल भरते समय राजा दशरथ संजय गौतम द्वारा अनजाने में शब्दभेदी बाण चलाने से श्रवण कुमार की मृत्यु हो जाती है। पुत्र वियोग में बिलखते माता-पिता राजा दशरथ को पुत्र वियोग का ही श्राप दे देते हैं। इसके पश्चात अयोध्या नरेश दशरथ व माता कौशल्या के महल में प्रभु श्री राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का शुभ जन्म होता है, जिससे पूरी अयोध्या नगरी बधाइयों और उल्लास के वातावरण में सराबोर हो जाती है। गुरुकुल में अस्त्र-शास्त्र की शिक्षा पूर्ण कर चारों कुमार वापस महल लौटते हैं। आगे के दृश्य में, महर्षि विश्वामित्र ऋतिक यज्ञ रक्षा हेतु राजा दशरथ से श्री राम प्रतीक और लक्ष्मण हर्षित को मांगकर अपने आश्रम ले जाते हैं। वहां श्री राम और लक्ष्मण अत्याचारी राक्षसी ताड़का नवीन दरोगा व अन्य असुरों का संहार करते हैं। एक अन्य दृश्य में रावण गोविंद किशोर द्वारा ऋषि कन्या वेदवती का अनादर करने पर वेदवती उसे भस्म होने का श्राप देती है। वहीं मेघनाद प्रवर द्वारा ऋषियों से कर मांगने व यज्ञ भंग करने पर ऋषि कन्हैया लाल उसे श्रापित करते हैं। परिषद की ओर से सभी अतिथियों व यजमानों का माला, पटका, माता की चुनरी पहनाकर सम्मान किया गया तथा उपहार स्वरूप श्रीरामचरितमानस ग्रंथ एवं गंगाजली भेंट की गई। मंच का कुशल संचालन अमित अप्पू ने किया। कार्यक्रम में प्रधान गिरराज किशोर, उपप्रधान नवीन चौधरी, मंत्री कपिल राजा, निर्देशक प्रदीप शर्मा, ओमेंद्र वार्ष्णेय, दिव्यांशु, दीपक सोनू, स्टेज प्रबंधक प्रमोद गुरु, संयोजक अमित केएस, हीरालाल, संगीतकार ओम पेंटर, राज बिहारी, सिद्धार्थ, वंश, उमंग वार्ष्णेय, धीरेंद्र डिब्बे वाले, सुरेंद्र डिब्बे वाले, कृष्णा डीजे, प्रियंक वार्ष्णेय, वासु गुप्ता, मुकुल शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी व कलाकार उपस्थित रहे।

रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज निर्माण का डीएम-एसपी ने लिया जायजा, सर्विस रोड चौड़ीकरण के निर्देश

चंदौसी। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने मंगलवार को रेलवे क्रॉसिंग स्थित फाटक संख्या 36 बी पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ओवरब्रिज के पास सर्विस रोड का चौड़ीकरण तत्काल कराने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और निर्माण कार्य में बाधा दूर करने के लिए सर्विस रोड के समीप लगे ट्रांसफार्मर को अन्यत्र शिफ्ट कराने को कहा। उन्होंने नगर पालिका परिषद चंदौसी के अधिशासी अधिकारी को नगर क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और नियमित सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही नहीं होनी चाहिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

शासन के नोडल अधिकारी ने किया एनआरसी व विकास कार्यों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश


चंदौसी। विशेष आकांक्षी ब्लॉकों के विकास के लिए नामित नोडल आईएएस अधिकारी जंग बहादुर यादव ने मंगलवार को चंदौसी सीएचसी स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य सुधार की प्रगति का जायजा लिया। एनआरसी प्रभारी डॉ. गौरी ने बताया कि केंद्र में भर्ती गंभीर कुपोषित बच्चे स्वस्थ होकर सामान्य श्रेणी में लौट रहे हैं। इसके बाद नोडल अधिकारी ने बनियाखेड़ा ब्लॉक के पतरौआ गांव में आरसीसी सेंटर तथा भुलावई में आंगनबाड़ी केंद्र, प्रधानमंत्री आवास और सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया। भुलावई में कूड़ाघर में कचरा डालने के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता की कमी मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, डॉ. हरविंदर सिंह, नीरज द्विवेदी, रामानुज सिंह, रचना यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

यूपीआई शुल्क के विरोध में पीएम को ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित मर्चेंट डिस्काउंट रेट व्यवस्था के विरोध में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल आगे आया है। संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन सौंपकर व्यापारियों के हित में इस व्यवस्था पर पुनर्विचार करने और इसे लागू न करने की पुरजोर मांग की है।

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने देश के करोड़ों व्यापारियों के लिए व्यापार को सरल और पारदर्शी बनाया है। हालांकि,2,000 हजार से अधिक के पर्सन टू मर्चेंट लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाने के फैसले से छोटे और मध्यम व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। किराना, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवा, और खाद्यान्न जैसे व्यवसायों में लाभ का प्रतिशत प्रॉफिट मार्जिन बहुत कम होता है, ऐसे में यह शुल्क व्यापारियों के लाभांश को सीधा प्रभावित करेगा।


चंदौसी में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

व्यापारियों की प्रमुख मांगें

- 2,000 हजार से अधिक के सामान्य यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क को तुरंत निरस्त किया जाए।
- यूपीआई स्वीकार करने वाले छोटे व्यापारियों के लिए 'डिजिटल भुगतान प्रोत्साहन योजना' लागू की जाए।
- ऐसी किसी भी नीति को लागू करने से पहले बैंकों और व्यापारी संगठनों की एक संयुक्त विचार-विमर्श समिति बनाई जाए।
- यूपीआई को कम लागत वाली भुगतान व्यवस्था बनाए रखकर नकद लेनदेन की जगह डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया जाए।
- व्यापारिक नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि डिजिटल लेनदेन की लागत बढ़ती रही, तो व्यापारी मजबूर होकर पुनः नकद लेनदेन को प्राथमिकता देने लगेंगे, जिससे डिजिटल इंडिया अभियान के उद्देश्य पर असर पड़ेगा।

ज्ञापन सौंपने में ये रहे मौजूद

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, सुरेश वार्ष्णेय, सुधीर अग्रवाल, मनोज वार्ष्णेय, कपिल वार्ष्णेय, गोपाल, राहुल अग्रवाल, देवेंद्र मोनू, शीनू गुप्ता, हाजी इश्त्याक बेग आदि व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

बालिकाओं को सिखाए हेल्पलाइन नंबर

चंदौसी। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर डीएम अंकित खंडेलवाल और एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में रैली निकालकर मिशन शक्ति फेज-6 का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट काउंसलर गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने आपातकालीन सहायता के लिए 112, 1090, 181, 1098 और 1930 हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। इस दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मीनू भारती, निशा लक्ष्ता, मंतशा, संतोष, स्नेहा, रूपाली, दिया, आध्या और दीपा सहित अन्य का सहयोग रहा।

मंडी समिति में धान खरीद के केंद्र शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। चंदौसी मंडी समिति परिसर में 12 अक्टूबर (मंगलवार) से धान खरीद के तीन सेंटर विधिवत रूप से चालू हो गए हैं। इनमें दो सेंटर खाद्य विभाग और एक सेंटर पीसीएफ का स्थापित किया गया है। ये सभी केंद्र 12 अक्टूबर से आगामी 15 फरवरी तक निरंतर संचालित रहेंगे।


चंदौसी मंडी समिति में धान क्रय केंद्र पर जानकारी करते किसान। -जागरण मोर्चा

सरकार द्वारा इस सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है

- धान कॉमन 2,441 रुपए प्रति क्विंटल
- धान ग्रेड-ए 2,461 रुपए प्रति क्विंटल

किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए सम्भल जिले में कुल 52 सरकारी धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जिनका तहसीलवार विवरण

- संभल तहसील 22 क्रय केंद्र
- चंदौसी तहसील 17 क्रय केंद्र
- गुन्नौर तहसील 13 क्रय केंद्र

मंडी समिति में धान खरीद शुरू होने से क्षेत्रीय किसानों को सहूलियत मिलेगी। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे अपना धान सुखाकर व साफ-सुथरा लेकर केंद्रों पर आएं, ताकि उन्हें उपज का पूरा सरकारी मूल्य समय पर मिल सके।


चंदौसी में ताइक्वांडो चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

देहरादून में चंदौसी के ताइक्वांडो खिलाड़ियों का कमाल, जीते 13 मेडल

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। देहरादून के टचवुड स्कूल में 10-11 अक्टूबर को आयोजित प्रेस्टीज कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सम्भल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 13 पदक 3 गोल्ड, 2 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज अपने नाम किए। प्रतियोगिता में चंदौसी की विभिन्न अकादमियों के बच्चों ने हिस्सा लिया। **गोल्ड मेडल:** शिव, आशीष और रेना। **सिल्वर मेडल:** कीर्ति और शनाया। **ब्रॉन्ज मेडल:** आराध्या, अंशिका, ऋतिक, आदित्य, प्रिंस, क्रिश, संतराम और वैभव। मंगलवार को चंदौसी लौटने पर सभी विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान कोच राहुल व मनन भी मौजूद रहे।

महिला पुलिस और कैडेट्स ने संभाली यातायात


चंदौसी में यातायात व्यवस्था के लिए जागरुक करते प्रभारी निरीक्षक संत कुमार।


बदायूं चुंगी पर एनसीसी कैडेट्स को यातायात के लिए जागरूक करती पुलिस।

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। में मिशन शक्ति फेज 6 के तहत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के पर्यवेक्षण में चंदौसी में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व आमजन को यातायात नियमों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। यातायात निदेशालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में थाना चंदौसी प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह, यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जग रोशन, एमएसके प्रभारी चंदौसी एसआई आरती सिसौदिया, एमएसके प्रभारी कुढ़फतेहगढ़ गुरजिंदर कौर और सर्किल चंदौसी की मिशन शक्ति टीम सक्रिय रही। अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों और एनसीसी की महिला कैडेट्स के आपसी समन्वय से बदायूं चुंगी, फव्वारा चौक,और तहसील तिराहा जैसे प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक का सफल संचालन कराया गया। अभियान के दौरान राहगीरों और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। साथ ही, महिला एवं यातायात सुरक्षा से जुड़े आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों 1090 वुमन पावर लाइन 102 स्वास्थ्य सेवा 181 महिला हेल्पलाइन 1976 और 112 आपातकालीन सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया।

युगल नृत्य प्रतियोगिता में मिहारिका और वान्या ने मारी बाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। रामबाग धाम के रामलीला मंच पर वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति के तत्वावधान में भव्य युगल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के पदाधिकारियों व निर्णायक मंडल ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में कुल 20 युगलों जोड़ियों ने अपनी एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कड़े मुकाबले के बाद मिहारिका एवं वान्या दीक्षित ने प्रथम, प्रगति एवं आकृति ने द्वितीय तथा शिवांश एवं तोषिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें सांत्वना पुरस्कार भेंट किए गए। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. विदुषी गुप्ता, डॉ. सफिया अंजुम एवं प्रतिज्ञा वार्ष्णेय ने निभाई। कार्यक्रम का कुशल संचालन एडवोकेट अंकित वार्ष्णेय एवं डॉ. टीएस पाल ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व समिति की प्रदेश सचिव प्रतिभा चौधरी ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की जानकारी दी और मुख्य अतिथियों को पटका व प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारकर उन्हें बेहतर मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष रीना चौधरी, सचिव प्रतिभा चौधरी, कोषाध्यक्ष पूजा गुप्ता, डॉ. सुधा चौधरी, रागिनी वार्ष्णेय, नमिता चौधरी, मोनिका चौधरी, मोनिका टनाटन, लता, रचना, वर्षा, पूनम आदि रहे।

तेज रफ्तार पर सख्ती, इंटरसेप्टर तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसों और वाहन चालकों की लापरवाही पर लगाम कसने के लिए परिवहन और पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। सड़क सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए जिले को दो आधुनिक इंटरसेप्टर वाहन मिले हैं, जो हाई-टेक स्पीड रडार गन और हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों से लैस हैं। ये वाहन चलती हुई स्थिति में या सड़क किनारे खड़े होकर भी ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों की सटीक रफ्तार मापकर ऑटोमैटिक चालान जनरेट करेंगे।

प्रशासन द्वारा तय गति सीमा का उल्लंघन करने पर वाहन श्रेणियों के हिसाब से भारी जुर्माना तय किया गया है। कार चालकों के लिए 2,000 का चालान। हैवी व्हीकल्स के लिए 4,000 का चालान। बार-बार नियम तोड़ने पर चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।



चंदौसी के मुरादाबाद रोड पर इंटरसेप्टर वाहन से चालान करता यातायात पुलिसकर्मी।

मंगलवार को विशेष अभियान के तहत थाना बनियाठेर क्षेत्र में ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों पर शिकंजा कसते हुए 100 चालान किए गए। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है।

यातायात प्रभारी निरीक्षक जग रोशन सिंह ने जनपदवासियों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे सफर के दौरान ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करें, अपनी और दूसरों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें और तय सीमा के भीतर ही वाहन चलाएं ताकि भारी-भरकम जुर्माने और सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

सपा-बसपा ने मुसलमानों को वोट बैंक समझा: असद अब्दुल्ला

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के संभल जिलाध्यक्ष असद अब्दुल्ला ने सोमवार देर रात गोलागंज स्थित नगर अध्यक्ष एवं सभासद रियाज अहमद के आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और पार्टी के सदस्यता अभियान को गति देने पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष असद अब्दुल्ला ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस जैसी पार्टियों ने मुसलमानों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मुस्लिम समाज की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी जब मुसलमानों और वंचित वर्गों के अधिकारों की आवाज उठाते हैं, तो विरोधी दल उन्हें भाजपा की बी-टीम बताते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपनी राजनीतिक नेतृत्व क्षमता मजबूत करने और विधानसभा में प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए जुटने का आह्वान किया। कहा कि पार्टी के प्रतिनिधि विधानसभा में पहुंचकर दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की आवाज उठाएंगे। उन्होंने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और सदस्यता अभियान युद्धस्तर पर चलाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर अध्यक्ष रियाज अहमद, वारिस कुरैशी, मोहम्मद बासित, ख्वाजा अब्बासी, आसिफ मलिक, मोहम्मद ओवैस, नमन, मोहम्मद अनीस, मोहम्मद अदनान, वारिस अली और शाहिद सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

देवालयों में हुई माँ चंद्रघंटा की पूजा


चंदौसी सिद्धिदात्री नव दुर्गा मंदिर पर आरती करते श्रद्धालु।


चंदौसी के श्री देवी गंगा मंदिर पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मौलागढ़ स्थित श्री सिद्धिदात्री नव दुर्गा मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर, श्री देवी गंगा मंदिर तथा श्री पूर्णागिरी नवदुर्गा मंदिर सहित प्रमुख देवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माँ को नारियल, चुनरी, फल और फूल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों व घरों में भजन-कीर्तन एवं हवन-यज्ञ के आयोजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। इस दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नज़र आया।

ट्रंप के भ्रम

इसमें दो राय नहीं कि कथित रूप से विश्व की महाशक्ति कहलाने वाले अमेरिका के भ्रम भी बड़े हैं। 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' की तर्ज पर दुनिया को हांकने वाले ट्रंप द्वारा रूसी डीजल खरीदने के निर्णय ने अमेरिका को एक बार फिर दुनिया में बेनकाब किया है। यह विडंबना है कि रूसी तेल खरीदने पर ट्रंप ने भारत पर पच्चीस फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया था। अब वही ट्रंप जब घरेलू राजनीति की मुश्किलों में घिरे तो उन्होंने यूक्रेन युद्ध की तमाम नैतिक दलीलें ताक पर रख अब रूस से डीजल खरीदने का फैसला कर लिया। दुर्भाग्यपूर्ण यह भी है कि पिछले दिनों ट्रंप ने एक ऐसे कानून को मंजूरी दी थी, जिसमें भारत व चीन के रूस से कच्चा तेल खरीदने पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने का प्रावधान था। ये अमेरिका के दोहरे चरित्र को ही उजागर करता है। यह सर्वविदित है कि अमेरिका की तमाम नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर खत्म हो जाती हैं।' 'पल में तोला, पल में माशा' वाले ट्रंप के बयानों पर विश्वास करना मुश्किल होता है। कब वे अपनी पहली बात से मुकर जाएं, कहना कठिन है। उनके भ्रामक बयानों ने पूरी दुनिया में अमेरिका की विश्वसनीयता को रसातल में पहुंचा दिया है। ट्रंप पहले दलील देते रहे हैं कि रूस से पेट्रोलियम पदार्थों को खरीदने का मतलब है कि यूक्रेनियों के संहार के लिये संसाधन उपलब्ध कराना। अब जब अमेरिका रूस से डीजल खरीदेगा तो क्या उससे रूस की आक्रामकता को बढ़ावा नहीं मिलेगा? लगातार यूक्रेन के समर्थन में बयानबाजी करने वाले ट्रंप ने अब डीजल खरीदने के लिये ही यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की पर बड़ा हमला बोला है। अब वे उन्हें शांति के रास्ते में बाधक बता रहे हैं। ट्रंप ने यहां तक कह दिया है कि अब यूक्रेन को अपना राष्ट्रपति बदल लेना चाहिए। उनके इस बयान से दुनिया व नाटो में खलबली मच गई है। यानी ट्रंप अमेरिकी डीजल जरूरतों के लिये यूक्रेन पर युद्ध खत्म कराने के लिये दबाव बना रहे हैं। दरअसल, ट्रंप की रूस से तेल खरीदने की नीति में आए बदलाव की असली वजह अगले माह अमेरिका में होने वाले चुनाव हैं। अमेरिका में डीजल के दामों में आई तेजी से जनाधार उनके खिलाफ हो रहा है। ईरान से जारी युद्ध के चलते पूरी दुनिया में कच्चे तेल की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। भारत ही नहीं, तमाम यूरोपीय देश भी इस संकट से जूझ रहे हैं। लेकिन ट्रंप को सिर्फ अपने देश में होने वाले मध्यावधि चुनाव में जीत हासिल करने की चिंता है। उनकी लोकप्रियता का ग्राफ अमेरिका में तेजी से गिरा है। आखिर भारत जैसे देश भी वैश्विक तेल संकट में ऐसी ही परिस्थिति का सामना कर रहे हैं। ईरान संकट के चलते पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। सवाल यह है कि फिर कोई संप्रभु राष्ट्र अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिये रूस या अपनी सुविधा के देश से कच्चा तेल क्यों न खरीदे? आखिर तेल खरीद को लेकर अमेरिका के लिये अलग और अन्य देशों के लिये अलग मापदंड क्यों बनाये जा रहे हैं? आखिर भारत व चीन आदि की ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं को क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है? जाहिरा तौर पर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि का दबाव भारत के लिये भी उतना ही है। भारत जैसे देश के लिये तो यह चुनौती और बड़ी है क्योंकि हम अपनी ऊर्जा जरूरतों के 88 फीसदी पेट्रोलियम पदार्थ विदेशों से आयात करते हैं। वैसे तो अमेरिका दुनिया के बड़े तेल उत्पादकों में शामिल है। बहरहाल, इस घटनाक्रम का एक सुखद पहलू यह भी है कि वैश्विक बाजार में रूसी तेल-डीजल खरीद पर प्रतिबंध हटने से इसकी वैश्विक उपलब्धता में वृद्धि होगी। जिससे इसकी कीमतों में स्थिरता आएगी। भरोसा है कि भारत की आर्थिकी को भी इससे राहत मिल सकेगी। वैसे यह भी हकीकत है कि भारत ने अमेरिका के तमाम दबावों के बावजूद अपने पुराने विश्वसनीय मित्र रूस से तेल खरीदना कभी बंद नहीं किया। अब भले ही उसका प्रतिशत कुछ कम-ज्यादा हुआ हो।

कैंसर की दवाओं पर मुनाफ़े का 'रक्तपात'



रवि शंकर शर्मा



महंगी दवाएं, अस्पतालों की व्यावसायिक नीतियां और दवा कंपनियों की मार्केटिंग, इन सबके बीच सबसे अधिक असहाय वह मरीज है, जिसके लिए इलाज कोई विकल्प नहीं, बल्कि जीवन बचाने की आखिरी उम्मीद है। सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियां स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने एक बुनियादी सवाल खड़ा करती हैं- क्या जीवनरक्षक दवाओं की कीमत तय करने में मानवीय संवेदना को मुनाफे से ऊपर रखा जा सकता है? भारत में स्वास्थ्य सेवाओं का संकट केवल अस्पतालों में बिस्तरों की कमी या डॉक्टरों की उपलब्धता तक सीमित नहीं है। इसका एक गंभीर पक्ष दवाओं की कीमत, निजी अस्पतालों के बिल और चिकित्सा व्यवस्था में बढ़ते व्यावसायिक हितों से भी जुड़ा है।

कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रहे परिवारों के लिए यह संकट और गहरा हो जाता है। एक ओर बीमारी से लड़ने की चुनौती होती है, तो दूसरी ओर इलाज जारी रखने के लिए धन जुटाने की विवशता। ऐसे में दवाओं की कीमतों और उनके वितरण में होने वाली अनियमितताओं पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता केवल कानूनी बहस नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय का प्रश्न है। कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली किसी दवा की खरीद कीमत और उसके अधिकतम खुदरा मूल्य के बीच यदि दस गुना तक का अंतर हो, तो स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठता है कि इस अंतर का औचित्य क्या है। प्रस्तुत मामले में लगभग 2,700 रुपये में उपलब्ध दवा का अधिकतम खुदरा मूल्य 27,000 रुपये तक होने का उदाहरण सामने आया है। हालांकि किसी एक दवा के मामले को पूरे औषधि उद्योग की स्थिति का प्रतिनिधि मानने से पहले उसकी वास्तविक लागत, कर, वितरण व्यय और लागू मूल्य-नियमन की स्थिति की जांच जरूरी है, लेकिन इतना बड़ा अंतर मूल्य निर्धारण की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल अवश्य खड़े करता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष उठे प्रश्न का व्यापक अर्थ यही है कि जब किसी दवा की जरूरत जीवन बचाने के लिए हो, तब उसकी कीमत तय करने की प्रक्रिया केवल बाजार की ताकतों के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। जीवनरक्षक दवा कोई सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं है, जिसे महंगा लगने पर ग्राहक आसानी से खरीदना बंद कर दे। कैंसर का मरीज कई बार कीमत की परवाह किए बिना दवा खरीदने को मजबूर होता है। इस मजबूरी का अनुचित लाभ उठाना आर्थिक शोषण के साथ-साथ मानवीय गरिमा का भी प्रश्न है।

दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए भारत में ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर, 2013 यानी डीपीसीओ लागू है। इसके क्रियान्वयन में राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की अहम भूमिका है। यह व्यवस्था आवश्यक दवाओं की कीमतों पर सीमा तय करने, निर्धारित कीमतों की निगरानी करने और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करने का आधार प्रदान करती है। नेशनल फॉलिसी प्लैनिंग अथॉरिटी व्यवस्था के अंतर्गत राष्ट्रीय आवश्यक औषधि सूची में शामिल निर्धारित दवाओं के लिए अधिकतम मूल्य तय किया जाता है। नवंबर 2022 में अधिसूचित संशोधित सूची में 388 औषधियां शामिल थीं। निर्धारित दवाओं की कीमतों की गणना बाजार के आंकड़ों के आधार पर की जाती है और संबंधित मूल्य निर्धारण में खुदरा विक्रेता के लिए 16 प्रतिशत का मार्जिन भी शामिल होता है। यहीं एक महत्वपूर्ण अंतर समझना जरूरी है। 16 प्रतिशत का मार्जिन सभी दवाओं पर लागू होने वाला सार्वभौमिक नियम नहीं है। यह निर्धारित दवाओं की मूल्य-सीमा तय करने की मौजूदा व्यवस्था से जुड़ा है। जो दवाएं निर्धारित मूल्य नियंत्रण के दायरे में नहीं आतीं, उनकी कीमतों पर नियंत्रण का स्वरूप अलग हो सकता है। यही अंतर दवा बाजार में मूल्य असमानता की बहस का प्रमुख कारण है। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सभी दवाओं पर एक समान 16 प्रतिशत ट्रेड मार्जिन लागू करने का सवाल इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। यदि ऐसी व्यवस्था लागू की जाती है, तो उसका प्रभाव केवल दवा कंपनियों पर नहीं, बल्कि थोक विक्रेताओं, खुदरा दुकानदारों, अस्पतालों की फार्मेसियों और मरीजों पर भी पड़ेगा। हालांकि, समान मार्जिन का विचार सुनने में सरल लगता है, लेकिन इसे लागू करने से पहले कुछ व्यावहारिक प्रश्नों का समाधान जरूरी होगा। क्या हर दवा की आपूर्ति लागत एक जैसी है ? क्या तापमान नियंत्रित भंडारण, विशेष परिवहन और सीमित मांग वाली दवाओं के खर्च को अलग से ध्यान में रखा जाएगा ? क्या नई और महंगी कैंसर दवाओं के अनुसंधान एवं विकास की लागत का कोई उचित प्रावधान होगा ? इन प्रश्नों का उत्तर दिए बिना केवल एक प्रतिशत तय करना पर्याप्त नहीं होगा। लेकिन इन चुनौतियों का अर्थ यह भी नहीं कि मरीजों को अनियंत्रित कीमतें चुकाने के लिए छोड़ दिया जाए। उचित समाधान ऐसा होना चाहिए जिसमें आवश्यक वितरण लागत और उचित व्यावसायिक लाभ की गुंजाइश बनी रहे, लेकिन असाधारण मुनाफे और अनुचित मूल्य वृद्धि पर प्रभावी रोक लगे। सुप्रीम कोर्ट की चिंता का दूसरा गंभीर पहलू कॉरपोरेट अस्पतालों द्वारा मरीजों को अपने परिसर की या किसी निर्धारित मेडिकल स्टोर से ही दवाएं खरीदने के लिए बाध्य किए जाने के आरोप हैं।

राहुल को दोटूक सीजेआई ने न्यायिक मर्यादा की लाज रख ली



भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और INDIA गठबंधन के नेताओं को मिलने का समय देने से इनकार कर दिया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR), कथित 'वोट चोरी' और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपना चाहता था। लेकिन CJI ने साफ कर दिया कि जिन विषयों पर विपक्ष हस्तक्षेप चाहता है, वे न्यायालय में पहले से विचाराधीन हैं। ऐसे मामलों में प्रशासनिक स्तर पर निर्देश देने के बजाय विपक्ष को न्यायिक प्रक्रिया के तहत याचिका दायर करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय के दरवाजे सभी नागरिकों के लिए चौबीसों घंटे खुले हैं।

मुख्य न्यायाधीश का यह रुख ऐसे समय सामने आया है, जब राहुल गांधी और INDIA गठबंधन चुनावी प्रक्रिया से जुड़े आरोपों को लेकर सरकार तथा चुनाव आयोग पर दबाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष की मांग थी कि SIR की प्रक्रिया रोकी जाए, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें और कथित चुनावी अनियमितताओं की जांच हो। राहुल गांधी ने 12 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च करने का आह्वान करते हुए इसे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की लड़ाई बताया। विपक्ष का कहना है कि मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों से पात्र नागरिकों के मतदान के अधिकार पर असर पड़ रहा है। देखा जाये तो इस घटनाक्रम को समझने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से विपक्ष की हालिया मुलाकात भी महत्वपूर्ण है। विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं पर चिंता जताई थी। मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति ने उनसे आरोपों के समर्थन में सबूत मांगे हैं और विपक्ष प्रमाण प्रस्तुत करने को तैयार है। राहुल गांधी ने संकेत दिया था कि राष्ट्रपति ने वोट चोरी के आरोप को एक तरह से सही माना है। हालांकि बाद में सूत्रों के हवाले से आई खबर के अनुसार राष्ट्रपति कार्यालय ने राहुल गांधी के बयान और दावे पर अप्रसन्नता जताई।

दूसरी ओर, राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मुख्य न्यायाधीश से मिलने की कोशिश और फिर उनका इनकार विपक्ष की रणनीति के लिए एक अहम घटनाक्रम है। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे चाहते थे कि वे अपनी चिंताओं को सीधे CJI के सामने रखें। लेकिन न्यायपालिका का काम राजनीतिक प्रतिनिधिमंडलों के ज्ञापन पर प्रशासनिक निर्देश देना नहीं, बल्कि विधिसम्मत याचिकाओं पर सुनवाई करना और कानून के अनुसार फैसला देना है। CJI के रुख का यही संस्थागत अर्थ है। लेकिन फिर भी राहुल गांधी का सर्वोच्च अदालत तक मार्च निकालने का फैसला सीधे सीधे अराजकता फैलाने का प्रयास है। राहुल गांधी बार बार संविधान का हवाला देते हैं लेकिन संविधान की संरक्षक राष्ट्रपति के बारे में झूठ बोलते हैं, संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण स्थल सर्वोच्च न्यायालय की बात नहीं मानते, ऐसे में सवाल उठेगा ही कि उनकी असल मंशा क्या है? यही नहीं, ईवीएम पर बार बार सवाल उठाने वाले कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों को हाल में असम और हिमाचल प्रदेश में बैलट पेपर से कराए गए नगर निगम चुनाव में भी करारा झटका लगा है। इसलिए राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी नेताओं को समझना होगा कि गड़बड़ चुनावी व्यवस्था में नहीं विपक्षी पार्टियों की नीतियों और नीयत पर है, उनकी विश्वसनीयता पर है। देखा जाये तो SIR का विवाद केवल राजनीतिक दलों के बीच टकराव नहीं है। मतदाता सूची की शुद्धता चुनाव की विश्वसनीयता के लिए जरूरी है। चुनाव आयोग का पक्ष है कि पुनरीक्षण का उद्देश्य सूची को दुरुस्त करना है। विपक्ष इस प्रक्रिया की पारदर्शिता और संभावित प्रभाव पर सवाल उठा रहा है। विपक्ष चुनावी संस्थाओं की विश्वसनीयता को राष्ट्रीय राजनीतिक बहस का केंद्र बनाने की कोशिश कर रहा है, जबकि मोदी सरकार आर्थिक विकास और अपने नीतिगत प्रदर्शन को सामने रख कर विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

ज्ञान के मंदिर में उठते सवाल...!

जिस आँगन में ज्ञान के दीप, अंधियारे को हरते हैं,
जब विचारों के फूल खिलें, सपने आकार गढ़ते हैं।
शिक्षा के पावन मंदिर में, ऐसे आरोप भी उभरते हैं,
तो सिर्फ कुछ नाम नहीं, विश्वास स्तंभ बिखरते हैं।

गुरु का पद मात्र पदवी नहीं, उत्तरदायित्व महान है,
शिष्य गरिमा की रक्षा, शिक्षा का सच्चा सम्मान है।
जिन हाथों में कलम थी, वे भविष्य सँवारने वाले थे,
यदि उन्हीं पर प्रश्न उठें, तो उत्तर कौन देने वाले हैं?

11 बेटियों की शिकायत, यह कागज़ की बात नहीं,
हर शिकायत के पीछे छिपी, होती 'पीड़ा' अनकही।
अब समय कि सत्य उभरे, हर तथ्य का सम्मान रहे,
दोष सिद्ध हो तो दंड मिले, निर्दोष का भी मान रहे।

ज्ञान तब सच्चा कहाएँ, जब आचरण उजला होगा,
गुरु का माथा तब चमके,जब शिष्य सुरक्षित होगा।
विश्वविद्यालय की ऊँची दीवारों, संदेश सुनाना तुम,
ज्ञान बड़ा है-पद न कोई, नारी सम्मान बचाना तुम।

क्योंकि शिक्षा 'डिग्री' नहीं, मानवता का विस्तार है,
जहाँ बेटियाँ सुरक्षित नहीं, वहाँ ज्ञान भी लाचार है।
न्याय हो ऐसा, सच पे टिके, न दबाव में झुके-बिके,
हर बेटी कहे-"देश मेरा है, मेरी आवाज़ न्याय दिखें।"

(संदर्भ-प्रोफेसर व सांसद के खिलाफ, छात्राओं के यौन उत्पीड़न का आरोप)



संजय एम तराणेकर

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

वस्त्र उद्योग में भारत की बड़ी तैयारी



भारत का वस्त्र क्षेत्र 2030 तक 350 अरब डॉलर के लक्ष्य के साथ नवाचार और टिकाऊपन को अपना रहा है। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह के आलेख से जानें 'वेस्ट टू वेल्थ' रणनीति देश को कैसे आगे बढ़ा रही है। भारत का वस्त्र क्षेत्र नवाचार और टिकाऊपन को अपनाकर नये भविष्य की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2030 तक 350 अरब डॉलर के वस्त्र एवं परिधान उद्योग और 100 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य लेकर देश आगे बढ़ रहा है। यह लक्ष्य भारत को एक ऐसे वैश्विक वस्त्र विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने का है, जहां आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ें। टिकाऊपन सिर्फ पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं, बल्कि वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा, निर्यात और लंबे समय तक औद्योगिक विकास की मजबूत नींव बन चुका है। रेशा, धागा, कपड़ा, प्रोसेसिंग, परिधान, टेक्निकल टेक्सटाइल, मेड अप्स और पूरी आपूर्ति श्रृंखला में टिकाऊपन भारत की नयी विकास रणनीति का हिस्सा बन रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है, "दुनिया जब पर्यावरण के लिए फैशन और सशक्तीकरण के लिए फैशन की सोच अपना रही है, तब भारत इस दिशा में नेतृत्व कर सकता है।" यही सोच आज 'वेस्ट टू वेल्थ', सर्कुलर इकोनॉमी, स्वच्छ विनिर्माण और जिम्मेदार उत्पादन के माध्यम से वस्त्र क्षेत्र को नयी दिशा दे रही है। देश का वस्त्र उद्योग 4.19 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है। आज इसका आकार करीब 196 अरब डॉलर का है, जिसके 2030 तक 350 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ वैश्विक सस्टेनेबिलिटी मानकों के अनुरूप स्वच्छ और जिम्मेदार विनिर्माण व्यवस्था विकसित करना भी जरूरी है। वर्ष 2025 में दुनियाभर में 9.12 करोड़ टन टेक्सटाइल वेस्ट उत्पन्न हुआ। इनमें से 70 से 80 फीसदी से अधिक को नष्ट कर दिया जाता है। अमेरिका में करीब 66 फीसदी टेक्सटाइल वेस्ट सीधे लैंडफिल में पहुंचता है और करीब 19 फीसदी को जलाकर नष्ट किया जाता है। यूरोपीय संघ में भी करीब 78 फीसदी टेक्सटाइल वेस्ट का निपटान लैंडफिल के जरिये होता है। जबकि भारत में 70 फीसदी से अधिक टेक्सटाइल वेस्ट दोबारा उपयोग में आता है। भारत की इस उपलब्धि के पीछे 'वेस्ट टू वेल्थ' का विजन, सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने वाली नीतियां, मजबूत रीसाइक्लिंग नेटवर्क, उद्योग की सक्रिय भागीदारी और नागरिकों में बढ़ती जागरूकता जैसी ताकतें काम कर रही हैं। भारत की सोच वेस्ट को उपयोगी मानकर अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनाने पर केंद्रित है। आज दुनिया के प्रमुख ब्रांड अपनी आपूर्ति श्रृंखला के लिए अधिक सख्त टिकाऊ मानक तय कर रहे हैं।

भारत की चुनाव व्यवस्था में बुनियादी बदलाव की जरूरत है




भारत का वस्त्र क्षेत्र 2030 तक 350 अरब डॉलर के लक्ष्य के साथ नवाचार और टिकाऊपन को अपना रहा है। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह के आलेख से जानें 'वेस्ट टू वेल्थ' रणनीति देश को कैसे आगे बढ़ा रही है।

भारत का वस्त्र क्षेत्र नवाचार और टिकाऊपन को अपनाकर नये भविष्य की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2030 तक 350 अरब डॉलर के वस्त्र एवं परिधान उद्योग और 100 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य लेकर देश आगे बढ़ रहा है। यह लक्ष्य भारत को एक ऐसे वैश्विक वस्त्र विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने का है, जहां आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ें। टिकाऊपन सिर्फ पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं, बल्कि वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा, निर्यात और लंबे समय तक औद्योगिक विकास की मजबूत नींव बन चुका है। रेशा, धागा, कपड़ा, प्रोसेसिंग, परिधान, टेक्निकल टेक्सटाइल, मेड अप्स और पूरी आपूर्ति श्रृंखला में टिकाऊपन भारत की नयी विकास रणनीति का हिस्सा बन रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है, "दुनिया जब पर्यावरण के लिए फैशन और सशक्तीकरण के लिए फैशन की सोच अपना रही है, तब भारत इस दिशा में नेतृत्व कर सकता है।" यही सोच आज 'वेस्ट टू वेल्थ', सर्कुलर इकोनॉमी, स्वच्छ विनिर्माण और जिम्मेदार उत्पादन के माध्यम से वस्त्र क्षेत्र को नयी दिशा दे रही है। देश का वस्त्र उद्योग 4.19 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है। आज इसका आकार करीब 196 अरब डॉलर का है, जिसके 2030 तक 350 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ वैश्विक सस्टेनेबिलिटी मानकों के अनुरूप स्वच्छ और जिम्मेदार विनिर्माण व्यवस्था विकसित करना भी जरूरी है। वर्ष 2025 में दुनियाभर में 9.12 करोड़ टन टेक्सटाइल वेस्ट उत्पन्न हुआ।

इनमें से 70 से 80 फीसदी से अधिक को नष्ट कर दिया जाता है। अमेरिका में करीब 66 फीसदी टेक्सटाइल वेस्ट सीधे लैंडफिल में पहुंचता है और करीब 19 फीसदी को जलाकर नष्ट किया जाता है। यूरोपीय संघ में भी करीब 78 फीसदी टेक्सटाइल वेस्ट का निपटान लैंडफिल के जरिये होता है। जबकि भारत में 70 फीसदी से अधिक टेक्सटाइल वेस्ट दोबारा उपयोग में आता है। भारत की इस उपलब्धि के पीछे 'वेस्ट टू वेल्थ' का विजन, सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने वाली नीतियां, मजबूत रीसाइक्लिंग नेटवर्क, उद्योग की सक्रिय भागीदारी और नागरिकों में बढ़ती जागरूकता जैसी ताकतें काम कर रही हैं। भारत की सोच वेस्ट को उपयोगी मानकर अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनाने पर केंद्रित है। आज दुनिया के प्रमुख ब्रांड अपनी आपूर्ति श्रृंखला के लिए अधिक सख्त टिकाऊ मानक तय कर रहे हैं। वैश्विक ग्राहक भी ऐसे उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिनमें रीसाइकल्ड सामग्री का उपयोग हो। इसलिए भारत के लिए सस्टेनेबिलिटी केवल पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं, निर्यात, निवेश और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की जरूरत भी है। भारत ने 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है। साथ ही, 2030 तक ऊर्जा की 50 फीसदी स्थापित क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त करने का संकल्प लिया है। स्वच्छ ऊर्जा, जल संरक्षण, रसायनों का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग तथा संसाधनों का बेहतर उपयोग उद्योग की जरूरत बन चुके हैं। सर्कुलर इकोनॉमी भारत के लिए नयी अवधारणा नहीं है। रफूगीरी, कांथा, गोधड़ी, चिंदी और पुराने कपड़ों का पुनः उपयोग सदियों से भारतीय समाज का हिस्सा रहे हैं। आज इन्हीं पारंपरिक अनुभवों को आधुनिक तकनीक और उद्योग से जोड़कर भविष्य की अर्थव्यवस्था का आधार बनाया जा रहा है। यही कारण है कि इस वर्ष वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम की मेजबानी भारत कर रहा है। सस्टेनेबिलिटी की इस सोच को जमीन पर उतारने के लिए वस्त्र मंत्रालय ने 15 राज्यों में व्यापक अध्ययन शुरू किया है। कुल 250 से अधिक हितधारकों के सहयोग से देश में सालाना उत्पन्न होने वाले करीब 70.173 लाख टन टेक्सटाइल वेस्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन, संग्रहण, अलग-अलग करने और रीसाइक्लिंग के लिए एक राष्ट्रीय रूपरेखा विकसित की जा रही है

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

खटीमा में उक्रांद की उत्तराखंड उत्थान यात्रा का स्वागत

खटीमा। उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) की प्रथम चरण की उत्तराखंड उत्थान यात्रा का खटीमा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। हल्द्वानी से शुरू हुई यह यात्रा नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र के रिसई खेड़ा सहित विभिन्न स्थानों से होकर गुजरी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत कर राज्य के विकास और उत्तराखंड की मूल अवधारणा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उत्तराखंड उत्थान यात्रा नानकमत्ता, झनकट, सबौरा, देवली, बिरिया मझोला, श्रीपुर बिछुवा, बगियाघाट, कुटरा, बिगराबाग और कंजाबाग होते हुए खटीमा पहुंची। यहां पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खटीमा गोलीकांड में शहीद हुए राज्य निर्माण सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को नमन किया। इसके बाद यात्रा अमाऊं और चकरपुर होते हुए टनकपुर के लिए रवाना हुई।

सोना गढ़ा होने का झांसा देकर 20 लाख रुपये ठगे, हाईवे किनारे की जमीन हड़पने का आरोप

पीड़ित के बेटे ने पुलिस से मिलकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की, थारू समाज के लोगों को भी किया सतर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय



पीड़ित और उसका पुत्र। –जागरण मोर्चा

खटीमा। थारू जनजाति के एक व्यक्ति को घर में सोना गड़ा होने का झांसा देकर 20 लाख रुपये की ठगी करने और हनी ट्रैप के जरिए हाईवे किनारे की बेशकीमती जमीन हड़पने के आरोपों के मामले में पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित उमेश कुमार के बेटे एवं शिकायतकर्ता रणदीप सिंह ने पुलिस से मुलाकात कर मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि बीते रोज खटीमा कोतवाली पुलिस ने मामले में छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि ठगों ने तंत्र-मंत्र और घर में सोना-चांदी गड़ा होने की कहानी सुनाकर उमेश कुमार को अपने जाल में फंसाया। इसके बाद उनसे 20 लाख रुपये की नकदी हड़प ली गई। आरोप यह भी है कि बाद में हनी ट्रैप और फर्जी स्टांप के जरिए हाईवे किनारे स्थित उनकी बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया गया। रणदीप सिंह ने कहा कि कुछ लोग थारू जनजाति के लोगों की जमीनों पर नजर गड़ाए हुए हैं और तरह-तरह के प्रलोभन देकर उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि सोना-चांदी मिलने या अन्य किसी लालच के झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि के प्रति सतर्क रहें। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

सेवा सेतु अभियान के तहत 3 स्पेशियलिटी कैंप में 880 लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



शिविर में मरीजों की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी। –जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। सेवा सेतु अभियान के तहत जनपद ऊधम सिंह नगर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3 स्पेशियलिटी कैंप का आयोजन किया गया। इन कैंपों में 880 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। जिनमें 391 पुरुष और 489 महिलाएं शामिल थीं।एनसीडी स्क्रीनिंग के तहत 387 लोगों की हाइपरटेंशन और इतने ही लोगों की डायबिटीज की जांच की गई। वहीं 327 लोगों की ओरल कैंसर,140 महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर और 11 महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 11 नई गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई।जबकि 17 फॉलो-अप जांचें एवं 29 एएनसी चेकअप किए गए। 13 किशोरों का टीकाकरण किया गया और 6 एमसीपी कार्ड वितरित किए गए। इसके साथ ही 330 किशोरियों को माहवारी स्वच्छता को लेकर काउंसलिंग दी गई और पोषण,देखभाल पर 301 सत्र आयोजित किए गए। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में 354 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 157 पुरुष और 197 महिलाएं शामिल थीं। इस दौरान 6 निक्षय मित्रों का पंजीकरण भी किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में 1301 बच्चों की जांच की गई। जिसमें 995 स्कूली बच्चे और 306 आंगनबाड़ी के बच्चे शामिल रहे। जांच के दौरान 4डी के तहत कुल 246 बच्चे चिन्हित किए गए, जिनमें 187 स्कूली और 59 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे हैं। सीएमओ डॉ. एसके गोस्वामी ने बताया कि सेवा सेतु अभियान के तहत जनपद में लगातार स्वास्थ्य कैंपों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आम जनता को एक ही स्थान पर सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि एनसीडी स्क्रीनिंग,मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष फोकस किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे और सभी को समय पर जांच एवं उपचार मिल सके।

विधायक ने भदईपुरा रामलीला मैदान में फर्श निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय



रामलीला का शुभारंभ करते विधायक शिव अरोरा। –जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। भदईपुरा -दूधियानगर में आयोजित रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने प्रभु श्रीराम के आदर्शों का स्मरण करते हुए कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें रुद्रपुर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामलीला मंचन में शामिल होकर प्रभु श्रीराम की सेवा करने का अवसर मिल रहा है। विधायक ने रामलीला कमेटी की मांग को पूरा करते हुए रामलीला मैदान में फर्श निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास भी किया। विधायक निधि के माध्यम से कराए जा रहे इस निर्माण कार्य से रामलीला मैदान को बेहतर और अधिक व्यवस्थित स्वरूप मिलेगा। इससे रामलीला मंचन के दौरान श्रद्धालुओं और दर्शकों को भी सुविधा होगी। विधायक ने कहा कि हम तो प्रभु श्रीराम की कृपा से रुद्रपुर में जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा कर रहे हैं। प्रभु श्रीराम के प्रांगण में फर्श निर्माण का कार्य कराना भी उनके आशीर्वाद से संभव हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माण कार्य जल्द ही पूरा होगा, जिससे रामलीला मैदान की सुंदरता में और निखार आएगा।उन्होंने भव्य एवं सुंदर आयोजन के लिए रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत रखने के साथ ही नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करते हैं।कार्यक्रम में स्वामी शिवानंद महाराज, गजेंद्र, मुकेश पाल, पार्षद महेंद्री शर्मा, काजल राघव, कुंवरपाल गंगवार, प्रेमपाल यादव,जसवत गंगवार,हितेंद्र त्रिपाठी, राजपाल यादव, रविंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

शहर की एतिहासिक रामलीला में राम केवट संवाद, दशरथ मरण तक का सुंदर मंचन

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रभु श्री राम केवट संवाद का दृश्य। –जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। नगर की प्रमुख बस अड्डे वाली रामलीला में सुमंत की वापसी,राम की भील राजा गुह से भेंट, राम केवट संवाद, दशरथ मरण तक की लीला का भावपूर्ण व सुंदर मंचन हुआ। प्रभु श्री राम की लीला का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी डा मदन लाल बठला, सुदेश बठला,डा नीतिक बठला,डा मनप्रीत आनन्द बठला,रेवांत बठला, आरोजी बठला सहित सपरिवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।किया। श्रीरामलीला कमेटी ने अतिथि का शाल ओढ़ाकर एवं हनुमान जी की गदा रूपी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद वनवास के लिए निकले प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण को छोड़कर मंत्री सुमंत का अयोध्या लौटना अत्यंत मार्मिक रहा। निषादराज गुह की प्रभु श्रीराम से भेंट ने मित्रता, प्रेम और सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश दिया। राम–केवट संवाद मंचन का विशेष आकर्षण रहा। प्रभु के चरण धोने के बाद ही उन्हें नाव में बैठाने का केवट का आग्रह और उसकी निष्कपट भक्ति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सुमंत से श्रीराम के वनगमन का समाचार सुनकर दशरथ का विलाप,श्रवण कुमार के माता-पिता के शाप का स्मरण और राम का नाम लेते हुए प्राण त्यागने का दृश्य अत्यंत करुण रहा। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष मनोज गाबा, महामंत्री सुशील गाबा, विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, समन्वयक राजेश छाबड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, विजय विरमानी, विजय जग्गा, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, मोहन लाल भुड्डी, गौरव तनेजा, आशीष ग्रोवर आशू, राजकुमार खानिजों, राजकुमार कक्कड़ आदि मौजूद रहे। संचालन सुदीप धीर एवं विजय जग्गा नें किया।

संक्षेप समाचार

भंजूराम इंटर कॉलेज भूरारानी में विद्यार्थियों को साईबर अपराधों के प्रति किया जागरुक



बच्चों को साईबर अपराधों के संबंध में जानकारी देती पुलिस। –जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। एसएसपी के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रपुर द्वारा भंजू राम इंटर कॉलेज, भूरारानी, रुद्रपुर में साईबर जागरूकता अभियान चलाया। साईबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत अपर उपनिरीक्षक नवीन जोशी ने विद्यालय में छात्र छात्राओं को साईबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, साईबर बुलिंग,सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग,फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट,अनजान लिंक,ओटीपी फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट आदि जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड अथवा ओटीपी सांझा न करें तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की धमकी, ब्लैकमेलिंग अथवा साइबर उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा पुलिस को सूचित करें।साइबर अपराध की शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के संबंध में भी जानकारी दी गई।

खटीमा की रामलीला में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, राम-सीता विवाह ने मोहा मन

खटीमा। खटीमा की मुख्य सनातन श्रीरामलीला में आज स्थानीय कलाकारों ने परशुराम–लक्ष्मण संवाद, श्रीराम बारात आगमन, सीता–राम विवाह और राजा दशरथ द्वारा कन्यादान सहित विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया। रामलीला मैदान में आयोजित मंचन के दौरान श्रद्धालु भक्ति और उत्साह में सराबोर नजर आए। आज की रामलीला में परशुराम–लक्ष्मण संवाद मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। निर्देशक वीरेंद्र रावत के निर्देशन में कलाकारों ने शिव धनुष टूटने के बाद क्रोधित भगवान परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए संवाद का प्रभावशाली मंचन किया। इस दौरान भगवान श्रीराम परशुराम को समझाते हुए कहते हैं, "नाथ संभुधनु भंजनि हारा, होइहि केउ एक दास तुम्हारा।" इस प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद श्रीराम बारात के आगमन पर रामलीला कमेटी के सदस्यों और दर्शकों ने नृत्य कर खुशियां मनाईं। पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग के दौरान राजा दशरथ द्वारा कन्यादान तथा माता सीता की विदाई का भावपूर्ण मंचन किया गया। रामलीला के माध्यम से स्थानीय कलाकारों ने धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत करते हुए दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से रूबरू कराया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के संरक्षक दिनेश अग्रवाल, अध्यक्ष गौरीशंकर, महाप्रबंधक विशाल अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मनोज वाधवा, सतपाल बत्रा, जतिन कक्कड़, अजहर सिद्दीकी, मनोज श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, सुनील गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री इंद्रेश गुंबर ने किया।

मुनीबा नाज़ ने नीट उत्तीर्ण कर रोशन किया क्षेत्र का नाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



बाजपुर। जीनियस ग्लोबल एकेडमी की होनहार छात्रा मुनीबा नाज़ पुत्री इबले हसन ग्राम माटखेड़ा तहसील स्वार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) उत्तीर्ण कर मेडिकल कॉलेज के MBBS पाठ्यक्रम में प्रवेश पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता से विद्यालय प्रशासन, परिजनों और स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है। मुनीबा नाज़ ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, माता-पिता के आशीर्वाद और विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने बताया कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के बल पर ही उन्होंने इस कठिन परीक्षा को पास करने का अपना सपना साकार किया है। इस गौरवमयी उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक रेखा पासी ने मुनीबा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि मुनीबा की यह सफलता उन सभी छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है जो जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुनीबा भविष्य में एक कुशल और संवेदनशील चिकित्सक बनकर समाज व देश की निःस्वार्थ सेवा करेंगी। विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों ने छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई व अनंत शुभकामनाएं दीं।

थारू जनजाति के व्यक्ति से ठगी और जमीन हड़पने के मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



खटीमा को सौंपा ज्ञापन सौंपते मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्था के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

खटीमा। थारू जनजाति के व्यक्ति को 100 किलोग्राम सोना मिलने का झांसा देकर कथित रूप से ठगी करने और हाईवे से लगी करीब दो बीघा जमीन कम कीमत पर हस्तांतरित कराने के मामले में मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्था ने निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। संस्था के उपाध्यक्ष रमेश सिंह राणा के नेतृत्व में सदस्यों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी खटीमा को ज्ञापन सौंपकर आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम भूड़ महोलिया निवासी उमेश सिंह राणा पुत्र महेंद्र सिंह राणा थारू जनजाति परिवार से संबंधित हैं। आरोप है कि कुछ लोगों ने उनकी जमीन में करीब 100 किलोग्राम सोना दबा होने का लालच देकर पूजा-पाठ और धार्मिक क्रियाओं के नाम पर उन्हें अपने जाल में फंसाया। इसके बाद कथित रूप से उन्हें लगातार भ्रमित कर हाईवे से लगी उनकी करीब दो बीघा जमीन बेहद कम कीमत पर हस्तांतरित करा ली गई। संस्था ने इस पूरे मामले में लगभग सवा करोड़ रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाया है। संस्था के अनुसार, मामले में थाना खटीमा में मुकदमा दर्ज है। ज्ञापन में भूमि के हस्तांतरण, रजिस्ट्री दस्तावेजों, बैंक खातों में हुए लेन-देन और डिजिटल साक्ष्यों की गहनता से जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही प्रकरण में शामिल सभी व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करने की अपील की गई है। संस्था ने पुलिस अधिकारियों से मुकदमे की विवेचना की समीक्षा करने, आवश्यकता पड़ने पर उच्चाधिकारी की निगरानी में जांच कराने तथा पीड़ित की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी की। इसके अलावा कथित रूप से ठगी गई धनराशि की बरामदगी और भूमि वापस दिलाने के लिए नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। संस्था ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच की जाए, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट सूरज प्रकाश राणा, एडवोकेट सत्येंद्र सिंह राणा, चरन सिंह, अजय सिंह राणा, अरुण सिंह, संदीप सिंह राणा तथा मनजीत सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय कबड्डी राजीव, रोशन ने जीता रजत पदक

जागरण मोर्चा कार्यालय



राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में ट्रॉफी के साथ राजीव, रोशन। –जागरण मोर्चा

खटीमा। उत्तराखंड की 24वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता 2026-27 में शहीद हरि किशन शिक्षण संस्थान, अशोक फार्म के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। 7 से 9 अक्टूबर 2026 तक श्री पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, मुनि की रेती, ऋषिकेश, टिहरी गढ़वाल में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के अंडर-19 वर्ग के खिलाड़ी रोशन राजभर, पुत्र बैजनाथ राजभर, और राजीव हलदार, पुत्र रतन हलदार ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। खिलाड़ियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन डोबरियाल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

पुनीत गोयल बने राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष

सितारगंज। सितारगंज राइस मिल एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों का मंगलवार को सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसमें पुनीत गोयल को एसोसिएशन का अध्यक्ष, गौतम कंसल को महामंत्री तथा यश गोयल को कोषाध्यक्ष चुना गया। पदाधिकारियों के चयन के दौरान एसोसिएशन के सदस्यों ने एकजुटता दिखाते हुए संगठन को मजबूत बनाने और राइस मिल उद्योग से जुड़े लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। मंगलवार, 13 अक्टूबर को सितारगंज में राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चयन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के राइस मिलर्स ने प्रतिभाग किया। इस दौरान संगठन की गतिविधियों, राइस मिल उद्योग से जुड़े हितों और एसोसिएशन की आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा की गई।

शुभारंभ सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में सहायक होगा कैंप कार्यालय : रमेश जोशी

दर्जा राज्य मंत्री संतोष गौरव के कैंप कार्यालय का हुआ उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय



दर्जा राज्य मंत्री संतोष गौरव व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश जोशी। –जागरण मोर्चा

खटीमा। मुख्य चौक स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे उत्तराखंड सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष एवं दर्जा राज्य मंत्री संतोष गौरव के कैंप कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दर्जा राज्य मंत्री संतोष गौरव का फूल-मालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कैंप कार्यालय खुलने से सफाई कर्मचारियों और पर्यावरण मित्रों की समस्याओं के समाधान में आसानी होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि संतोष गौरव प्रदेश के समस्त सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनके निराकरण के लिए प्रभावी प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि संतोष गौरव मुख्यमंत्री द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी पर खरा उतरेंगे। वहीं दर्जा राज्य मंत्री संतोष गौरव ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक छोटे कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपकर मुख्यमंत्री ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का वह पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सफाई कर्मचारियों की अनेक समस्याओं का समाधान किए जाने से कर्मचारियों में खुशी है। शेष समस्याओं को भी मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर उनके निराकरण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता है। संतोष गौरव ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में प्रदेश के सफाई कर्मचारियों का समर्थन भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा, जिससे पार्टी और अधिक मजबूत होगी। इस मौके पर दर्जा राज्य मंत्री गंभीर सिंह धामी मोहिनी पोखरिया किशन सिंह कन्ना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पांडे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, नीता सक्सेना, रवीश भटनागर, सतीश भट्ट, हिमांशु बिष्ट, असलम अंसारी, नफीस अंसारी, अनिल कुमार, सुभाष कुमार, नीरज सक्सेना, ग्रेस देवी, गिल्लो देवी, ममता तथा विनीता देवी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





ऐरा चीनी मिल का राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस 3.0 सम्पन्न
अच्छी प्रजाती के गन्ने से उन्नत खेती पर किया मंथन

जलवायु परिवर्तन के बीच उत्पादन बढ़ाने की तकनीकें बताईं, मौजूद किसानों ने विशेषज्ञों से पूछे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

धौरहरा खीरी। घाघरा और शारदा नदियों के बेसिन क्षेत्र में गन्ने की पैदावार और गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार में जुआरी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की गोविंद शुगर मिल ऐरा में राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस 3.0 का आयोजन किया गया।एक दिवसीय सम्मेलन में कृषि एवं गन्ना विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत खेती, जलवायु परिवर्तन के अनुसार कृषि पद्धतियों में बदलाव,जल प्रबंधन, कीट नियंत्रण और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की जानकारी दी। किसानों ने भी अपनी समस्याएं रखीं और विशेषज्ञों से सवाल पूछकर समाधान जाना। सम्मेलन में चार चरणों में विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतियां और परिचर्चाएं हुईं।प्राप्त विवरण के अनुसार जुआरी



कार्यक्रम में मौजूद मिल के अधिकारी व कर्मचारी गण। –जागरण मोर्चा

इंडस्ट्रीज लिमिटेड ऐरा के यूनिट हेड आलोक सक्सेना ने मौजूद अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र मिश्रा,ऐरा गन्ना समिति के सचिव राजेश वर्मा और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विजय लक्ष्मी ने किसानों को संबोधित किया।जुआरी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अतहर शहाब ने कहा कि गन्ना किसानों को बेहतर लाभ दिलाने के लिए तकनीक आधारित उन्नत खेती अपनाना जरूरी है। वहीं अवध शुगर एंड एनर्जी हरगांव के सीओओ आगा आसिफ बेग ने स्मार्ट किस्म योजना के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।जुआरी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के केन एक्सीलेंस प्रोग्राम की सलाहकार डॉ. फौजिया तरन्नुम ने गन्ने की बेहतर पैदावार के लिए नई तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके समाधान के प्रयासों पर जोर दिया। दूसरे सत्र में पैनलिस्ट रियाज अहमद,मोहम्मद हयात,कुलदीप कटियार,प्रकाश नारायण, सत्य प्रकाश मिश्रा, दलजिंदर सिंह,राम सिंह और धर्मपाल मौर्य के साथ गन्ना उत्पादन,पेड़ी प्रबंधन,रोग निदान, खेत की उपयुक्तता,फसल की परिपक्वता और बीज चयन जैसे विषयों पर चर्चा हुई।किसानों को सहफसली खेती अपनाकर अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त करने के तरीके भी बताए गए। परिचर्चा की अध्यक्षता यूपीसीएसआर शाहजहांपुर के सेवानिवृत्त प्रधान वैज्ञानिक डॉ. भूदेव सिंह ने की।इसमें यूपीसीएसआर शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.अरविंद कुमार, आईआईएसआर लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.संजय कुमार, अजीत वर्मा,चंद्रहास विकल केन हेड कुंभी चीनी मिल और केपी सिंह केन हेड हरगांव ने वैज्ञानिक तरीके से गन्ने की खेती करने पर अपने विचार रखे।वक्ताओं ने गन्ने की उपज और गुणवत्ता बढ़ाने के साथ नई कृषि नीति एवं प्रोत्साहन योजनाओं पर भी चर्चा की। सम्मेलन में गोविंद शुगर मिल की ओर से गन्ने की उन्नत किस्मों,कृषि यंत्रों और चीनी मिल के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम के अंत में मिल के गन्ना विभाग के प्रमुख बिरम सिंह राठौर ने अतिथियों और किसानों का आभार व्यक्त किया। जुआरी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अतहर शहाब ने कहा कि राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस किसानों के साथ सीधे संवाद का महत्वपूर्ण मंच है।

दबंगों के डर से परिवार करेगा पलायन, बैनर लगाकर
पीड़ित परिवार ने दबंगों के कहर किया जिक्र

थाना क्षेत्र ईसानगर के गांव अदलीशपुर का मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

धौरहरा खीरी। सर्किल धौरहरा के थाना ईसानगर क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित परिवार ने बैनर के माध्यम से गांव निवासी दबंगों के डर से घर बार छोड़कर जाने की बात कही। मामले की सूचना मंगलवार को शोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होते ही पुलिस जांच पड़ताल तेज हो गई। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह शोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल बैनरतले पूरे परिवार सहित थाना क्षेत्र ईसानगर के गांव अदलीशपुर निवासी सरताज पुत्र मतीन ने लिखवाया कि गांव निवासी दबंग शहजाद,शहिबाल,बांके, नईम,अफसाना पत्नी नईम व शहजाद की पत्नी के डर से घर बार छोड़कर पूरे परिवार के साथ जाने की बात कही। ज्ञात रहे पिछले हफ्ते इन्ही दोनों परिवारों के मध्य आपस में जमकर लाठियां चटकाई थी जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग चोटिल हुए थे पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई भी की थी। इस मामले में जानकारी करने पर क्षेत्राधिकारी धौरहरा अभिषेक ने बताया कि दोनों में सरकारी जमीन पर कब्जे का मामला है फिर भी एक परिवार घर छोड़कर जाने की बात कह रहा है। पूरे मामले की जानकारी करवा रहे हैं।



घर के बाहर लगा पलायन का बोर्ड, भय में खड़ा परिवार। –जागरण मोर्चा

जिपंअ मौर्य ने की धान खरीद केंद्र की शुरुआत

- मंडी कैंपस के सेंटर पर प्रथम दिन 44.80 क्विंटल धान खरीद

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। मंडी परिसर में संचालित एसएमआई विभाग के क्रय केन्द्र में 44 क्विंटल 80 किलो धान की सोमवार को खरीद हुई है। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने सीजन की धान खरीद की शुरुआत करते हुए खरीद संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंडी परिसर के एक क्रय केन्द्र पर धान खरीद का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार धान खरीद में कुछ विलंब जरूर हुआ लेकिन किसानों की धान खरीद पारदर्शीता के अनुसार की जाएगी। जिपंअ मौर्य ने कहा कि इस बार अचानक बारिश होने से धान की आवक में असर पड़ा है। कच्चा आढ़त के मामले में उन्होंने कहा कि



धान खरीद केन्द्र का शुभारंभ करते जिपंअ अजय मौर्य। –जागरण मोर्चा

राइस मिलर के प्रदेश संगठन स्तर पर होने वाली बैठक आज मंगलवार को देहरादून में संपन्न हो रही है। इसके बाद कच्चा आढ़तें एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित क्रय केन्द्रों में धान खरीद तेजी से हो सकेंगी। मंडी परिसर पर लगे धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण करते हुए जिपंअ अजय मौर्य ने केन्द्र प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को धान खरीद में किसी तरह की कोताही नहीं बरतने संबंधी चेतावनी दी। एसएमआई के.सी. आर्य ने बताया कि। मंगलवार को उनके क्रय केन्द्र में 44 क्विंटल 80 किग्रा धान खरीदा गया है। उन्होंने क्रय केन्द्र प्रभारियों से किसानों के रजिस्ट्रेशन कराने संबंधी निर्देश दिए हैं। इधर एडीओ पंचायत शोभित अग्रवाल ने बताया कि प्राइवेट संस्थानों द्वारा संचालित क्रय केन्द्रों में खरीद संबंधी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। बारिश के चलते धान में नमी होने से आवक नहीं हुई है।

एसटी के धर्मांतरण मामलों में पुलिस की कार्रवाई तेज, हजारों लोगों की घर वापसी का दावा

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। खटीमा और नानकमत्ता क्षेत्र में थारू जनजाति के लोगों को कथित रूप से प्रलोभन देकर और डराधमकाकर धर्मांतरण कराने के मामलों में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। उत्तराखंड के धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत पांच मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी भी की है। वहीं, जमानत पर बाहर चल रहे एक आरोपी की जमानत निरस्त कराने के लिए उच्च न्यायालय में आवेदन किया गया है।खटीमा के सीओ नीरज सेमवाल ने बताया कि खटीमा और नानकमत्ता क्षेत्र में थारू जनजाति के लोगों को प्रलोभन देकर बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत



नीरज सेमवाल सीओ (खटीमा)।

कार्रवाई करते हुए मुकदमे दर्ज किए और आरोपियों की गिरफ्तारी की। सीओ नीरज सेमवाल ने दावा किया कि पुलिस की कार्रवाई के बाद हजारों लोगों ने अपने मूल धर्म में वापसी की है। उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि कथित रूप से प्रलोभन और डराने-धमकाने के जरिए धर्मांतरण कराने वाले लोगों के साथ भू-माफियाओं का एक समूह भी सक्रिय था। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। नीरज सेमवाल ने बताया कि धर्मांतरण की गतिविधियों में संलिप्त एक आरोपी जमानत पर बाहर है। उसकी कथित अवैध गतिविधियों को देखते हुए जमानत निरस्त कराने के लिए न्यायालय में आवेदन किया गया है। उन्होंने कहा कि जमानत निरस्त होने के बाद संबंधित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि मामले में कानूनी कार्रवाई जारी है। विवेचना में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं खटीमा सीओ नीरज सेमवाल ने थारू जनजाति से अपील किया है कि हनी ट्रैप, जादू टोना, धर्मांतरण, धोखाधड़ी, झांसा तथा अन्य माध्यमों से भूमि हड़पने वाले भूमाफियों तथा ठगों से सावधान, सतर्क और जागरूक रहें तथा ऐसे मामलों में तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई हो सके।

संक्षेप समाचार

मां चंद्रघंटा के जयकारों से गूंजे पंडाल, उमड़ी रही श्रद्धालुओं की भीड़



अल्मोड़ा में श्रद्धालुओं ने दुर्गा पंडाल में पूजा अर्चना की। –जागरण मोर्चा

अल्मोड़ा : शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही नगर के मंदिरों समेत दुर्गा पंडालों में मां के भक्तों की भीड़ उमड़ रही। सुबह से ही शंख घंटियों की ध्वनि से पूरा माहौल भक्ति रहा। मंगलवार को मां के भक्तों ने उपवास रख कर मंदिरों और घरों में सुंदरकांड और भजन कीर्तन किए। वहीं, दुर्गा पंडालों में मां के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की गई। नगर के खत्याड़ी, मालरोड स्थित चौघानपाटा, लाला बाजार, गंगोला मोहल्ला, धारानौला, न्यू इंद्रा कॉलोनी खत्याड़ी, राजपुरा, लक्ष्मेश्वर, दुंगाधारा आदि स्थानों पर आयोजित दुर्गा महोत्सवों में भजन कीर्तनों की धूम रही। इधर, मालरोड स्थित चौघानपाटा में आयोजित दुर्गा महोत्सव में मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। यहां मुख्य शास्त्री राजेश जोशी और उनके सहयोगी केवलानंद भट्ट के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न कराए गए। वहीं, भजन संध्या में वृंदावन से आए मोहित खंडूरी और अनिल रावत ने माता रानी के भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में भक्त भक्ति रस में डूबे रहे।

ग्राम लौका के जंगलों में मिट्टी खनन पर वन विभाग का शिकंजा, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

- रात के अंधेरे में चल रहा था अवैध खनन का खेल
- वन विभाग की छापेमारी से मिट्टी माफियाओं में हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। तहसील क्षेत्र के ग्राम लौका के जंगलों में लंबे समय से रात के अंधेरे में चल रहे अवैध मिट्टी खनन के खेल पर आखिरकार वन विभाग ने शिकंजा कस दिया है। विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए मौके से अवैध खनन में इस्तेमाल की जा रही दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया है। वन विभाग की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम लौका के जंगल क्षेत्र में पिछले कई दिनों से रात के अंधेरे में मिट्टी खनन की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। ग्रामीणों का आरोप था कि मिट्टी माफिया दिन में रैकी कर रात में जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली से जंगल की जमीन को खोदकर मिट्टी को आसपास के ईंट-भट्ठों और निजी



निर्माण कार्यों में सप्लाई कर रहे थे। जंगल के अंदर बड़े-बड़े गड्ढे खोदे जाने से न केवल वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा था, बल्कि वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास पर भी खतरा मंडरा रहा था। स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी शिकायत वन विभाग के अधिकारियों से की थी। ग्रामीणों ने बताया कि रात में 11 बजे के बाद ट्रैक्टरों की आवाजाही शुरू हो जाती थी और सुबह होने से पहले ही दर्जनों ट्रॉली मिट्टी जंगल से बाहर ले जाई जा रही थी। सूत्रों के मुताबिक, वन विभाग के अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शनिवार-सोमवार की रात भी लौका जंगल में बड़े पैमाने पर खनन चल रहा है। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में वन कर्मियों की एक टीम ने देर रात जंगल को घेर लिया। टीम को देखकर खनन कर रहे कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, लेकिन मौके पर खड़ी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को विभाग ने कब्जे में ले लिया। दोनों वाहनों को जब्त कर वन चौकी लाया गया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में कई सवाल भी उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर इतने दिनों से लगातार हो रहे खनन पर पहले कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या इसमें स्थानीय स्तर पर किसी की मिलीभगत है? वहीं वन विभाग का कहना है कि जब्त किए गए वाहनों के मालिकों का पता लगाया जा रहा है और उनके खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जंगल में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में रात में गश्त बढ़ा दी गई है और यदि कोई भी व्यक्ति जंगल में अवैध खनन करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वाहनों को सीज करने के साथ-साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा। फिलहाल विभाग द्वारा जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली के कागजातों की जांच की जा रही है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। वन विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है और विभाग से मांग की है कि ऐसे छापेमारी अभियान लगातार जारी रखे जाएं ताकि जंगल की जमीन को बचाया जा सके।

बॉस्केबॉल में देहरादून और पौड़ी का दबदबा

- अल्मोड़ा में राज्य स्तरीय स्कूली बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आगाज
- प्रदेश भर के आठ जिलों की टीमें प्रतियोगिता में ले रही हिस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में उत्तराखंड विद्यालयी प्रादेशिक बास्केबॉल प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। मंगलवार को प्रतियोगिता में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों ने अपना दखमख दिखाया। पहले दिन देहरादून और पौड़ी ने अपने-अपने मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, दर्जा मंत्री कुंदन लटवाल और गोविंद सिंह पिलख्वाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर



अल्मोड़ा में विद्यालयी प्रादेशिक बास्केटबॉल प्रतियोगिता का केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने शुभारंभ किया। –जागरण मोर्चा

किया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि खेल ही जीवन को अनुशासित और स्वस्थ बनाता है। ऐसे आयोजन ग्रामीण और शहरी प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच प्रदान करते हैं। पहला मुकाबला अंडर-19 बालक वर्ग में पौड़ी व बागेश्वर के बीच खेला गया। जिसमें पौड़ी ने बागेश्वर को 12-2 से हराया। वहीं, दूसरे मुकाबले में देहरादून ने टिहरी को 27-8 से पराजित किया। अंडर-14 बालिका वर्ग में पौड़ी ने बागेश्वर को 30-4 और देहरादून ने अल्मोड़ा को 18-2 से हराया। यहां मेयर अजय वर्मा, डीईओ चंदन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, कैलाश गुरुरानी, महेश नयाल, रवि रौतेला, पूनम पालीवाल, ललित मोहन लटवाल, सुरेश कुमार वर्मा, डॉ. कैलाश डोलिया, नवीन लाल वर्मा, भूपाल चिलवाल, पंकज टम्टा, धन सिंह धौनी, दीपक वर्मा आदि मौजूद रहे।

ताड़का के किरदार की भूमिका में नजर आए पार्षद, तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा पंडाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

अल्मोड़ा। ऐतिहासिक व सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में इन दिनों रामलीला मंचन की खुब धूम मची हुई है। रामलीला मंचन के दूसरे दिन सोमवार को नगर के नंदादेवी में ताड़का वध प्रसंग मुख्य आकर्षण रहा। ठंड के बाद भी बड़ी संख्या में लोगों ने रामलीला में पहुंच कलाकारों के अभिनय का आनंद लिया। नगर के श्री लक्ष्मी भंडार हुक्का क्लब, धारानौला, राजपुरा, सरकार की आली, कर्नाटकखोला, एनटीडी, नंदादेवी, खत्याड़ी आदि स्थानों में ताड़का-सुबाहू वध, अहैल्या उद्धार, गौरी पूजन आदि प्रसंगों का मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों के शानदार मंचन का दर्शकों ने खूब लुफ्त उठाया। इधर, नगर के नंदादेवी मंदिर



अल्मोड़ा के नंदादेवी रामलीला में ताड़का वध का शानदार मंचन किया गया।

में रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने दीप जलाकर किया। इसके बाद मंचन में दशरथ-विश्वामित्र संवाद के बाद जब ताड़का मंच पर आई तो पूरे प्रांगण में सन्नाटा छा गया। पार्षद और रामलीला कमेटी के सचिव अर्जुन बिष्ट चीमा ने ताड़का के किरदार को इस कदर जीवंत किया कि दर्शकों ने तालियों से उनका स्वागत किया। इसके बाद राम द्वारा ताड़का वध, सुबाहु वध, मारीच का तारण, अहिल्या उद्धार और गौरी पूजन के दृश्यों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। यहां कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप मेर, निर्देशक परितोष जोशी, गणेश मेर, महेंद्र बिष्ट, संजय साह, नवीन बिष्ट, राजेंद्र रौतेला, द्रोण नेगी, अविरल जोशी, मुरलीधर कांडपाल, संजय जोशी, मीनाक्षी हरबोला, कामाक्षी पांडे, हर्षिता पांडे, मानवी बोरा, नीतू मावड़ी, कनिष्का पांडे, सृष्टि उप्रेती, वेदांशी गोस्वामी, छवि पांडे आदि मौजूद रहे।

सितारगंज मंडी में धान खरीद पर सस्पेंस बरकरार

सितारगंज। खरीफ खरीद सत्र 2026-27 शुरू होने के साथ ही सितारगंज मंडी में धान लेकर पहुंचने वाले किसानों की आवक रोजाना बढ़ती जा रही है, लेकिन कच्चा आढ़ती के माध्यम से धान खरीद को लेकर अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। विभाग और राइस मिलर्स के बीच पंजीकरण की शर्तों पर सहमति नहीं बन पाने से खरीद व्यवस्था पूरी तरह से अधर में लटकी हुई है। मंडी में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में धान लेकर आए किसान अपनी उपज बेचने के लिए इंतजार करने को मजबूर हैं, जिससे किसानों में भारी रोष और चिंता व्याप्त है।सितारगंज में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राइस मिल एसोसिएशन, कच्चा आढ़ती एसोसिएशन और मंडी समिति के वरिष्ठ विपणन अधिकारी मौजूद रहे।

दिक्कत चार महीने से प्रक्रिया ठप, कार्यालय के चक्कर काटकर मायूस लौट रहे पात्र ; कई बार ऑनलाइन आवेदन कराने में भी खर्च हो रहे रुपये


वेबसाइट बंद, गरीबों के राशन कार्ड पर लगा ब्रेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन (लखीमपुर)। गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राशन कार्ड बनवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। पिछले चार महीने से वेबसाइट बंद होने के कारण निघासन क्षेत्र के सैकड़ों पात्र लाभार्थियों के राशन कार्ड बनने की प्रक्रिया अटकी हुई है। हालत यह है कि लोग आवेदन और जरूरी दस्तावेजों पर रुपये खर्च करने के बाद भी योजना का लाभ पाने के लिए इंतजार कर रहे हैं। खाद्य विभाग कार्यालय पहुंचने पर कर्मचारियों की ओर से वेबसाइट बंद होने की जानकारी देकर उन्हें वापस कर दिया जाता है।पिछले वर्ष कई पात्र परिवारों के राशन कार्ड बने थे, लेकिन इस बार स्थिति इसके



तहसील पहुंची संध्या देवी।



उलट है। लुधौरी गांव की संध्या देवी ने बताया कि वह दो साल से राशन कार्ड बनवाने के लिए तहसील और संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगा रही हैं। परिवार में तीन बेटियां हैं। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने के बावजूद उन्हें राशन कार्ड का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं, लुधौरी के ललित शुक्ल ने करीब दो महीने पहले ऑनलाइन आवेदन कराया था। अब वह राशन कार्ड नंबर जारी होने का इंतजार कर रहे हैं।

आवेदन पर खर्च, फिर भी हाथ लग रही निराशा : राशन कार्ड बनवाने के लिए ग्रामीणों को ऑनलाइन आवेदन कराने के साथ ही जरूरी दस्तावेज निकलवाने में भी रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इसके बावजूद आवेदन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ने से उनकी परेशानी बढ़ रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, कई बार आवेदन कराने के बाद भी उन्हें राहत नहीं मिलती। बताया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन के एक महीने से अधिक समय तक प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ने पर फार्म वेबसाइट से हट जाता है। ऐसे में पात्रों को दोबारा आवेदन कराना पड़ता है और उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।खाद्य विभाग के प्रभारी रामजी यादव ने बताया कि राशन कार्ड के लिए जगह खाली होने पर पात्र लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया चलती है। फिलहाल जगह खाली नहीं होने के कारण काम बाधित है। जल्द ही प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाएगी।

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com





पीलीभीत

11

लखनऊ, बुधवार, 14 अक्टूबर 2026

एक नजर



कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय भागवत कथा शुरू

अमरिया। कस्बे सहित क्षेत्र के धुंधरी और पौटा गांव में कलश यात्रा निकालकर नौ दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। अमरिया कस्बे में कलश यात्रा भूमि सेन देव स्थल से शुरू होकर देवहा-बैगुल फीडर नहर पुल पर पहुंची। यहां नहर से जल लेने के बाद श्रद्धालु वापस भूमि सेन देव स्थल पहुंचे, जहां विधि-विधान से कलश स्थापित किए गए। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारे लगाए और भक्ति गीत गाए। इससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर सूरजपाल, खेमपाल, मेवाराम, मनोहर लाल, दुर्गा चरण, सेवाराम, सुभाष चंद्र सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

गैस सिलेंडर में लगी आग, मासूम की जलकर मौत

आग से पांच सदस्य झुलसे, घटना से मचा हडकंप

जागरण मोर्चा कार्यालय





मौजूद पुलिस और अस्पताल में भर्ती लोग। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। चाय बनाते समय गैस रेगुलेटर के पास पाइप लीक होने से सिलेंडर में आग लग गई। देखते देखते आग भड़क गई। इससे चपेट में आकर मासूम बच्ची की जलकर मौत हो गई। जबकि परिवार के पांच सदस्य झुलस गए। इनमें पिता-पुत्र की हालत नाजुक बताई गई है। जिसको रेफर कर दिया गया है। घटना से कोहराम मचा हुआ है।

नगर के मोहल्ला बमनपुरी निवासी नरेश जोशी की नौ वर्षीय बेटी माही मंगलवार को गैस सिलेंडर पर चाय बना रही थी। इसी दौरान गैस रेगुलेटर के पास पाइप लीक होने से आग लग गई। जिससे खलवली मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल अपना विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान आग बुझाने और परिवार के सदस्यों को बचाने के प्रयास में नरेश जोशी, उनका बेटा वासु, बेटी माही, पत्नी ज्योति (32) और आठ वर्षीय बेटा हेमंत झुलस गए। आग की चपेट में आने से नरेश के भाई सागर जोशी की डेढ़ वर्षीय बेटी निष्ठी की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। आग लगने से घर में चीख-पुकार मच गई। बडी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसी दौरान नरेश के भाई दुर्गेश की पत्नी विमलेश आग से बचने के लिए भागीं तो गिरने से उनका एक पैर टूट गया। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। साथ ही आस पडोस के लोग भी आग बुझाने के लिए दौड पडे, सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, टीम ने लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में घर में रखा टीवी, फ्रिज, बेड समेत अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर कोतवाल पवन पांडे कोतवाली पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, सूचना पर 108 एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई। घटना से मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। 108 एंबुलेंस की मदद से परिजन और स्थानीय लोग झुलसे हुए लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पूरनपुर लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद नरेश जोशी और उनके बेटे वासु की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने निष्ठी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो रो कर बुराहाल है। कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर गया था। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल घटना से हडकंप मचा हुआ है।

संक्षेप समाचार

दुर्गा महोत्सव में माता की भेंटों पर झूम रहे श्रद्धालु

घुंघचाई। क्षेत्र के गांव दिलावरपुर में दो जगहों पर चल रहे दुर्गा महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। महोत्सव में मां दुर्गा की आराधना के साथ भजन-कीर्तन और माता की सुंदर-सुंदर भेंटों की प्रस्तुति की जा रही है। गांव दिलावरपुर में आयोजित दुर्गा महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। महोत्सव में शामिल होने के लिए गांव के अलावा आस पास के क्षेत्रों से भी भक्त पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया जा रहा है। गायक कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत की जा रही सुंदर-सुंदर भेंटों से श्रद्धालु भक्ति के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। माता के भजनों की मधुर धुनों पर भक्त भाव-विभोर होकर मां की आराधना कर रहे हैं। दुर्गा महोत्सव में मां दुर्गा की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की जा रही हैं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। झांकियों के माध्यम से देवी मां के विभिन्न स्वरूपों को प्रदर्शित किया जा रहा है। भक्त श्रद्धा और उत्साह के साथ इन झांकियों का आनंद ले रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर माता रानी के जयकारे से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। माता की भेंटों पर श्रोता भाव-विभोर हो रहे हैं। दुर्गा जागरण पूरे नौ दिनों तक चलेगा। मां दुर्गा की महिमा का गुणगान होते ही श्रद्धालु जयकारे लगाने लगते हैं। भक्त माता रानी के समक्ष शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। धार्मिक आयोजन के चलते गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। दुर्गा महोत्सव में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भागीदारी से आयोजन की रौनक बढ़ रही है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



बालिकाओं को जागरुक करते पुलिस महकमे के लोग। -जागरण मोर्चा

पीलीभीत। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत महिला थाना की महिला शक्ति केंद्र टीम ने छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। महिला संबंधी अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। टीम ने आपातकालीन स्थिति में उपयोगी सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इसके साथ ही पुलिस की कार्यप्रणाली और सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई। छात्राओं को यातायात नियमों एवं सुरक्षित आवागमन के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना रहा।

किशोरी को भगा ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। एक युवक ने गांव के एक युवक पर बहन को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि 11 अक्टूबर की रात से उसकी बहन लापता है गई। सुबह घर पर ना पाकर परिवार में खलवली मच गई। काफी खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव निवासी राकेश किशोरी को बहलाफुसलाकर भगा ले गया है। युवक ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

मां ज्वाला जी की अंखड ज्योति के दर्शन के लिए मंदिर पर उमड रही भारी भीड़



ज्योति के दर्शन करते भक्त। -जागरण मोर्चा

घुंघचाई/पूरनपुर। क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा में नवरात्र मां ज्वाला जी की अखंड ज्योति मंदिर में विराजमान की गई है। मां की अखंड ज्योति के दर्शन करने और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर में भारी भीड़ उमड़ रही है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा में श्रद्धालुओं का एक जत्था तीन अक्टूबर को मां ज्वाला जी की पवित्र अखंड ज्योति लेने के लिए हिमाचल प्रदेश रवाना हुआ था। दस अक्टूबर को वहां से मां ज्वाला जी की अखंड ज्योति लेकर जत्था गांव वापस लौटा था। इसके बाद मां की पवित्र ज्योति को गांव के मुख्य बाजार स्थित मंदिर में विधि-विधान के साथ विराजमान किया गया है। अखंड ज्योति मंदिर में विराजमान होने के बाद रोजाना सुबह से ही भक्त मंदिर पहुंचकर माता रानी की ज्योति के दर्शन कर रहे हैं। मां की अखंड ज्योति के दर्शन करने के लिए गांव के अलावा आस पास के गांवों से भक्त बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। मां ज्वाला जी की अखंड ज्योति पूरे नौ दिनों तक भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर में विराजमान रहेगी, मंदिर में मां ज्वाला जी की अखंड ज्योति के दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिल रही है। भक्त माता रानी के जयकारे लगाते हुए दर्शन कर रहे हैं। जयकारों से मंदिर परिसर और आसपास का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

झाड़ियों के साए में नौनिहालों का भविष्य, आबादी से दूर बना आंगनबाड़ी केंद्र बना खतरे का घर

जागरण मोर्चा कार्यालय



झाड़ियों से घिरा आंगनवाड़ी भवन। -जागरण मोर्चा

शेरपुर कलां। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है, लेकिन शेरपुर कलां का आंगनबाड़ी केंद्र खुद बदहाली का शिकार है। कस्बे से दूर स्थित यह भवन देखरेख और नियमित सफाई के अभाव में घनी झाड़ियों और घास-फूस से घिर गया है, जिससे परिसर जंगल जैसा दिखाई देने लगा है। केंद्र के चारों ओर खेत फैले हैं और आबादी से दूर होने के कारण यहां का माहौल चिंताजनक बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, परिसर में फैली झाड़ियों के बीच जहरीले सांप और बिच्छू दिखाई देते हैं। कमरों के आसपास तक घास उग आने से छोटे बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है।3 से 6 वर्ष के मासूम बच्चे झाड़ियों में छिपे खतरों को पहचानने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस केंद्र पर बच्चों को सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए, वहां उपेक्षा और अव्यवस्था के चलते हादसे की आशंका बनी हुई है। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग के कर्मचारी और अधिकारी केंद्र की सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि परिसर की तत्काल सफाई कराई जाए और बच्चों की सुरक्षा के लिए उचित व्यवस्था की जाए, ताकि किसी संभावित हादसे को समय रहते रोका जा सके।

बिना अनुमति हरे पेड़ों की कर दी कटाई, 50 लट्ठे बरामद

विभाग ने की आरा मशीन पर छापेमारी, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। क्षेत्र में बिना अनुमति हरे-भरे पेड़ों की कटाई कर उनकी लकड़ी आरा मशीन पर एकत्र किए जाने की सूचना मिलने पर सामाजिक वानिकी विभाग की टीम ने नगर के लाइनपार स्थित इरफान की आरा मशीन पर छापेमारी की। इससे खलवली मची रही।

नगर के लाइनपार क्षेत्र में स्थित इरफान की आरा मशीन पर बिना अनुमति काटे गए हरे-भरे शीशम और आम के पेड़ों की लकड़ी लाकर एकत्र किए जाने की सूचना सामाजिक वानिकी विभाग को मिली थी। सूचना में बताया गया कि आरा मशीन पर बड़ी मात्रा में लकड़ी रखी हुई है। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। टीम की कार्रवाई के दौरान आरा मशीन पर रखी लकड़ी की जांच की गई तो वहां शीशम और आम के 50 लट्ठे मिले।

टीम के पहुंचते ही मौके पर रखी लकड़ी की जांच-पड़ताल शुरू की गई। अधिकारियों ने लकड़ी की प्रजाति और उससे संबंधित अभिलेखों के बारे में जानकारी जुटाई। जांच के दौरान मौके पर शीशम और आम की लकड़ी के 50 लट्ठे पाए गए। इसके बाद अधिकारियों ने आरा मशीन संचालक से लकड़ी के संबंध में आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन वह लकड़ी से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका।छापेमारी के दौरान सामाजिक वानिकी विभाग की टीम ने आरा मशीन पर रखी लकड़ी के संबंध में संचालक से पूछताछ की। अधिकारियों के अनुसार, जांच के दौरान संचालक लकड़ी से संबंधित आवश्यक अभिलेख नहीं दिखा सका। ऐसे में विभागीय टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए बरामद लकड़ी को अपने कब्जे में लेकर आरा मशीन संचालक की सुपुर्दगी में दे दिया। इसके साथ ही संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। सामाजिक वानिकी के रेंजर सोवरन लाल ने बताया कि सूचना मिली थी सूचना के आधार पर टीम ने आरा मशीन पर छापेमारी की। बरामद लकड़ी को संचालक की सुपुर्दगी में देकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

चार गांवों को जोड़ने वाले रास्ते पर दीवार बनाने की तैयारी

- ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



ज्ञापन देते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। शेरपुर रेलवे फाटक के पास चार गांवों को जोड़ने वाले रास्ते को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। रेलवे विभाग की ओर से रास्ते पर खुदाई कर दीवार बनाने की तैयारी किए जाने से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि रास्ते पर दीवार खड़ी कर दी गई, तो चार गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित होगा। इससे उन्हें आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मामले को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की गई। वहीं, ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत विधायक बाबूराम पासवान से भी की है।

ग्रामीणों के अनुसार, शेरपुर रेलवे फाटक के पास स्थित यह रास्ता चार गांवों को आपस में जोड़ता है। इस रास्ते से लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में रेलवे विभाग की ओर से रास्ते पर खुदाई कर दीवार बनाने की तैयारी की सूचना से लोगों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि यहां दीवार बना दी गई, तो उनके लिए आवागमन में दिक्कतें पैदा हो सकती हैं। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से रेलवे विभाग की प्रस्तावित कार्रवाई से होने वाली समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया गया। ग्रामीणों ने मामले में हस्तक्षेप कर रास्ते को लेकर उचित समाधान निकालने की मांग की है, ताकि लोगों का आवागमन बाधित न हो।वहीं, ग्रामीणों ने विधायक बाबूराम पासवान से भी मामले की शिकायत की है। ग्रामीण चाहते हैं कि संबंधित अधिकारियों के स्तर पर मामले की जांच कराई जाए और ऐसा समाधान निकाला जाए, जिससे रेलवे विभाग की कार्रवाई के साथ-साथ ग्रामीणों के आवागमन की समस्या का भी ध्यान रखा जा सके।फिलहाल शेरपुर रेलवे फाटक के पास रास्ते को लेकर विवाद बढ़ता नजर आ रहा है। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासन और रेलवे विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि संबंधित अधिकारी मामले को गंभीरता से लेते हुए उनकी समस्या का समाधान करेंगे।

पीलीभीत तिहरा हत्याकांड: परिजन बोले- आरोपियों का एनकाउंटर हो, घरों पर चले बुलडोजर; हाईवे किया जाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। अमरिया कस्बे में तिहरे हत्याकांड के बाद मंगलवार दोपहर परिजनों ने हरिद्वार हाईवे जाम कर दिया। उन्होंने आरोपियों के एनकाउंटर और घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की। सोमवार रात हुए हत्याकांड के बाद कस्बे में तनाव की स्थिति है। इसको देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात है।

पीलीभीत के अमरिया कस्बे में रामलीला मेला कमेटी के विवाद में दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की हत्या के बाद गुस्साए परिजनों ने मंगलवार दोपहर हरिद्वार हाईवे पर जाम लगा दिया। पीड़ित परिवार के लोगों ने आरोपियों का एनकाउंटर करने और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया। बाद में अपर पुलिस अधीक्षक ने ठोस कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। सोमवार रात हुए तिहरे हत्याकांड के बाद कस्बे में तनाव की स्थिति है। भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

दोपहर करीब 3:30 बजे बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष थाने जाने वाले मोड़ पर जमा हो गए थे। जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत करने का प्रयास किया। इस दौरान थाना प्रभारी अमित सिंह की पीड़ित परिवार के लोगों से नोकझोंक भी हुई। मामला बढ़ता देख अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खुलवाया गया। आक्रोशित लोग अपने घरों को लौट गए।

हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपी। -जागरण मोर्चा

पीलीभीत। जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित तथा वारंटी अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हजारा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे एक अभियुक्त को अवैध शस्त्र और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत 13 अक्टूबर को कार्रवाई करते हुए थाना हजारा पुलिस ने मु०अ०सं० 78/2026 धारा 109(1) बीएनएस में नामजद अभियुक्त गुरमेज सिंह (42 वर्ष) पुत्र अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया अभियुक्त ग्राम सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज, थाना हजारा, जनपद पीलीभीत का निवासी है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया 12 बोर का एक अवैध तमंचा, 12 बोर का एक जिंदा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस बरामद किया है। इस बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मामले में धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम (आर्म्स एक्ट) की बढ़ोतरी की है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ थाना हजारा में पहले से भी कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम में उप-निरीक्षक अतुल चौधरी, कांस्टेबल नन्दकिशोर, सौरभ शर्मा और रामअवतार सिंह शामिल रहे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

खराब मोबाइल फोन देने पर फ्लिपकार्ट ने लौटाए 52745 रुपये

पीलीभीत। ऑनलाइन खरीदे गए खराब मोबाइल की शिकायत का निस्तारण नहीं होने पर उपभोक्ता को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग से राहत मिली है। आयोग के आदेश के अनुपालन में फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड ने पंकज कुमार मिश्रा को 52,745 रुपये का चेक जारी किया है। बल्लभ नगर कॉलोनी निवासी पंकज ने 26 जुलाई 2024 को फ्लिपकार्ट से रियलमी जीटी-6 मोबाइल ऑर्डर किया था। इसकी कीमत 36,999 रुपये थी। हैंडलिंग और सुरक्षित पैकेजिंग शुल्क सहित उन्होंने कुल 37,147 रुपये चुकाए। डिलीवरी के बाद मोबाइल में खराबी आने पर तीन अगस्त को वह रियलमी सर्विस सेंटर पहुंचे, लेकिन समस्या दूर नहीं हुई। कंपनी को कानूनी नोटिस भेजने के बावजूद सुनवाई नहीं होने पर उपभोक्ता ने आयोग में परिवाद दायर किया।

वारदात रामलीला कमेटी के आय-व्यय के हिसाब को लेकर हुआ संघर्ष, आठ लोग हिरासत में

रामलीला कमेटी के विवाद में खूनी संघर्ष, तीन लोगों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस बल व जानकारी देते एसपी। -जागरण मोर्चा

अमरिया। कस्बे में रामलीला कमेटी के आय-व्यय के हिसाब को लेकर दो पक्षों के बीच चल रहा विवाद सोमवार रात खूनी संघर्ष में बदल गया। रात करीब 9:30 बजे हुई मारपीट और फायरिंग में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल का बरेली में उपचार चल रहा है और उसकी हालत सुरक्षित बताई गई है। घटना के बाद कस्बे में तनाव का माहौल है और पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, रामलीला कमेटी की नौ अक्टूबर को हुई बैठक में कौशल गुप्ता ने पिछले चार वर्षों के आय-व्यय का हिसाब मांगा था। इसी बात को लेकर कमेटी के अध्यक्ष सूरज गुप्ता और कौशल गुप्ता के बीच मतभेद चल रहे थे। दोनों पक्षों के बीच पहले भी कहासुनी होने की बात सामने आई है। सोमवार रात दोनों पक्षों के लोग एक विद्यालय में आयोजित बैठक से लौट रहे थे, तभी अमरिया कस्बे में विवाद बढ़ गया और लाठी-डंडे चलने लगे। प्रारंभिक जांच के अनुसार, इसी दौरान कौशल गुप्ता पक्ष के संतोष गुप्ता ने अपनी लाइसेंसी राइफल से फायरिंग की। अचानक हुई गोलीबारी से मौके पर भगदड़ मच गई और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना में अंकित गुप्ता, मोहित गुप्ता और कुणाल श्रीवास्तव की मौत हो गई, जबकि रोज गुप्ता घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित आठ लोगों को हिरासत में लिया है। मौके से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी राइफल, एक अवैध तमंचा, दो कारें और लाठी-डंडे बरामद किए गए हैं। एसपी पीलीभीत और डीआईजी बरेली ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा मृतकों के परिजनों से जानकारी ली। अधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस मृतकों के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



खेल-व्यापार 12
लखनऊ, बुधवार, 14 अक्टूबर 2026

फिर साथ दिखाई देंगे गांगुली और युवराज

आईपीएल 2027: दिल्ली कैपिटल्स टीम से जुड़े युवराज सिंह, गांगुली ने की जमकर तारीफ

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। आईपीएल 2027 सत्र के लिए होने वाली नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ युवराज सिंह जुड़े हैं। युवराज अगले साल होने वाले इस टूर्नामेंट में दिल्ली के ड्रेसिंग रूम में नजर आएंगे।

भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह आईपीएल 2027 से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हैं। युवराज दिल्ली की टीम में सहायक और बल्लेबाजी कोच बने हैं। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को वीडियो जारी कर इसकी घोषणा की है। 44 वर्षीय युवराज ने भारत की 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह इस फ्रेंचाइजी के साथ अपने आईपीएल कोचिंग करियर की शुरुआत करेंगे। उन्होंने हाल के वर्षों में कई स्थापित और उभरते हुए भारतीय क्रिकेटरों का मार्गदर्शन भी किया है। युवराज का दिल्ली फ्रेंचाइजी के साथ पहले से भी इतिहास रहा है। उन्होंने 2015 में रिकॉर्ड 16 करोड़ रुपये में दिल्ली कैपिल्स (तब डेयरडेविल्स) ज्वाइन किया था और उस सीजन के सभी 14 मैचों में खेले थे।

युवराज ने कहा, 'मैं दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। फ्रेंचाइजी के साथ मेरा पुराना नाता रहा है और मैं मालिकों को अच्छी तरह जानता हूं, जो इसे मेरे लिए एक विशेष अवसर बनाता है।' उन्होंने आगे कहा कि वह सौरव गांगुली और कोचिंग स्टाफ के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। अपने आईपीएल करियर के दौरान युवराज ने 132 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 2,750 रन बनाए और 36 विकेट लिए। पूर्व ऑलराउंडर युवराज ने अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों के साथ काफी करीब से काम किया है, जो अब भारतीय टीम के मुख्य स्तंभ बन चुके हैं। उन्होंने अपना अनुभव साझा करके उनके खेल को निखारने में मदद की है। युवराज कई अन्य खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में भी शामिल रहे हैं। अभिषेक के साथ उनका जुड़ाव विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है, जिनकी बदौलत इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने भारत के सबसे विस्फोटक टी20 बल्लेबाजों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने का उनका अनुभव दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग सेटअप के लिए एक मूल्यवान साबित होगा। पिछले कुछ वर्षों में कई युवा भारतीय सितारों को मार्गदर्शन देने के बाद, युवराज अब अपनी पहली औपचारिक कोचिंग भूमिका निभा रहे हैं क्योंकि यह फ्रेंचाइजी आईपीएल के अपने पहले खिताब के सूखे को खत्म करने की तलाश में है।

आईसीसी महिला रैंकिंग: कप्तान मंधाना ने शीर्ष पर दबदबा कायम रखा, पैरी की लंबी उछाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



दुबई। आईसीसी महिला रैंकिंग में स्मृति मंधाना ने अपना दबदबा कायम रखा है। मंधाना वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद हैं। वहीं, दीप्ति शर्मा को गेंदबाजों की रैंकिंग में नुकसान हुआ है।

भारत की नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना ने आईसीसी वनडे महिला बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान कायम रखा है। वहीं ऑस्ट्रेलिया की एलिसे पैरी मंगलवार को जारी ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में लौटी हैं। हाल ही में हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तान बनाई गई मंधाना 790 अंक के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। हरमनप्रीत नौवें स्थान पर हैं। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे नौवें स्थान पर खिसक गई हैं। महिला टी20 रैंकिंग में शेफाली वर्मा चौथे, मंधाना पांचवें और हरमनप्रीत 10वें स्थान पर हैं। महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीचरणी और दीप्ति शीर्ष दो में हैं। ऑलराउंडर की रैंकिंग में दीप्ति शीर्ष 10 में अकेली भारतीय हैं और चौथे स्थान पर हैं। वनडे ऑलराउंडरों की रैंकिंग में वह छठे स्थान पर हैं। टी20 और वनडे टीम रैंकिंग में भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर हैं।

हॉकी इंडिया ने पुरुष हॉकी टीम का किया एलान कृष्ण पाठक की वापसी, हरमनप्रीत को कमान

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा हो गई है। इस टीम में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, लेकिन गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक की वापसी हुई है।

हॉकी इंडिया ने मंगलवार को पंजाब में होने वाली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 के लिए भारतीय पुरुष टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 27 अक्तूबर से पांच नवंबर तक जालंधर और मोहाली में खेला जाएगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने जापान में हुए एशियन गेम्स में भारत को ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जिताया था, जहां टीम ने पहली बार अपने महाद्वीपीय खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। टीम में उन खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, जिन्होंने एशियन गेम्स में सफलता दिलाई थी। इससे निरंतरता बनी रहेगी, क्योंकि भारत घरेलू मैदान पर एशिया के प्रमुख हॉकी देशों का सामना करने की तैयारी कर रहा है। गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक की वापसी हुई है, जबकि युवा डिफेंडर अमनदीप लकरा और मिडफील्डर आदित्य अर्जुन लालागे को सीनियर टीम में अपनी जगह मजबूत करने का एक और मौका मिला है।

डरबन टेस्ट: मार्करम भी नहीं टाल सके दक्षिण अफ्रीका की हार, ऑस्ट्रेलिया की बड़े अंतर से जीत

जागरण मोर्चा कार्यालय



डरबन। दक्षिण अफ्रीका को ऑस्ट्रेलिया के हाथों पहले टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका के लिए एडेन मार्करम ने शानदार बल्लेबाजी की, लेकिन वह टीम की हार नहीं टाल सके।

जोश हेजलवुड की धारदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को पहले टेस्ट मैच में 214 रनों के बड़े अंतर से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन शिकंजा कस लिया था, लेकिन एडेन मार्करम ने दक्षिण अफ्रीका की वापसी कराई थी। हालांकि, पांचवें दिन मार्करम भी दक्षिण अफ्रीका की हार नहीं टाल सके। इस मैच में हेजलवुड ने दमदार प्रदर्शन किया और दूसरी पारी में छह विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के सामने 421 रनों का लक्ष्य रखा था, लेकिन मेजबान टीम दूसरी पारी में 206 रनों पर ऑलआउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्करम ने 75 रन बनाए, जबकि डेविड बेडिंघम ने 46, मार्को यानसेन ने 35 और वियान मुल्डर ने 29 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से हेजलवुड के अलावा मैट रेनशॉ ने दो विकेट झटके, जबकि मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस को एक-एक सफलता मिली। इस मैच के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष पर अपना दबदबा मजबूत किया, जबकि दक्षिण अफ्रीका तीसरे स्थान पर खिसक गई। ऑस्ट्रेलिया के 11 मैचों में नौ जीत और दो हार के साथ 108 अंक हैं और उसकी पीसीटी 81.82 प्रतिशत है। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड है जिसके छह मैचों में चार जीत और एक हार, एक ड्रॉ के साथ 52 अंक हैं। कीवी टीम की पीसीटी 72.22 प्रतिशत है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच मैचों में तीन जीत और दो हार से 36 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। उसकी पीसीटी 60.00 प्रतिशत है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 390 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में सिर्फ 284 रन पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया के पास पहली पारी के आधार पर 106 रन की बढ़त थी। इस टीम ने अपनी दूसरी पारी 314/6 के स्कोर पर घोषित करते हुए विपक्षी टीम को जीत के लिए 421 रन का विशाल दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने पांचवें दिन चार विकेट पर 104 रन से आगे पारी बढ़ाई, लेकिन वह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। अंतिम दिन ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए छह विकेट और दक्षिण अफ्रीका को 319 रन बनाने थे, लेकिन हेजलवुड की अगुआई में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को समेटने में ज्यादा देर नहीं लगाई।

रणजी ट्रॉफी राउंडअप: सिराज की कप्तानी में हैदराबाद ने दर्ज की बड़ी जीत, मुंबई और उत्तर प्रदेश ने भी मारी बाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी के तीसरे दिन मुंबई, हैदराबाद और यूपी ने अपने-अपने मुकाबले जीते और टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। मुंबई और यूपी ने बोनस अंक भी हासिल किए। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने रणजी ट्रॉफी में ग्रुप बी के शुरुआती मैच में हैदराबाद को त्रिपुरा पर बड़ी जीत दिलाई। वहीं, उत्तर प्रदेश और मुंबई ने भी अपने-अपने मैचों में तीन दिन के अंदर बड़ी जीत हासिल की। सिराज को शुरुआती दो मैचों के लिए हैदराबाद का कप्तान बनाया गया था। उन्होंने हैदराबाद के जिमखाना ग्राउंड पर टीम को एक पारी और 40 रन से शानदार जीत दिलाने में मदद की।

सिराज ने दूसरी पारी में दो विकेट लिए, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर तनाय त्यागराजन ने छह विकेट लेकर त्रिपुरा की टीम को 120 रन पर समेट दिया। रूथिक यादव मेंडे और अभिराथ रेड्डी ने भी एक-एक विकेट लिया। गेंदबाजी में तनाय मैच के स्टार रहे। उन्होंने मैच में कुल 9 विकेट लिए, जिसमें पहली पारी के तीन विकेट भी शामिल थे। उनके साथी बाएं हाथ के स्पिनर अनिकेत रेड्डी ने पहली पारी में पांच विकेट लिए, जिससे त्रिपुरा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 134 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में हैदराबाद के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। टीम को टॉप ऑर्डर और फिर निचले मध्यक्रम से अहम योगदान मिला।

ओपनर तन्मय अग्रवाल ने 54 रन बनाए, जबकि दूसरे ओपनर अभिराथ ने 32 रन बनाए। नंबर 3 पर आए गहलोत राहुल सिंह (5), प्रज्ञय रेड्डी (0) और कोडिमेला हिमातेजा (18) जल्दी आउट हो गए, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने टीम को संभाला। नंबर 6 पर आए रूथिक ने 150 गेंदों में 61 रन बनाए, जबकि नंबर 7 पर आए राहुल रादेश ने 119 गेंदों में 40 रन बनाए। वहीं, चामा वी मिलिंद ने 55 गेंदों में 40 रन बनाकर टीम का स्कोर 294 तक पहुंचाया, जो जीत के लिए काफी साबित हुआ।

उत्तर प्रदेश और मुंबई ने भी बड़ी जीत हासिल की। आर्यन जुयाल की कप्तानी वाली उत्तर प्रदेश टीम ने राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप ए के मैच में बिहार को एक पारी और 267 रनों से हराया। उत्तर प्रदेश की टीम ने पहली पारी में 540 रन बनाए। उत्तर प्रदेश की तरफ से माधव कौशिक (150) और रिंकू सिंह (112) ने शानदार शतक लगाए, जबकि आराध्य यादव (84) और जीशान अंसारी (58) ने अर्धशतक जड़े। जवाब में साकिबुल गनी की बिहार टीम 141 रनों पर ऑलआउट हो गई। ओपनर मंगल महरौर ने सबसे अधिक 25 रन बनाए। कार्तिक यादव और करण शर्मा ने मिलकर आठ विकेट लिए - दोनों ने चार-चार विकेट चटकाए। उत्तर प्रदेश ने बिहार को फॉलोऑन दिया और मेजबान टीम दूसरी पारी में भी कुछ खास नहीं कर पाई। जीशान अंसारी ने चार विकेट लिए, जबकि करण और कार्तिक ने क्रमशः तीन और दो विकेट चटकाए, जिससे बिहार की टीम 132 रनों पर सिमट गई और उत्तर प्रदेश ने बड़ी जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश को इस जीत से बोनस अंक सहित सात अंक मिले।

मुंबई ने रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में मंगलवार को चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मुंबई ने तीन दिन के अंदर जीत दर्ज की और बोनस अंक भी हासिल किया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई के गेंदबाजों ने चंडीगढ़ की दूसरी पारी में भी शानदार प्रदर्शन किया। मुंबई ने इससे पहले सोमवार को मैच के दूसरे दिन चंडीगढ़ की पहली पारी महज 78 रन पर समेट कर 351 रन की बढ़त हासिल कर उसे फॉलोऑन दिया। मुंबई के गेंदबाजों ने मंगलवार को मेहमान टीम की दूसरी पारी 52.1 ओवर में 196 रन पर समेट दी।





फीकी पड़ी सोने की चमक, रुपया मजबूत होते ही 400 रुपये गिरा भाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। मंगलवार को दिल्ली में सोने के दाम लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरे। मजबूत होते रुपये के कारण आयातित कीमती धातु की घरेलू दरें प्रभावित हुईं। 10 ग्राम सोने का दाम 400 रुपये घटकर 1.52 लाख रुपये हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्ध धातु का दाम 400 रुपये कम होकर 1,52,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। सोमवार को यह 1,53,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी भी 500 रुपये गिरकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पहले यह 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। रुपया लगातार तीसरे सत्र में मजबूत हुआ।

यह डॉलर के मुकाबले 40 पैसे बढ़कर 95.38 पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक के उपायों ने रुपये को सहारा दिया। इन उपायों का उद्देश्य डॉलर की हाजिर मांग को कम करना था। विदेशी मुद्रा बाजार में अत्यधिक स्थिति को नियंत्रित करना भी इसका लक्ष्य था।

घरेलू बाजार में मंगलवार को सोने के दाम दबाव में रहे। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का मजबूत होना था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने यह जानकारी दी। उनके अनुसार, पिछले दो सत्रों में रुपया 1.5 फीसदी से अधिक मजबूत हुआ है। व्यापारियों का कहना है कि रुपये की मजबूती से डॉलर-मूल्यवान बुलियन के आयात की लागत घट जाती है। इससे घरेलू कीमतों पर दबाव बनता है। वैश्विक बाजार में हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 4,184.73 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। वहीं, चांदी 60.33 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही। ब्रोकरेज मंच लेमन के अनुसंधान प्रमुख गौरव गर्ग ने कहा। उन्होंने बताया कि मजबूत अमेरिकी डॉलर के बावजूद सोना और चांदी विदेशी बाजारों में बढ़ रहे हैं।



जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No .UPHIN2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।